गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

अजय भारत

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, गुरूवार 5 नवम्बर 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया



केंद्रीय कैबिनेट में अग्निवीरों के लिए केंद्र सरकार का फैसला

75% की आर्मी में होगी भर्ती,2 साल का सेवा विस्तार

नयी दिल्ली । केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देने के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू हुई. इस दौरान कई फैसलों को मंजूरी दी गई, जिसमें अग्निवीरों को लेकर खास ऐलान किया गया है. पहले सिर्फ 25 फीसदी सेना में जाने का प्रावधान. हालांकि, अब ये आंकड़ा बड़ा कर 75 फीसदी कर दिया गया, वो भी 2 साल के लिए इसके बाद सभी 75 फीसदी लोगों का चुनाव सेना के पैमाने के तहत ही किया जाएगा। 2 साल पूरा होने के बाद 75 फीसदी अग्निवीर सेना में आ पाएंगे. इस दौरान उन्हें ज्यादा पैसे भी मिलेंगे। बता दें कि अग्निवीर का पहला बैच का 4 साल खत्म होने वाला है। केंद्र सरकार ने अग्निवीरों के अलावा ग्रिड स्केल एनर्जी स्टोरेज को भी मंजूरी दी है। कैबिनेट ने क्रिटिकल मिनरल्स को लेकर फैसला किया, जहां क्रिटिकल कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, सबसे पहले, मैं हमारे क्लीन एनर्जी मिशन से जुड़े एक बड़े फैसले के बारे में बताना चाहूंगा। भारत



मिनरल्स की प्रोसेसिंग की जाएगी। कैबिनेट ब्रीफिंग में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, बुधवार की ने इस क्षेत्र में अपने प्रदर्शन से नए मानक स्थापित किए हैं और दुनिया भर में पहचान बनाई है. आज कैबिनेट ने 92 जीडब्ल्यूएच की ग्रिड-स्केल एनर्जी स्टोरेज योजना को मंजूरी दी है. कैबिनेट ने 850 फास्ट-ट्रैक कोर्ट को मजबूत करने और उनके विस्तार को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से बच्चों के शोषण और बलात्कार के मामलों से निपटा जा सके. हमारी सरकार का पक्का संकल्प है. समाज में जब भी इस तरह की समस्याएं या खतरे सामने आएं चाहे वह महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हो या अगली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए कोई खतरा हम सख्त और निर्णायक कदम उठाएंगे. इसमें मौजूदा कानूनों का पूरी तरह से इस्तेमाल करना, जरूरत पड़ने पर नए कानून बनाना और कानूनों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना शामिल है।

नशे में रहने वाला जनताको नशेसे नहीं बचा सकता-राहुल

पंजाब । संगरूर के गांव फगुवाला में कांग्रेस की इंसाफ रैली में राहुल गांधी ने मान सरकार और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सबसे पहले मंच पर मौजूद दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता का जिक्र किया।



नौसेना के दो अधिकारियों का होगा कोर्ट मार्शल

नयी दिल्ली । मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र के पलटने की घटना के करीब दो साल बाद नौसेना ने दो अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट मार्शल की कार्रवाई शुरू कर दी है। आपको बता दें कि इस घटना में जहाज के कमांडिंग ऑफिसर (कैप्टन) और ऑफिसर ऑफ द डे (लेफ्टिनेंट कमांडर), दोनों अधिकारियों पर ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है।इसके अलावा कैप्टन पर युद्धपोत को खतरे में डालने का अतिरिक्त आरोप भी लगा है।21 जुलाई 2024 को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में मरम्मत के दौरान भारतीय नौसेना के युद्धपोत ड्रहस् ब्रह्मपुत्र में आग लग गई थी। युद्धपोत में लगी इस आग बुझाने के लिए जहाज में बड़ी मात्रा में पानी डाला गया।

केन्द्र ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए 17,314 करोड़ की दो परियोजनायें को दी मंजूरी

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें 92 जीडब्ल्यूएच ग्रिड-स्केल ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए 14,500 करोड़ रुपये का व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण शामिल है। इसके अतिरिक्त, लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने हेतु 2,814 करोड़ रुपये की योजना को भी हरी झंडी मिली इन दोनों योजनाओं के लिए कुल 17,314 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। ये निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को इन फैसलों की जानकारी दी। ऊर्जा भंडारण योजना वित्तीय वर्ष 2027 से वित्तीय वर्ष 2031 के बीच लागू होगी। यह भारत के 2030 तक 500 जी डब्ल्यू नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी। यह विकास भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है इस योजना का उद्देश्य तीन प्रौद्योगिकियों में 92 जीडब्ल्यूएच भंडारण क्षमता का विकास करना है। इनमें बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (30 जीडब्ल्यूएच) शामिल है। पंप भंडारण परियोजनाएं (60 जीडब्ल्यूएच) भी इस योजना का हिस्सा हैं। उभरती भंडारण प्रौद्योगिकियां (2 जीडब्ल्यूएच) भी विकसित की जाएंगी। यह योजना पांच वर्षों तक यानी 2030-31 तक कार्यान्वित की जाएगी। व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण से इन परियोजनाओं को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने में मदद मिलेगी।





मंदिर में पूजा करने जा रही किशोरी को खींचकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

मीरगंज (आज ब्यूरो)। शाही थाना क्षेत्र के एक गांव में आज सुबह मंदिर में पूजा करने जा रही एक किशोरी को गांव के युवक ने जबरन अपने घेर में खींच लिया और कमरे में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया शोर मचाने पर आरोपी ने किशोरी को कमरे में बंद कर बाहर से कुंडा लगा दिया। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार शाही थाना क्षेत्र के एक गांव में आज बुधवार की सुबह एक किशोरी मंदिर में पूजा करने को जा रही थी। आरोप है कि गांव के मुकेश ने रास्ते में जबरन अपने घेर में खींच लिया और कमरे में ले जाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया शोर मचाने पर आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट की और कमरे में बंद कर बाहर से कुंडा लगाकर फरार हो गया शोर की आवाज पर पड़ोस में रह रहे किशोरी के मामा और मामी ने कमरे का कुंडा खोलकर किशोरी को बाहर निकाला। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई जिसने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। बाद में किशोरी की मां ने उक्त आरोप लगाते हुए उक्त आरोपी के खिलाफ थाने पर तहरीर दी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

बीडीए ने रचा निवेश का नया कीर्तिमान 125 करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व



बरेली (आज समाचार सेवा)। प्रदेश सरकार के सुनियोजित शहरी विकास के विजन को साकार करते हुए बीडीए ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रामगंगा नगर एवं ग्रेटर बरेली आवासीय योजना की संपत्तियों के लिए आयोजित निविदा-सह-नीलामी में रिकॉर्ड 283 आवेदकों ने प्रतिभाग किया तथा 106 भूखंडों के आवंटन से प्राधिकरण को लगभग 125 करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ। प्राधिकरण कार्यालय में प्रारंभ हुई नीलामी आवेदकों के अभूतपूर्व उत्साह एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते लगभग 16 घंटे चली। उपाध्यक्ष सुश्री सौम्या पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित इस नीलामी में वे स्वयं देर रात तक उपस्थित रहीं तथा समस्त अधिकारियों के साथ उन्होंने सभी कार्रवाइयां पूर्ण कराईं। नियमानुसार संपूर्ण कार्यवाही पूरी पारदर्शिता के साथ पूर्ण हुई, जिससे प्रत्येक आवेदक को समान अवसर प्राप्त हुआ। नीलामी में 438 भूखंड (371 व्यावसायिक एवं 67 आवासीय) रखे गए थे, जिनके लिए आवासीय श्रेणी में 172 तथा व्यावसायिक श्रेणी में 111 आवेदकों ने प्रतिभाग किया।

एनकेप : 84 करोड़ से 82 सड़को की बदलेगी सूरत

प्रक्रिया पूरी, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य, हरियाली व पर्यावरण सन्तुलन के साथ होगा निर्माण, लगेंगे वृक्ष



एनकेप के तहत शहर की 82 सड़कों का निर्माण कराया जायेगा। जिसमें 84 करोड़ का बजट है, सम्बन्धित प्रक्रियायें पूर्ण कर ली गयी हैं, शीघ्र ही सड़कों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा, खास बात यह है कि पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के संकल्प के साथ हरे-भरे वृक्ष भी रोड साइड आदि लगाये जायेंगे।
संजीव कुमार मौर्य
नगर आयुक्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। जल्द ही शहर की 82 सड़कों की सूरत बदली नजर आयेगी। खास बात यह है कि प्रदूषण नियंत्रण पर्यावरण संरक्षण के संयुक्त प्रयासों के साथ की गई कवायद के चलते सड़के पर पेड़ की हरियाली नजर आयेगी। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि एक केप में शहर की 82 सड़कों की कायाकल्प होगी। इस सड़कों के निर्माण पर 84 करोड़ का व्यय होगा। एनकेप के तहत बनायी जाने वाली इन सड़कों की साइड पटरी व निर्धारित स्थान पर वृक्षारोपण किया जायेगा जिससे शुद्ध हवा लोगों को मिलेगी साथ ही हरियाली भी नजर आयेंगी। खास बात यह है कि एनकेप के तहत वनने वाली सड़कों को प्रदूषण नियंत्रण व पर्यावरण संरक्षक के मानको अनुरूप निर्माण होगा। नगर आयुक्त ने बताया कि अक्टूबर माह में ही इन सभी सड़कों से सम्बन्धित टेण्डर आदि की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी। बता दें कि किला, कटघर समेत चिन्हित 84 सड़कों का निर्माण ऐनकेप के तहत कराया जायेगा। फिलहाल प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त अब जल्द ही शहर में चिन्हित 84 सड़कों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जायेगा।

गांधी उद्यान में आकर्षक परफारमेंस स्टेज बनेगा आकर्षण

बरेली, अब गांधी उद्यान पार्क में आपको आर्कषण स्टेज नजर आयेगी। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि गांधी उद्यान पार्क में आकर्षक परफारमेंस स्टेज लोगों के लिए तैयार है, इसमें आकर्षक पेटिंग वातावरण को नया लुक देगा। वहीं उन्होंने बताया कि इस स्टेज पर प्ले आदि का भी परफारमेंस कर सकेंगे वहीं स्टेज के सामने बैठने के लिए भी सीट आदि लगवायी जा रहीं हैं, जिससे कि परफार्मेस को लोग बैठकर इनज्वॉय कर सकेंगे। खास बात यह भी है कि आकर्षक म्यूजीकल पेटिंग लोगों के लिए इनज्वॉय करने में सार्थक होगी। फिलहाल जल्द ही स्टेज पर आप परफारम कर सकते हैं, जहां एक संगीतमय वातावरण सुकून प्रदान करेगा।

06 से 30 नवम्बर तक होगा राशन वितरण

बरेली (आज समाचार सेवा)। जिला पूर्ति अधिकारी ने मनीष कुमार सिंह ने समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के मध्य माह नवम्बर 2026 के सापेक्ष दिनांक 06 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण कराया जाएगा। अन्त्योदय योजनान्तर्गत प्रति कार्ड 21 किग्रा0 गेहूं, 14 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न) एवं पात्र गृहस्थी के अन्तर्गत प्रति यूनिट 03 किग्रा0 गेहूं, व 02 किग्रा चावल, (कुल 05 किग्रा0) का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा।

दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला वांछित गिरफ्तार

मीरगंज (आज ब्यूरो)। थाना मीरगंज और थाना शाही की संयुक्त पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थाना शाही पर पंजीकृत मामले में वांछित आरोपित वीरेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपित पर 4 जून को घर में घुसकर नशीला पदार्थ खिलाकर किशोरी से दुष्कर्म करने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डराने का आरोप है। शाही और मीरगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से आरोपित को मीरगंज के नल नगरिया/पैग़ानगरी तिराहे से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिखापढ़ी की।जानकारी के अनुसार 4 जून 2026 को थाना शाही में मामला पंजीकृत कराया गया था कि गांव गिरधरपुर निवासी आरोपित वीरेंद्र 4 जून दोपहर के समय पीड़िता के घर में घुस गया और नशीली कोई चीज खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे डराया-धमकाया। पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ मीरगंज के स्तर से थाना शाही व थाना मीरगंज की संयुक्त टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मामले में पॉक्सो धारा की बढ़ोतरी की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी शाही आशुतोष द्विवेदी,मीरगंज थाने के उपनिरीक्षक पवन कुमार शामिल रहे।

साप्ताहिक बाजार के पीछे मैदान में लगेगी पटाखा बाजार,तहसील प्रशासन ने दी अनुमति

मीरगंज (आज ब्यूरो)। मीरगंज में पटाखा बाजार लगने की शंका दूर हो गई है। तहसील प्रशासन ने तीन दिवसीय सशर्त अनुमति देते हुए हिदायत की है कि पटाखा बाजार चयनित स्थान पर ही लगेगी जिसमें लाइसेंस होल्डर ही पटाखा बिक्री कर सकेंगे, बिना लाइसेंस और निर्धारित स्थान से कही ओर पटाखा बिक्री करने पर प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा। पटाखा बिक्री के लिए स्थान साप्ताहिक बाजार के पीछे मैदान को दर्शाते हुए विक्रेताओं ने एसडीएम निधि शुक्ला से बिक्री की अनुमति मांगी थी। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम ने विक्रेताओं को सशर्त अनुमति देते हुए निर्धारित मैदान में ही पटाखा बिक्री करने के लिए तीन दिवसीय अनुमति प्रदान की कि है जो धनतेरस छोटी और बड़ी दीपावली तक ही मान्य होगी। निर्धारित स्थान से कही ओर आतिशबाजी की बिक्री होती पाए जाने पर विक्रेता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ऐसा पुलिस को भी एसडीएम ने निर्देशित किया है। आदेश मिलने के बाद मैदान में आतिशबाजी की दुकानों अस्थायी निर्माण शुरू हो गया है। बाजार को शांति पूर्वक चलने के लिए पुलिस भी तैनात की जाएगी। व्यापार मण्डल ने भी पटाखा व्यापारियों से निर्धारित स्थान पर पटाखा बिक्री कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

वांछित आरोपी गिरफ्तार

आंवला (आज ब्यूरो)। आंवला थाने की पुलिस ने बुधवार को वांछित आरोपी पवन उर्फ कालू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया।करीब 23 साल का पवन ग्राम नगरिया सत्तन, थाना आंवला, बरेली का रहने वाला है।पुलिस के मुताबिक, 18 अक्टूबर 2026 को मिली शिकायत के आधार पर आंवला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मामले में संबंधित कानूनी धाराएं बढ़ाई गईं।थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम इलाके में गश्त कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम ने ग्राम नगरिया सत्तन में दबिश दी और पवन को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक होराम सिंह और हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार शामिल थे।

पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव ने किया साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन

आंवला (आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के रामनगर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरदासपुर में स्थानीय ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है। बुधवार को यहाँ एक भव्य साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया गया है, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में फीता काटकर किया। इस दौरान उद्घाटन स्थल पर वृक्षारोपण भी किया गया। बाजार के संस्थापक और ग्राम प्रधान लल्लाबाबू यादव के सौजन्य से मुख्य अतिथि के हाथों बाजार में आए दुकानदारों को प्रोत्साहन इनाम भी वितरित किए गएबाजार के भव्य उद्घाटन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य अरविंद यादव, समाजसेवी डॉक्टर जीराज यादव, धीरेंद्र यादव, अजय यादव, दुष्यंत यादव, वीरेश यादव, लाल विनोद यादव, विजय यादव और कोप सिंह यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बाजार समिति और ग्रामवासियों ने सभी अतिथियों का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।बाजार के संस्थापक व ग्राम प्रधान लल्लाबाबू यादव ने बताया कि यह बाजार सप्ताह में दो दिन—बुधवार और शनिवार को लगाया जाएगा। इस बाजार के शुरू होने से क्षेत्र की जनता को अब रोजमर्रा की जरूरतों और घरेलू सामान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दुकानदारों और ग्राहकों के लिए बैठने, पीने के पानी और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की गई है, जिसे भविष्य में और बेहतर किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि बहुत जल्द इस बाजार में नखासे (पशु बाजार) की भी व्यवस्था की जाएगी,उन्होंने बाजार समिति को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

बारादरी पुलिस ने 24 घंटे में किया बाइक चोरी की घटना का खुलासा

बरेली (आज समाचार सेवा)। थाना बारादरी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का महज 24 घंटे के अंदर सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सादाब पुत्र गौस मोहम्मद निवासी मोहल्ला खकरुरिया घाट, थाना इज्जतनगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 26 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का पहले से भी चोरी और अन्य आपराधिक मामलों का इतिहास रहा है।पुलिस के अनुसार, वादी ने 4 नवंबर 2026 को थाना बारादरी में लिखित शिकायत देकर बताया था कि 2 नवंबर को उनकी पैशन प्रो मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर बारादरी थाने में मुकदमा अपराध संख्या 1370/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार सादाब के खिलाफ वर्तमान मुकदमे सहित चोरी, वाहन चोरी, धोखाधड़ी, कूटरचना और आर्म्स एक्ट से संबंधित कुल 13 मुकदमों का विवरण सामने आया है। इनमें वर्ष 2017 से 2024 तक बारादरी, इज्जतनगर और भोजीपुरा थानों में दर्ज 12 पुराने मुकदमे शामिल हैं।इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बिकेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी ककरपुर मनेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी रुहेलखंड नितिन राणा, हेड कांस्टेबल विनीत कुमार और कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल रहे।

सोते समय पत्नी पर डीजल उड़ेलकर जान से मारने का प्रयास

शीशगढ़ (आज ब्यूरों)। कस्वा निवासी एक महिला ने अपने पति पर कथित तौर पर उसके सोते हुए डीजल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शीशगढ़ थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कस्वे के गढ़ी मोहल्ला निवासी अफ़साना ने पुलिस को बताया है कि उसकी शादी कुछ साल पहले मोहल्ला गढ़ी के ही तौफीक उर्फ गुड्डू के साथ हुई थी।पीड़िता का आरोप है कि 28 अक्टूबर की रात जब वह घर में सो रही थी।

टांडा छंगा चोरी मामले में जांच को पहुंची एस ओ जी टीम

शीशगढ़ (आज ब्यूरो)। टांडा छंगा गांव में दो बन्द मकानों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने घटना स्थलों का निरीक्षण कर घरों के आस पास लगे सी सी टी वी फुटेजों को खंगाला। घटना स्थलों पर पहुंची और सी सी टी वी फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश में अपने साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिए है बताते चलें कि मंगलवार की रात अज्ञात चोरो ने टांडा छंगा गाँव में दो बन्द घरों को निशाना बनाकर चोर दोनों घरों के ताले काटकर लाखों के ज़ेवर,नगदी और कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए थे।

दशहरा मेले की सफलता पर रोटरी क्लब ने सदस्यों को किया सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। रोटरी क्लब बरेली साउथ द्वारा आयोजित 40वें विराट दशहरा मेले की शानदार सफलता के उपरांत जसोरिया फार्म्स में दीपावली एवं मेला उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने उत्साह, उमंग और आपसी सौहार्द के साथ दीपावली का पर्व मनाया। मेले के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष रोहित जिंदल, सचिव शिशिर पांडेय, मेला डायरेक्टर अंकुर बंसल, सह मेला डायरेक्टर नयन अग्रवाल एवं अनुराग गोयल का क्लब सदस्यों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभी सदस्यों को दीपावली उपहार भेंट कर उनके सहयोग, समर्पण और सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया।मेले के आयोजन में विशेष सहयोग के लिए घनश्याम खंडेलवाल, रागिनी खंडेलवाल, डॉ. आई.एस. तोमर एवं डॉ. रवि मेहरा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोहित जिंदल ने कहा कि 40वें विराट दशहरा मेले की शानदार सफलता सभी सदस्यों की सामूहिक मेहनत, एकजुटता और सेवा भावना का परिणाम है। सभी के सहयोग से ही क्लब सामाजिक सेवा के कार्यों को निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है।कार्यक्रम के आयोजन में प्रीति जिंदल, मनीषा पांडे, अंजली बंसल, नीतू गोयल, रीमा अग्रवाल, इंदु सेठी, कविता अग्रवाल, नीना टंडन, रति गुप्ता, रेखा खंडेलवाल, स्वीटी मित्तल, डी सी खंडेलवाल, वीरेश मित्तल, मनोज सेठी, विवेक अग्रवाल, पंकज टंडन एवं अपूर्व गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अनुपम कपूर ने किया।

एम.जे.पी. रोहिलखंड विश्वविद्यालय के एप्लाइड मैथमेटिक्स विभाग में फ्रेशर्स पार्टी 'नोवा-26' का आयोजन

बरेली (आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के एप्लाइड मैथमेटिक्स विभाग में आज एम.एससी. गणित प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी *"नोवा-26' * का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार, प्रो. मदन लाल, प्रो. राम केवल सहित विभाग के अन्य शिक्षकगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहेकार्यक्रम के दौरान एम.एससी. गणित प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को उत्साह, उमंग और उल्लास से भर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गयाकार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मिस्टर फ्रेशर्स का खिताब ऋषभ मिश्रा एवं मिस फ्रेशर्स का खिताब डॉली गंगवार को प्रदान किया गया।

बरेली सिनेमा
जगत में
ता 30 से रोजाना 3 शो
रेट 40 60
जेलर-2
पात्र- रजनी कांत

गगन चुम्भी आतिशबाजी के साथ हुआ पुतलों का दहन

शीशगढ़ (आज ब्यूरो)। कस्बे में बुधवार को असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया गया।मेले में कुम्भकर्ण और रावण के वध के मंचन के बाद दोनों के पुतलो को मेला प्रांगण में एक साथ जलाया गया। ज्ञात हो कि एसडीएम मीरगंज की अध्यक्षता में शीशगढ़ में चल रहे 25 दिवसीय मेले में बुधवार 24 वें दिन कुम्भकर्ण और रावण वध की लीला का मनोहारी मंचन के बाद मेला प्रांगण में कुम्भकर्ण और रावण दोनों के पुतलो का दहन कर दिया गया।लीला के मंचन में दिखाया गया कि लंकापति की आन की खातिर बेचारे कुम्भकर्ण ने अपने प्राण दाव पर लगा दिए और वीरगति को प्राप्त हो गया। इस मौके पर मेला कमेटी के सदस्य राम औतार मौर्य,प्रमोद देवल,संजीव रस्तोगी,शनि गंगवार,दीपक रस्तोगी,लालता प्रसाद राठौर,सभासद त्रिमल सिंह राठौर,ठाकुर शिव कुमार सिंह, जसवंत राठौर,रमेश राजपूत, अमित राठौर,अंकित राठौर आदि मौजूद रहे।

न्यायालयों में रिमांड की फाइलें लंबित,नोटिस भेजने की मांग की

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के न्यायालयों में रिमांड पर भेजी गई फाइलों पर समय से कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे पक्षकार परेशान हैं। आंवला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित गंगा प्रसाद शर्मा ने बताया कि एसडीएम आंवला को शिकायत पत्र सौंपकर मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है। पत्र में शर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी, एसडीएम और एसडीएम (न्यायिक) आंवला के न्यायालयों से कई वाद अंतिम निस्तारण के लिए तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक और नायब तहसीलदार के न्यायालयों में भेजे जाते हैं। ये न्यायालय आंवला, सिरौली और रामनगर में हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालयों के आदेश के बावजूद ये फाइलें निचले न्यायालयों में लंबे समय तक बिना कार्रवाई के लंबित रहती हैं।शर्मा ने एसडीएम से अधीनस्थ न्यायालयों को निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि संबंधित न्यायालय सभी पक्षकारों को नोटिस भेजें और जल्द कानूनी कार्रवाई शुरू करें, ताकि वादों का अंतिम निस्तारण हो सके।

किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र वितरित

मीरगंज (आज ब्यूरों)। गन्ना उत्पादन बढ़ाने और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से फॉरएवर ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एफजीईएल) शुगर यूनिट मीरगंज की ओर से गन्ना किसानों को अनुदानित दरों पर कृषि यंत्र वितरित किए गए।गन्ना एवं उन्नत शील किसानों को गन्ना उपज बढ़ाने हेतु कृषि यंत्रों जैसे की पड़ी प्रबंधन डिवाइस (आरएमडी), ट्रेंच ओपनर सिंगल, ट्रेंच ओपनर डबल, मिट्टी पलट हाल, गेहूं गन्ना साथ बोने वाली मशीन(एफ आईआरबी) का अनुदानित दरों पर कृषकों के लिए वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के प्रति प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान यूनिट हेड उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह राणा, महाप्रबंधक (गन्ना) प्रदीप कुमार राठी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजपाल सिंह, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति अशोक कुमार सिंह आदि ने मौजूद रहकर गन्ना किसानों को गन्ना उत्पादन बढ़ाने को लेकर उन्नत प्रजातियों की आधुनिक विधियों की जानकारी देने के साथ प्रोत्साहित किया। यूनिट हेड विजय वीर सिंह राणा ने कहा के प्रबंधन गाना क्षेत्र और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में किसानों के साथ पड़ा है गन्ना विभाग कार्यालय से संपर्क कर जानकारी और मिल प्रबंधन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है।

युवाओं ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया, आगामी विधानसभा चुनाव में सक्रिय भागीदारी की अपील

आंवला (आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के मझगवां ब्लॉक में बुधवार को युवा सम्मेलन हुआ। यह कार्यक्रम बिहारीपुर देह जागीर मोड़ पर पूर्व प्रधान देशपाल की मार्केट परिसर में आयोजित किया गया।डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। इसमें क्षेत्र के युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। मझगवां ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।यशवंत सिंह ने कहा कि युवा देश और समाज की रीढ़ हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाजहित के कामों में आगे आने की अपील की। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया।डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने युवाओं से समाज के विकास में योगदान देने को कहा। सम्मेलन में शामिल युवाओं ने नशे से दूर रहने और जनहित के कामों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में अंतपुर के प्रधान पति और प्रशासक किशन कुमार, अंतपुर के कोटेदार और सत्तारनगर, कुंडरिया, फैजुल्लापुर, कमालपुर व बिहारीपुर समेत आसपास के गांवों के नागरिक, बुजुर्ग और युवा मौजूद रहे।

न्यूज अपडेट

10 दिन के भीतर एक ही दुकान मे लाखो की चोर

बहेड़ी(आज ब्यूरो)। नगर मे चोरो के हौसले बुलन्द है। नगर के नैनीताल रोड मुख्य बाजार स्थित एक नैना कन्फेशनरी को चोरो ने10 दिन के भीतर दूसरी बार निशाना बनाया है। इस बार चोर दुकान के गल्ले मे रखे एक लाख रुपये से अधिक नकदी लेकर फरार हो गए इससे पूर्व बीती 25 अक्टूबर को भी इसी दुकान मे चोरी हुई थी। उस दौरान चोरो लगभग 90हजार रुपये और सामान चोरी कर ले गए थे। दोनों घटनाए दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरो मे कैद हुई है। नगर के मोहल्ला मदार निवासी शाकिर की दुकान नैनीताल रोड पर साई सुधा कम्पेलक्स के सामने स्थित है। शाकिर के अनुसार बीती 25अक्टूबर की रात्रि चोरदुकान मे घुसे थे। वे दुकान के ऊपर से पेड के रास्ते अन्दर पहुँचे और गल्ले मे रखे करीब 90हजार रुपये और सामान चोरी कर ले गए। एक ही दुकान मे दिनके भीतर दो बार चोरी होने से व्यापारी और उनका परिवार अपने आप को सुरक्षिव नही समझ रहाहै। र्यवाही किए जाने की भाँग की है।

दंबगो ने घर में घुसकर की मारपीट मुकदमा दर्ज

बहेडी(आज ब्यूरो)। चाचा की शादी मे आए भतीजो को रंजिश के चलते लोगों द्वारा मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायलो का मेडिकल कराकर रिर्पोट दर्ज कर ली है।जानकारी के अनुसार थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम तुलसनपुर निवासी इमरान पुत्र जाफर ने दर्ज कराई गई रिर्पोट मे कहा है कि बीती 25 अक्टूवर को उसके चाचा की शादी थी। उसी दिन विपक्षी वीरशाह, शब्बीर शाह, मोहम्मद शाह और मोहब्बत शाह ने उससे पुरानी रंजिश मे चलते भद्दी - भद्दी गालियाँ देते हुए उसके घर मे घुस आए। और सभी की घेरकर हात घूसो लाठी डण्डो से मारना पीटना शुरू कर दिया, आस पास पडौस के लोगों ने आकर बचाया। हमलावर जाते जाते जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले ।

पिटाई के वायरल वीडियो मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

आंवला (आज ब्यूरो)। आंवला में एक व्यक्ति को फरसे और लाठी-डंडों से पीटने के वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने बुधवार को बताया कि सचिन सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, सचिन के पास से 12 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया डंडा भी मिला।पुलिस पूछताछ में सचिन ने बताया कि उसके दोस्त तरुण का मोहल्ले के सुमित गुप्ता की बेटी से प्रेम प्रसंग था। 15 अक्टूबर को तरुण और युवती बरेली के फीनिक्स मॉल गए थे। इसकी जानकारी मिलने पर युवती के परिजनों ने तरुण के साथ मारपीट की थी। इस मामले में बिथरी चैनपुर थाने में केस दर्ज हुआ था।पुलिस के मुताबिक, इसी बात का बदला लेने और मोहल्ले में हुई गाली-गलौज का हिसाब चुकता करने के लिए सचिन, तरुण, वरुण, सुदेश, नवीन और गौरव ने सुमित गुप्ता पर हमला किया था।थाना पुलिस वांछित आरोपियों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सचिन विलायतगंज से ग्राम अलीनगर जाने वाले कच्चे रास्ते पर खड़ा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल कामेश्वर सिंह, रिक्रूट कांस्टेबल गौतम कुमार और रिक्रूट कांस्टेबल आर्यन राठौर शामिल थे।

आटोअटैचमेन्ट की सूची मे बहेडी की चार राईस मिलो को शामिल नही किया ज्ञापन सौपा

बहेडी(आज ब्यूरो)। सरकारी थान क्रय केन्द खरीद व्यवस्था की आँटो अटैचमेन्ट सूची मे बहेडी की चार राइस मिलो को शामिल नही किया गया है। बहेडी राइस मिलर्स एसोशियशन ने आरएफसीको ज्ञापन देकर हस्तक्षेप की माँग कीहै।एसोशिएशन के अध्यक्ष नईम अहमद नेताजी ने कहा है कि मिलो को उनकी क्षमता के अनुसार धान खरीद केन्द्रो से नही जोड़ा गया तो मिलो और वहाँ काम करने वाले मजदूरो की आजीविका पर असर पड सकता है। एसोशिएशन के अध्यक्ष नईम अहमद नेता जी की ओर से दिए गए ज्ञापन भे कहा गया है कि शासन ने मिलो और घान केन्द्रो की आंटो अटैचमेन्ट सूची जारी की है। इसमें कुछ मिलो को कोई केन्द्र नही मिला है। जबकि कुछ को केवल एकया दो केन्द दिए गए है। एसोशिएशन ने इसे असमान व्यवहार बताते हुए क्षमता के अनुसार केन्द्र आंवटित करनेकी भाँग की है।

दूसरी पत्नी सहित मिले मारपीट कर घायल कर दिया

बहेडी(आज ब्यूरो)। पत्नी और चार बच्चों को छोड कर पति ने दूसरी शादी कर ली। और बच्चो का खर्चा देना भी बन्द कर दिया।पत्नी किराये पर रह रही है। किराया माँगने पति के घा र पहुंची तो उक्त पति एवं उसकी दूसरी पत्नी ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना बहेडी मे पति और सौत के विरुद्ध नामजद रिर्पोट दर्ज कराई गई है।जानकारी के अनुसार थाना बहेडी क्षेत्र के ग्रामभोगपुर निवासी फरजाना पत्नी नबाब शाह ने थाने मे दर्ज कराई गई रिर्पोट मे कहा है कि बीती 31 सितम्बर को वह ग्राम भोगपुर अपने घर पहुंची, तभी उक्व नवाव शाह से उसने बच्चो का खर्चा भांगा । इसी बात पर नबाब शाह और उसकी इसरी पत्नी गुलशन ने भद्दी - भद्दी गलियाँ से हुए लाठी डण्डो से मारपीट कर घर से निकाल दिया। और वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीडित विवाहिता ने उक्त पति पत्नी को नामजद कर विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कराया गया है।

18 नवंबर को पोल्ट्री कॉन्क्लेव, 14 अफसरों को दी जिम्मेदारियां

बरेली। पशुपालन विभाग, बरेली मंडल के कार्यालय अपर निदेशक ग्रेड-2 में बुधवार को पोल्ट्री कॉन्क्लेव/कुक्कुट निवेश सम्मेलन-2026 के भव्य और सुचारू आयोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर निदेशक ग्रेड-2, डा0 मदन पाल सिंह द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 18 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले पोल्ट्री कॉन्क्लेव और कुक्कुट निवेश सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करना तथा 'ऑपर्चुनिटी कॉम्प्लेक्स' के कुशल एवं सफल संचालन हेतु रूपरेखा तैयार करना था। अपर निदेशक डा मदन पाल सिंह ने बताया कि निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग के निर्देशों के अनुपालन में मंडल स्तर पर इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से अमलीजामा पहनाने के लिए गठित की गई आयोजन समिति के समस्त 14 नामित अधिकारी एवं कर्मचारी बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित रहने वाले प्रमुख अधिकारियों में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डा मनमोहन पाण्डेय, संयुक्त निदेशक (पैथोलॉजिस्ट) डा राकेश कुमार गंगवार, संयुक्त निदेशक (गायनोकोलॉजिस्ट) डा प्रीति अरोरा, अधीक्षक मण्डलीय प्रयोगशाला डा प्रशान्त सत्य, उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डा ओपी वर्मा, डा नरेश चन्द्र, डा सुषमा सिंह तथा पशुचिकित्सा अधिकारी डा कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, डा राजीव कुमार सिंह, डा राजेश कुमार यादव, डा अजय वर्मा, डा सुनयना सिंह, डा नरेन्द्र कुमार एवं डा विमलेश शामिल रहे। अध्यक्षता कर रहे अपर निदेशक ने ऑपर्चुनिटी कॉम्प्लेक्स के बेहतर संचालन और कॉन्क्लेव की सफलता के लिए सभी 14 अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति निर्देशित किया।

80 वां सालाना दो रोज़ा उर्स ए बशीरी व मंजूरी आज से

बहेडी ।हर साल की तरह इस साल भी 80 वां सालाना दो रोज़ा उर्स ए बशीरी व मंजूरी आज 5 नवम्बर से शुरू हो रहा हैनगर की प्रसिद्ध खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम मुहल्ला शेखूपुर में आज से दो दिन तक चलने वाले इस उर्स ए बशीरी व मंजूरी की तमाम तैयारियां पूरी हो गई है आज इस उर्स ए मुबारक की शुरुआत बाद नमाज़ इशा एक शानदार तरही नातिया मुशायरा से होगी दरगाह शरीफ पर आज होने वाले मुशायरे में मकामी तथा बैरूनी शायर भाग लेकर अपना कलाम सुनाएंगे 6 नवम्बर दिन जुमा बाद नमाज़ फजर दरगाह शरीफ पर सलातो सलाम हल्का ए जिक्र कुरान ख्वानी बाद नमाज़ जोहर खत्म खव्वाजगान शरीफ होगा बाद नमाज़ असर हज़रत शाह सय्यद मंजूर अली मियां साहब रहमतुल्लाह अलैह बहेड़ी का पहला कुल शरीफ होगा बाद नमाज़ मगरिब जायरीन के लिए लंगर चलेगा बाद नमाज़ इशा एक शानदार जलसा ए दस्तारबन्दी होगी जलसे में मौलाना सैय्यद फैजान मियां रामपुर का खुसूसी खिताब होगा बाद में जामिया गौसिया बशीरूल उलूम से फारीग होने वाले 12 छात्रों की दस्तारबन्दी होगी बाद में रात 2 बजे आखिरी कुल शरीफ की मुबारक रस्म अदा की जाएगी उर्स ए बशीरी व मंजूरी के दो दिनी कार्यक्रम सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां मौलाना सैय्यद हसनैन मियां मौलाना सैय्यद नूरी मियां सय्यद सिब्तैन मियां की निगरानी में होंगे।

पुलिस ने बरामद किए 75 लाख के 374 गुमशुदा मोबाइल, असली मालिकों को सौपे

असली मालिकों के चेहरे खिले थाना क्योलडिया ने भी 100% मोबाइल बरामद कर जिले में स्थान पाया

बरेली (आज समाचार सेवा) के तहत बरेली पुलिस को बड़ी और जनपदीय सर्विलांस सेल ने



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चलाए जा रहे विशेष अभियान सफलता हाथ लगी है माह अक्टूबर 2026 मे पुलिस की साइबर टीम भारत सरकार के सी ए आर पोर्टल पर आधुनिक तकनीकी संसाधनों का प्रभाव उपयोग करते हुए कुल 374 गुम, चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं जिनकी अनुमानित कीमत करीब 75 लख रुपए आंकी गई है पुलिस ने इन सभी मोबाइलों को उनके वास्तविक लोगों को सौंपा जिससे लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे थाना क्योलडिय के सर्विलांस प्रभारी नवीन कुमार एवं उनकी टीम को 1000 का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया साथ ही जिले के सभी थानों की साइबर टीमों को भी 1000 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

महिला बैंक अधिकारी का पर्स छीनकर बाइक सवार फरार

बरेली (आज समाचार सेवा)। बारादरी थाना क्षेत्र में पासपोर्ट ऑफिस के पास बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश एक महिला बैंक अधिकारी का पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में मोबाइल फोन बैंक से संबंधित चाबियां कार्ड और नकदी रखी हुई थी। पीड़िता ने पुलिस से पर्स बरामद कराने की मांग की है। लक्ष्मी गुप्ता बरेली के महानगर स्थित उमंग पार्ट-1 में रहती हैं और एचडीएफसी बैंक की सिविल लाइंस शाखा में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को शाम करीब साढ़े सात बजे वह बैंक से निकलकर सैटेलाइट बस अड्डा रोड होते हुए अपने घर जा रही थीं। उन्होंने अपना पर्स स्कूटी के आगे फुटरेस्ट के पास रखा हुआ था।

पेड़ काटने को लेकर हुआ विवाद लाठी डण्डों से बोला हमला

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के ग्राम पुन्नापुर में पेड़ काटने को



लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि सगे भाई ने अपने बेटे और अन्य परिजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई है। थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव पुन्नापुर निवासी रामचंद्र पुत्र रेवाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 अक्टूबर को उन्होंने पिता की अनुमति लेकर साझा जमीन पर लगे कस्तूरा के पेड़ को काट दिया था। इसी बात को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। रामचंद्र के अनुसार 28 अक्टूबर की सुबह उनके भाई मुंशीलाल भतीजे कृष्णपाल और मनोज तथा भूरी देवी लाठी-डंडे लेकर उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की जिससे उनके सिर में काफी चोटें आईं। पीड़ित ने बताया कि शोर मचाकर बचाव की गुहार लगाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। रामचंद्र ने सीबीगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

दबंगों ने घर में घुसकर महिला से की मारपीट धमकी देकर फरार

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के गांव कटैया आत्माराम की रामलली पत्नी रामकुमार ने पुलिस को तहरीर में बताया है की बीती 10 दिसंबर की शाम लगभग 8:00 बजे वह अपने घर का काम कर रही थी तभी गांव के दबंग रमेश अर्जुन शेर सिंह पुत्र बाबूराम बा बाबूराम पुत्र राम प्रसाद उसके घर में घुस आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए इससे पहले भी कई बार दबंग उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट कर चुके हैं पीड़िता और उसके परिवार वाले दबंगों से बहुत परेशान है और उसे जान का खतरा बना हुआ है ।

टीवरीनाथ संस्कृत महाविद्यालय में दीपोत्सव कार्यक्रम आज

बरेली (आज समाचार सेवा)। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की महागाथा बाल रामायण के तत्वावधान में दीपोत्सव 2026 के शुभ अवसर पर राजऋषि परम श्रद्धेय श्री आदित्यनाथ योगी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केन्द्रित गीत संग्रह, 'योगी जी का युग आया' लोकार्पण अधीन पुस्तक के एक अंश की एक झलक 'श्री योगी चालीसा' पाठ की 251 विद्यार्थियों के साथ सामूहिक रूप से विशेष संगीतमयी प्रस्तुति का आयोजन किया गया है।

एमजेपीआरयू के सांस्कृतिक केन्द्र की सुनैना ने कविता लेखन प्रतियोगिता में प्राप्त किया तृतीय स्थान

बरेली (आज समाचार सेवा)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के अंतर्गत आयोजित मंडल स्तरीय युवा उत्सव में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र की प्रतिभागी सुनैना सक्सेना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों को स्वरचित कविता का लेखन एवं उसका प्रभावशाली पाठ करना था। इसमें सुनैना सक्सेना ने नशामुक्त विकसित भारत' विषय पर अपनी मौलिक एवं प्रभावशाली कविता प्रस्तुत की। कविता में उन्होंने नशे के दुष्परिणामों, युवाओं के जीवन पर इसके प्रभाव तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में युवा पीढ़ी की भूमिका को संवेदनशील एवं सारगर्भित शब्दों में अभिव्यक्त किया। उनकी प्रभावशाली अभिव्यक्ति, विचारों की स्पष्टता एवं काव्यात्मक प्रस्तुति को सराहना मिली और उन्होंने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर माननीय कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने सुनैना सक्सेना को बधाई देते हुए कहा कि कविता लेखन एक सृजनात्मक एवं संवेदनशील कला है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने विचारों, भावनाओं और सामाजिक सरोकारों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त कर सकते हैं। इस प्रकार की साहित्यिक गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, मौलिक चिंतन तथा साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मंडल स्तर पर विश्वविद्यालय की छात्रा द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त करना सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने सुनैना के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय ने बताया कि विगत 3 नवंबर को आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव में विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र के विद्यार्थियों ने तीन पुरस्कार प्राप्त किए थे। नियमानुसार जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ही मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए भेजा जाना था। इसी क्रम में स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुनैना सक्सेना ने मंडल स्तरीय युवा उत्सव में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया और आज तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि सुनैना का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। सामाजिक विषयों पर कविता के माध्यम से अपनी बात रखना और उसे प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं साहित्यिक क्षमता को दर्शाता है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। सुनैना की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार , वित्त अधिकारी महिमा चंद, परीक्षा नियंत्रक श्री अनिल कुमार यादव, सांस्कृतिक केंद्र समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. इंदरप्रीत, डॉ. सौरभ डॉ. रीना , डॉ.अतुल सहित



कल्चरल क्लब के सदस्यों ने भी सुनैना की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शाश्वत रूप से कल्याणकारी है बाल रामायण :डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। संपूर्ण संसार में प्रभु श्री राम की गाथा लोकजीवन धारा में बहुत ही आदर के साथ सुनी सुनाई जाती है। श्री राम के आदर्श बहुत ही अनुकरणीय हैं ।सनातन संस्कृति में यह कथा युगों युगों से संचरित हो रही है ।श्री राम के आदर्श हमारे जीवन को राममय अर्थात सुंदर बना देते हैं। बाल रामायण के



रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त का विभिन्न विद्यालयों में नियमित रूप से बाल सभाओं का आयोजन बच्चों को प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें श्री राम कथा को पढ़ने के लिए भी आकर्षित करता है। श्री राम के आदर्श हमारे जीवन को श्रेष्ठ मानव के रूप में प्रतिष्ठित करने का अति उत्तम उपक्रम है। साथ ही हमारी नई पीढ़ी राष्ट्र धर्म एवं संस्कृति की रक्षा कर सके वह सनातन मूल्यों को अपनाते हुए अपने साथ-साथ दूसरों का भी श्री राम के समान हित कर सके । बाल रामायण का यही संदेश है। उपर्युक्त विचार डॉ दीपंकर गुप्त ने आज रवि मॉडल इंग्लिश स्कूल कुंवरपुर बरेली की बालसभा में व्यक्त किये उन्होंने बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये तथा विद्यालय के प्रबंधक रवि कुमार भटनागर , प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता रानी ,सहायक अध्यापिका शिवि सक्सेना सहित समस्त विद्यालय परिवार को बाल रामायण की प्रतियां भेंटकर राम पटका पहनकर उन्हें सम्मानित किया।

पत्नी के झुलसने पर पति व ममिया सास को 7 साल की सजा

बरेली (आज समाचार सेवा)। सेशन अदालत ने करीब नौ साल पुराने दहेज कांड में फैसला सुनाते हुए विवाहिता को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाने के प्रयास के दोषी पति रिजवान और ममिया सास शबाव को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह ने दोनों दोषियों पर 50000 रुपये जुर्माना भी लगाया है, जिसमें से 25,000 रुपये की राशि बतौर प्रतिकर पीड़िता निदा बी को दी जाएगी। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता निदा बी की शादी मोहल्ला जखीरा थाना किला निवासी रिजवान के साथ वर्ष 2016 में हुई थी। 15 फरवरी 2017 को बुलेट मोटरसाइकिल और 2 लाख रुपये के अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने बेरहमी से इस वारदात को अंजाम दिया था, जिससे पीड़िता बुरी तरह झुलस गई थी लेकिन समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई थी।



डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने कोर्ट में नौ गवाह पेश किए। लंबी कानूनी प्रक्रिया और सबूतों के आधार पर अदालत ने दोषियों को आईपीसी की धारा 307 के तहत कड़ा दंड दिया है।

सुरेश शर्मा जयंती पर युवाओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

बरेली (आज समाचार सेवा)। प्रेम सुरेश फाउंडेशन द्वारा सुरेश शर्मा नगर स्थित फाउंडेशन सभागार में आज स्वर्गीय सुरेश शर्मा जी की जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन अध्यक्ष साकेत सुधांशु शर्मा एवं महासचिव अंजलि शर्मा ने स्वर्गीय सुरेश शर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर फाउंडेशन अध्यक्ष साकेत सुधांशु शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय सुरेश शर्मा अपने समय के राष्ट्रीय स्तर के छात्र नेता थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी भी उन्हें बेहद पसंद करते थे। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद



से निर्वाचित होने वाले देश के चुनिंदा छात्र नेताओं में शामिल थे। उन्होंने वर्ष 1969 से 1974 तक बरेली कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर बरेली में एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फाउंडेशन महासचिव अंजलि शर्मा ने 'युवा चेतना' विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं में सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'युवा चेतना - नई दिशा, नया भारत' रहा, जिस पर स्स्क्ष इंटर कॉलेज एवं स्स्क्ष पब्लिक स्कूल के वरिष्ठ विद्यार्थियों तथा गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। 'कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को युवा चेतना, सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, सुरेश शर्मा नगर के निवासी एवं अनेक गणमान्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

बरेली कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित विद्यार्थियों ने रंगों से बिखेरे दीपोत्सव के रंग

बरेली (आज समाचार सेवा)। बरेली कॉलेज के बी.कॉम. ऑनर्स विभाग के यूजी फोरम द्वारा आयोजित 'फेस्टिव क्रिएटिविटी कॉम्पिटिशन' श्रृंखला के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभाग प्रभारी एवं यूजी फोरम के निदेशक डॉ. प्रियांक मेहरोत्रा तथा उप निदेशक डॉ. शुभांशु शेखर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'रंग, रोशनी और परम्परा (दीपोत्सव)' रहा, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की कुल 15 टीमों ने प्रतिभाग



किया। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक रंगों, फूलों और दीयों के सुंदर समन्वय से आकर्षक रंगोलियां बनाकर भारतीय संस्कृति और त्योहार के उल्लास को जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता में निर्णायको के रूप में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर शालिनी नागाइच तथा पत्रकारिताके प्रभारी डॉ रमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। निर्णायको द्वारा रंगोलियों के विषय की प्रासंगिकता, रंग संयोजन, सफाई और कलात्मकता के आधार पर मूल्यांकन किया गया तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। कड़े मुकाबले के बाद परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें प्रथम स्थान गुरलीन कौर, रितिका एवं श्रेय गंगवार, द्वितीय स्थान हिमानी, प्रियांशु सक्सेना एवं नव्या, तृतीय स्थान महिमा सैनी, सुहानी सक्सेना एवं गर्व भाटिया तथा सांत्वना पुरस्कार दानिया जावेद, मौज्मा एवं श्रद्धा सिंह ने हासिल किया । सभी विजेता टीमों को प्रमाण-पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. दीक्षा और डॉ. आमोद के साथ-साथ डॉ. शिव शंकर और डॉ. गरिमा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विभाग के शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

सिद्धार्थ नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर में गेट निर्माण का विवाद सुलझा, पार्षद सुधा सक्सेना की निगरानी में संपन्न हुआ कार्य

बरेली (आज समाचार सेवा)। सिद्धार्थ नगर कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में सुरक्षा गेट लगाने को लेकर चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। आगामी छठ पूजा के आयोजनों, नियमित भजन-कीर्तन और मंदिर की सामग्री की सुरक्षा को देखते हुए परिसर में गेट लगाया जाना आवश्यक था, जिसका सामने रहने वाले एक परिवार द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा था। विवाद की पृष्ठभूमि सामग्री व परिसर की सुरक्षा: मंदिर में पूजा सामग्री रखने और हवन आदि के लिए परिसर में एक छोटे कक्ष की व्यवस्था की गई है। आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने और सामग्री की सुरक्षा के लिए मुख्य द्वार का निर्माण बेहद जरूरी था। स्थानीय प्रयास क्षेत्रवासियों ने



संबंधित परिवार से कई बार सौहार्दपूर्ण बातचीत की और सार्वजनिक हित का हवाला देकर सहयोग का अनुरोध किया, लेकिन सहमति नहीं बन पा रही थी। प्रशासनिक हस्तक्षेप और समाधान मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय पार्षद सुधा सक्सेना मौके पर पहुँचीं। माननीय महापौर उमेश गौतम, माननीय मंत्री जी के संज्ञान और पुलिस प्रशासन के सहयोग से स्थिति को संभाला गया। किसी भी प्रकार के विवाद या अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पार्षद स्वयं मंदिर परिसर में उपस्थित रहीं और अपनी निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से गेट लगवाने का कार्य पूर्ण कराया। दोनों पक्षों के बीच आपसी संवाद स्थापित कर समझौता कराया गया, जिससे विवाद पूरी तरह समाप्त हो गया।आगामी व्यवस्था कार्य संपन्न होने के बाद पार्षद सुधा सक्सेना ने घोषणा की कि मंदिर के सुचारू संचालन के लिए क्षेत्रवासियों की एक स्थानीय प्रबंधन कमेटी गठित की जाएगी। यह कमेटी पार्षद की देखरेख में मंदिर की दैनिक व्यवस्थाओं, आयोजनों और सुरक्षा का दायित्व संभालेगी। विवाद के शांतिपूर्ण समाधान और गेट का निर्माण पूर्ण होने पर समस्त सिद्धार्थ नगर वासियों ने राहत व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय पार्षद सुधा सक्सेना जी काऔर प्रशासन का आभार जताया।

बेदी इंटरनेशनल स्कूल में अतुल्य भारत प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। पांचाल नगरी बौद्धिक एवं सांस्कृतिक संगठन द्वारा गत दिवस बेदी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अतुल्य



भारत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 के द्विज भूषण ने प्रथम, कक्षा 11 के मानस भट्ट ने द्वितीय, कक्षा 12 की मनदीप कौर ने तृतीय स्थान और कोमल यादव, अथर्व आनंद, आदित्य पोरवाल, वैष्णव शर्मा, आस्था गंगवार, रिद्धिमा वर्मा, हरमन्नत कौर ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 के निशित जोशी ने प्रथम कक्षा 8 के दक्ष सिंह ने द्वितीय, कक्षा 7 के शिखर पटेल ने तृतीय स्थान और लवी लोहानी, फलक नूर, रेयांश कपूर, देव दर्शन कुमार, गर्वित सिंह फर्त्याल, निष्ठा गुप्ता, अंश गंगवार ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। संगठन अध्यक्ष संजय नेगी और शुभम अग्रवाल ने

क्रीडा भारती का खेल संवाद कार्यक्रम आज

बरेली (आज समाचार सेवा)। क्रीड़ा भारती बरेली महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट विभाग के सभागार में युवा खेल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सभी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सादर आमंत्रित हैं। इस कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर जी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों से संवाद किया जाएगा और उनको राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा एवं अभी के खिलाड़ियों को किन-किन समस्याओं से जूझना होता है आदि विषयों पर वार्ता की जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार राय उपस्थित रहेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में इसको आंवला बरेली के प्रबंधक आनंद रतूड़ी जी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा हमारे प्रांतीय पदाधिकारी रोहित दीक्षित प्रांत मंत्री, ब्रज प्रांत, रामपाल सिंह यादव, उपाध्यक्ष, ब्रज प्रांत, डॉ शिव राम शर्मा, प्रचार प्रमुख, ब्रज प्रांत, धर्मेंद्र शर्मा, क्रीड़ा केंद्र प्रमुख, ब्रज प्रांत, प्रमोद मिश्रा, योग प्रमुख, ब्रज प्रांत, डॉ सौरभ वर्मा, संपर्क प्रमुख, ब्रज प्रांत, श्री कैलाश बिष्ट, सहकोषाध्यक्ष, ब्रज प्रांत, श्रीमती कंचन मिश्रा, मातृशक्ति प्रमुख, ब्रज प्रांत, वरुण मिश्रा, ब्रज प्रांत, पदमवीर सिंह, जिला अध्यक्ष बरेली, डॉ प्रमेंद्र माहेश्वरी, महानगर अध्यक्ष बरेली, श्री सोमित्र शर्मा, महानगर मंत्री, बरेली, योगेश माहेश्वरी, जिला मंत्री, बरेली, डॉ नरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष, बरेली महानगर, राजेंद्र रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष, बरेली महानगर, राकेश रावत, जिला उपाध्यक्ष, बरेली, विजय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष, बरेली आदि उपस्थित रहेंगे।

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur - 208024)
Ref.No.:CSJMU/Purchase/104/2026 Date : 04.11.2026
जेम–निविदा सूचना
एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा Deployment, Operation, Maintenance and Management of One Smart Bus-based Primary Healthcare Unit हेतु GeM Bid No. GEM/2026/B/8222183 दिनांक 02.11.2026 को जेम पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। उक्त निविदा की अंतिम तिथि 12.11.2026 सायं 05:00 बजे तक है। विस्तृत निविदा दस्तावेज, शर्तें एवं संशोधन GeM Portal-https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध होंगे। कुलसचिव

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर**-बैंक रोड, **प्रयागराज**-3 लीडर रोड, **कानपुर**-बांस मण्डी, **झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 **पूर्ण संख्या**-*13282*

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में 'अन्तर्महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता 2026-27 'का शुभारम्भ

बरेली (आज समाचार सेवा)। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, बरेली में 'अन्तर्महाविद्यालयी क्रिकेट (पुरूष) प्रतियोगिता 2026-27 'का शुभारम्भ हुआ। जिसके प्रथम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय संजीव अग्रवाल, विधायक कैंट, बरेली महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार



अग्रवाल (फनसिटी), महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित), कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल (बाँके बिहारी), क्रीड़ा सचिव गिरीश चन्द्र अग्रवाल, अविनाशी लाल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, निदेशक डॉ. प्रवीन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माननीय संजीव अग्रवाल, विधायक कैंट, बरेली द्वारा गुब्बारे तथा शान्ति का प्रतीक कबूतर उड़ाकर किया गया। इस अवसर पर खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का मात्रपूर्ण साधन है हमारा प्रयास है कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी के शब्दों का अनुसरण करते हुये विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। क्रीड़ा सचिव गिरीश चन्द्र अग्रवाल इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया एवं सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महामंत्री ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं है बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता भी प्रदान करता है। अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने विजयी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा सभी टीमो का स्वागत करते हुए कहा कि हार जीत एक सिक्के के पहलू है इसको सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन किया। क्रीड़ाधिकारी प्रफुल्ल पाठक ने खेल प्रतियोगिता की रूपरेखा से सबको अवगत कराया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस का पहला मैच बरेली कॉलेज बरेली एवं दास कॉलेज बदायू के मध्य खेला गया। जिसमें दास कॉलेज बदायू ने 102 रन 08 विकेट पर बनाये वहीं बरेली कॉलेज की टीम मात्र 101 रन ही बना पायी। वहीं दूसरा मैच गंगा शील महाविद्यालय एवं एस.एस. कॉलेज शाहजहापुर के बीच खेला गया। जिसमें एस. एस. कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 163 रन 03 विकेट पर बनाये वहीं गंगा शील महाविद्यालय की टीम मात्र 53 रन ही बना पायी। पहला सेमीफाइनल मैच दास कॉलेज और एम.जे.पी.आर.यू. के मध्य खेला गया जिसमें दास कॉलेज की टीम ने 118 रन 04 विकेट पर बनाये वहीं एम.जे.पी.आर.यू. की टीम ने 4 विकेट से मैच अपने कब्जे में कर लिया। मैच में अंकित कुमार, जितेन्द्र शाह एवं मुकेश कुमार अंपायर, माजिद खान, विशेषज्ञ तथा कमलकान्त वेनवाल, विश्वविद्यालय निरीक्षक के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. रेशु जौहरी ने किया। इस अवसर पर क्रीड़ा समिति के सदस्यों संचित कक्कड़, मंयक शर्मा, अजीत सिंह,, रामलखन, चीफ प्राक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा, संजीव कुमार सक्सेना, शोभित अग्रवाल, डॉ. सुमित अग्रवाल, प्रथमेश कुमार, राकेष कुमार, रितू सिंह, आदि का योगदान रहा।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
Aadhar Housing Finance Ltd
कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
बरेली शाखा: B-3 & B-4, भूतल, आकाश फ्लोर्स, 320-सिविल लाइंस, सिटी स्टेशन रोड, बरेली- 243001 (उत्तर प्रदेश)

मांग सूचना

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3(1) के साथ धारा13(2) के अंतर्गत सूचना

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटेस्ट एक्ट 2002 (उपरोक्त कानून) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता **आधार हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी है। उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटेस्ट (इंफोर्समें ट) एक्ट, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने धारा13(2) के अंतर्गत नीचे वर्णित निम्न ऋणकर्ता (ओं) (उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं)) को संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशि का पूर्णभुगतान करने के लिए बुलाये जाने के लिए जारी की गई थी। उपरोक्त संबंध में एक बार पुन: उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) को पुन: सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिवस के अंदर नीचे वर्णित राशि के साथ नीचे वर्णित दिनांक से भुगतान की दिनांक एवं/या पुर्न प्राप्ति तक लागू मय ब्याज के उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) से किए गए ऋण अनुबंध के साथ अन्य दस्तावेजो/लिखित में यदि कोई हो, के अंतर्गत देय राशि का भुगतान करें। जैसा कि ऋण के पुर्नभुगतान की जमानत के लिए निम्न संपत्ति को उपरोक्त संबंधित ऋणकर्ता (ओं) द्वारा AHFL को गिरवी रखा गया है।

क्र.	उधारकर्ताओं एवं सह-उधारकर्ता / जमानतदार के नाम	मांग पत्र की दिनांक एवं मांग राशि	प्रतिभूतित आस्तियों का विवरण (अचल संपत्ति/यां)
1	(लोन कोड नं. 02600001329 & 02600002106/बरेली शाखा) मोहम्मद अबरार अली खान (ऋणी) शहनाज कौसर (सह-ऋणी) माहिर खान (जमानतदार)	**06-10-2026 & ₹ 5,50,793/-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, जिसका कुल प्लॉट क्षेत्रफल 102 वर्ग गज या 85.28 वर्ग मीटर, खेत नं. 1231 व 447, स्थित नरियावल, परगना, तहसील व जिला- बरेली **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - 8 फीट चौडा रोड, पश्चिम - मुश्ताक का मकान, उत्तर - मिसर यार खान का मकान, दक्षिण - इसरार खान की संपत्ति

यदि उपरोक्त ऋणकर्ता उपरोक्त राशि का AHFL को भुगतान करने में असफल रहते है तो AHFL उपरोक्त संपत्ति के विरुद्ध कानून की धारा 13 (4) एवं लागू नियम के अंतर्गत ऋणकर्ता के पूर्ण जोखिम मूल्य एवं परिणाम पर कार्यवाही करेगी। उपरोक्त ऋणकर्ताओं को कानून के अंतर्गत संपत्ति का विक्रय, किराया या अन्य प्रकार से बिना AHFL के लिखित अनुमति के बिना हस्तांतरित करने पर प्रतिबंधित किया जाता है कोई व्यक्ति जो कि उपरोक्त कानून या नियम में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन या उल्लंधन करने को बढावा देता है उसे उपरोक्त कानून के अंतर्गत प्रदत जुर्माना या /एवं कारावास के लिए दंड दिये जाने के योग्य होगा।

स्थान : उत्तर प्रदेश,
दिनांक : 05.11.2026

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते - आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

गंगा उत्सव पर रंगोली और दीपदान से जगमगाया गोमती उद्गम स्थल

स्कूली बच्चों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली, 700 विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में लिया हिस्सा





पूरनपुर (पीलीभीत)। गंगा उत्सव के अवसर पर गोमती उद्गम स्थल पर आस्था, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। जिला गंगा समिति, पीलीभीत के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर नदियों और उनके घाटों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। वहीं, रंगोली प्रतियोगिता, क्विज और शाम को हुए भव्य दीपदान एवं आरती कार्यक्रम ने पूरे गोमती उद्गम स्थल को उत्सव के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वोदय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय से गोमती उद्गम स्थल तक निकाली गई स्वच्छता जागरूकता रैली से हुई। विद्यार्थियों ने मां गोमती के दर्शन कर नदी संरक्षण और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में इको फ्रेंडली ग्रुप ने प्रथम, अरण्य ग्रुप ने द्वितीय और धरोहर ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, क्विज प्रतियोगिता में कक्षा एक से 12वीं तक के करीब 700 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य एवं जिला पंचायत सदस्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में शामिल अन्य विद्यार्थियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। शाम को मां गोमती की भव्य आरती और दीपोत्सव का आयोजन किया गया। दीपों की रोशनी से गोमती उद्गम स्थल जगमगा उठा और पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इस दौरान नियमित रूप से गोमती आरती करने वाली 21 बच्चों की टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएफओ सामाजिक वानिकी भरत कुमार डीके ने कहा कि नदियों का संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें आमजन और विशेषकर युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। नदियों को स्वच्छ रखना, उनके घाटों की साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों की सहभागिता को सराहनीय बताते हुए कहा कि बच्चों में अभी से प्रकृति और जलस्रोतों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ नदियों और नदी घाटों की स्वच्छता सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री स्वयं इस विषय को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने लोगों से भी नदियों को स्वच्छ और संरक्षित रखने में सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में डीएफओ सामाजिक वानिकी भरत कुमार डीके, उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, जिला परियोजना अधिकारी सौरभ सिंह, जेआरएफ डॉ0 आदर्श कुमार, गोमती सेवक निर्भय सिंह, राममूर्ति सिंह, विजेंद्र सिंह, नरेश सिंह, रजीव, महिपाल, मैकूलाल सहित मां गोमती के आरती सेवक विक्की कश्यप, रजत, विवेक, कुणाल जोशी, नेहाल जोशी, भूपेंद्र गिरी, जितेंद्र कश्यप, मिथुन, अश्वनी, सोनू और सुमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना में प्रशिक्षण सम्पन्न

शाहजहांपुर। खाद्य प्रसंस्करण विभाग, राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र शाहजहांपुर द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जनपद शाहजहांपुर के विकास खंड खुदागंज के ग्राम उखली में दिनांक 03/11/2026 से 04/11/2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रशासक द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी जानकारी देकर आत्मनिर्भर करने के लिए प्रेरित किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी अधिकारी खाद्य प्रसंस्करण श्री असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। लाभार्थियों को साहित्य वितरित किया गया , प्रशिक्षण में शामिल लोगों के लिए अल्पाहार व जलपान की व्यवस्था की गई ।कार्यक्रम में व्याख्यान दाताओं के रूप में श्री विमलेश कुमार,राजवीर सिंह ह्रक्रक्र श्री वीरेंद्र कुमार पाली ,अखिलेश कुमार,आदि मौजूद रहे ।खाद्य प्रसंस्करण के विषयों की विस्तार से टीवी जानकारी दी गई । प्रधानमंत्री खाद्य सूक्ष्म उन्नयन योजना (क्रक्लस्थ्य) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के मुख्य बिंदु ।।राज्य में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के संबंध में संयंत्र,मशीनरी , और तकनीकी सिविल कार्य पर किए गए व्यय का 35ब्र प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी अधिकतम सीमा रु.05 करोड़ ।2राज्य में खाद्य इकाइयों के विस्तार और आधुनिककरण के लिए अधिकतम रु.सीमा 01करोड़ ।3 कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर के लिए न्यूनतम 05। 4- उन्नयन हेतु विद्यमान असंगठित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को अधिकतम 10 लाख रुपए तक अनुदान की सहायता से परियोजना लगत की 35ब्र क्रेडिट लिंक्ड अनुदान सहायता ।मिनी फ्लोर मिल ,मिनी रईस मिल,मिनी ऑयल एक्सपेलर,दलिया बनाना व मसाला उद्योग मिल्क बेस्ट प्रोडक्ट ,आदि की जानकारी दी गई । कार्यक्रम में सुआलाल ,राहुल गंगवार, ओमकार,सुधा देवी, ओमाराम,अर्पित,सौरभ आदि मौजूद रहे। अंत में प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान दिया गया ।

आयुष्मान कार्ड बनाये जाने को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर बैठक आयोजित

शाहजहांपुर। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे विभिन्न विभागों के मध्य बैठक आयोजित

जनपद शाहजहाँपुर में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने से संबंधित कार्यवाही के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई. 7

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 01 नवंबर 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक प्रस्तावित विशेष अभियान के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया ।तथा निर्देश दिए गए कि अभियान के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। योजना के अंतर्गत छूटे हुए परिवारों के सदस्यों तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की ब्लॉकवार एवं ग्रामवार सूची तैयार कर फ्रंटलाइन वर्कर्स को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि छूटे हुए परिवारों के सदस्यों एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड उनके घर एवं परिवार में ही बनाए जाने की व्यवस्था की जाए।

सपा के संभावित प्रत्याशी राजवीर सिंह के रिश्ते के पोते का निधन शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई

शाहजहांपुर राजवीर सिंह संभावित प्रत्याशी 134 पुवायाँ विधानसभा का भतीजा,सरदार कमरपाल सिंह बाठ का बेटा सरदार गुरकीरत सिंह बाठ के असामयिक एवं दुखद निधन का समाचार सुनकर हृदयसे व्यथित शोका कुल लोगों के द्वारा

अंतिम संस्कार में शामिल होकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कीगई एवं शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कींगई

राज्य कर विभाग ने व्यापारियों संग बैठक कर टैक्स जमा करने आदि की दी गई जानकारी

पूरनपुर (पीलीभीत)। राज्य कर विभाग ने व्यापारियों संग बैठक कर रिर्टन दाखिल करने, टैक्स रेट ब्याज माफी एवं त्योहारों पर होने वाली बिक्री से अधिक से अधिक संख्या में टैक्स जमा करने व अन्य जानकारी दी।

व्यापारी संवाद हेतु दिए गये निर्देशों के क्रम में जनपद-पीलीभीत में किराना, मिठाई विक्रेता एवं रेस्टोरेंट व्यापारियों के साथ बीते डिम अपरान्ह 12 बजे राज्य कर कार्यालय पीलीभीत में बैठक आयोजित की गई। बैठक के माध्यम से भी व्यापारियों को समय से रिर्टन दाखिल करने, टैक्स रेट ब्याज माफी एवं त्योहारों पर होने वाली बिक्री से अधिक से अधिक संख्या में टैक्स जमा करने व अन्य जानकारी दी गयी। बैठक में राज्य कर विभाग से संजीव कुमार ओमर, रिकेश सिंह उपायुक्त राज्य कर, पंकज कुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त राज्य कर एवं विपिन मिश्रा, रूपकिशोर, राज्यकर अधिकारी एवं व्यापारियों की तरफ से संजीव शर्मा, पार्थ गुप्ता, उद्देश्य अग्रवल, सरवन कुमार, अमन जैसवार, सचिन, पारस गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

क्यूआरसी टीम ने राज इण्डेन ग्रामीण वितरण गैस एजेंसी पर की जांच पड़ताल

पूरनपुर (पीलीभीत)। क्यूआरसी टीम गैस एजेंसी पर औचक निरीक्षण के दौरान दस्तावेज खंगाले। इसके साथ ही टीम ने गैस गोदाम में मौजूद सिलेंडरों की स्थिति का भी ज्यादा लिया। बताया जाता है कि फिलहाल टीम को किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नही मिली है।

विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्र के रुरिया सलेमपुर स्थित राज इण्डेन ग्रामीण वितरण गैस एजेंसी पर बुधवार को क्यूआरसी टीम ने जांच की। करीब चार घंटे तक चली जांच के दौरान टीम ने गैस वितरण से जुड़े दस्तावेजों और सिलेंडरों की स्थिति देखी। जांच में कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई। इसके बाद टीम वापस लौट गई। जांच के दौरान टीम ने एजेंसी के गैस वितरण से संबंधित रिकॉर्ड का मिलान किया। इसके साथ ही उपलब्ध गैस सिलेंडरों की स्थिति और व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। बताया जाता है कि क्यूआरसी टीम की जांच प्रक्रिया चार घंटे तक चली। जिसमें सभी दस्तावेज और सिलेंडर पूर्ण मिलने की बात सामने आ रही है। गैस एजेंसी पर मौजूद डिस्ट्रिब्यूटर रमेश चंद्र भास्कर ने बताया कि क्यूआरसी टीम जांच के लिए पहुंची थी। टीम ने दस्तावेजों और सिलेंडरों की जांच की। उनके मुताबिक, एजेंसी में कोई समस्या या गड़बड़ी नहीं मिली। बताया जाता है कि क्यूआरसी टीम द्वारा की जाने वाली जांच समय-समय पर होती रहती है।

6 से 30 नवंबर तक मुफ्त मिलेगा राशन, ई-केवाईसी कराने पर भी जोर

लखीमपुर खीरी, 04 नवंबर। जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत नवंबर माह का नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण 06 नवंबर से 30 नवंबर तक कराया जाएगा। डीएसओ सीमा त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के सभी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में गेहूं और चावल नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

निर्धारित व्यवस्था के अनुसार अंत्योदय राशनकार्ड धारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किलोग्राम गेहूं और तीन किलोग्राम चावल दिया जाएगा। उचित दर की दुकानों पर वितरण सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो से शाम छह बजे तक होगा। कार्डधारक वन नेशन-वन राशनकार्ड योना के तहत पोर्टेबिलिटी सुविधा से भी राशन प्राप्त कर सकेंगे।

वितरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित है। अंतिम दिन आधार प्रमाणीकरण नहीं होने की स्थिति में मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था रहेगी। डीएसओ ने राशनकार्ड के जिन सदस्यों की ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुई है, उनसे नजदीकी कोटे की दुकान पर पहुंचकर तत्काल ई-केवाईसी कराने की अपील की है।

कोटे की दुकानों पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड

अंत्योदय राशनकार्ड धारकों और छह या इससे अधिक यूनिट वाले पात्र गृहस्थी राशनकार्डों के मुखिया समेत सभी सदस्यों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में भी कोटेदार सहयोग करेंगे।

महिलाओं को समूहों से जोड़ने की पहल

ग्रामीण क्षेत्रों की 18 वर्ष या इससे अधिक आयु की पात्र गृहस्थी महिला सदस्यों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की पहल की गई है। इसके लिए महिलाओं से राशन लेते समय आधार कार्ड की मूल प्रति अथवा छायाप्रति साथ लाने की अपील की गई है।

शिकायत पर होगी कार्रवाई

खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा असुविधा होने पर कार्डधारक उचित दर दुकान पर तैनात नोडल अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, संबंधित उप जिलाधिकारी अथवा जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं। शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मैगलगंज में बच्चों के टीकाकरण पर लगा विराम, दो महीने से स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं पहुंचे स्वास्थ्यकर्मी

लखीमपुर खीरी। कस्बे के मोहल्ले पुरानी बस्ती में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र पर छोटे बच्चों के टीकाकरण की व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। यहां प्रत्येक माह के पहले बुधवार को बच्चों का टीकाकरण किया जाता है, लेकिन पिछले दो महीनों से स्वास्थ्य केंद्र पर कोई डॉक्टर या एएनएम(जीएनएम) टीकाकरण के लिए नहीं पहुंच रही हैं।

स्वास्थ्यकर्मियों के नहीं पहुंचने से अपने छोटे बच्चों को टीका लगवाने आने वाले अभिभावकों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। बच्चों के नियमित टीकाकरण को लेकर अभिभावक काफी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि निर्धारित दिन पर स्वास्थ्यकर्मियों के न पहुंचने से उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

पुलिस की तत्परता से बची सड़क हादसे में गंभीर घायल युवक की जान, तत्काल अस्पताल पहुंचाया

गौरिया पुल पर पीपल के पेड़ से टकराई मोटर साइकिल, लीलाकुआं पुलिस चौकी की टीम ने दिखाई मुस्तैदी

लखीमपुर खीरी। जिले में थाना फरधान क्षेत्र के बेहजम रोड स्थित गौरिया पुल पर एक सड़क हादसे में क्रक्ष1ष्ट।।9732 स्प्लेंडर प्लस सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बिछिया कल्हुआ मोती, पुलिस चौकी फत्तेपुर, थाना मैगलगंज निवासी प्रशांत त्रिवेदी पुत्र जगमोहन त्रिवेदी लखीमपुर जा रहे थे, इसी दौरान कथित तौर पर शराब के नशे में वाहन चलाते समय उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पुल के किनारे लगे पीपल के पेड़ से जोरदार टकरा गई। हादसे में प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही लीलाकुआं पुलिस चौकी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए एंबुलेंस बुलवाई और घायल को उपचार के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम भिजवाया। हादसे के बाद पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता ने एक बार फिर साबित किया कि संकट की घड़ी में पुलिस की तत्परता किसी घायल के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। इस सराहनीय कार्य में चौकी प्रभारी अजय कुमार यादव, दीवान दिनेश वर्मा तथा कांस्टेबल राजू यादव और विनोद कुमार की विशेष भूमिका रही। पुलिस टीम ने जिस तत्परता और जिम्मेदारी के साथ घायल को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की, वह प्रशंसा की पात्र है।

114वां मेला वेद प्रचार उत्सव को लेकर निकाली गई विशाल शोभायात्रा

विशाल शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत



पूरनपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला वेद प्रचार उत्सव मनाया जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार को नगर के प्रमुख मार्गों पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

नगर के आर्य समाज के तत्वाधान से मेला श्री रामलीला पूरनपुर में शोभायात्रा एवं वार्षिक 114 वां मेला वेद प्रचार उत्सव दिनांक- 4 नवम्बर 2026 दिन बुधवार से 7 नवम्बर 2026 दिन शनिवार तक मनाया जा रहा है। इसको लेकर बुधवार को प्रात: साढ़े नौ बजे सीमेन्ट रोड स्थित आर्य समाज मन्दिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री रामलीला मैदान के समीप आर्य पाठशाला इण्टर कालेज पहुंची। तत्पश्चात कार्यक्रम वेद प्रचार उत्सव का आयोजन शुरू हो गया। जानकारी दी गई की 7 नवंबर तक प्रत्येक दिन प्रात: 08 बजकर 30 मिनट से 10 बजे तक (यज्ञ एवं प्रवचन) सायं 06 बजकर 30 मिनट से रात्रि दस बजकर 30 मिनट तक (भजन, प्रवचन एवं रामकथा) का आयोजन किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम ले लिये श्वेता आर्या अम्बाला, हरियाणा व विद्वान पं. भानु प्रकाश शास्त्री (बरेली), माधुरी आर्या बिजनौर को आमंत्रित किया गया है। विशाल शोभायात्रा में प्रमुख रूप से डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू, प्रधान आर्य समाज मंदिर पूरनपुर बाबूराम आर्य, ठाकुर निरंजन सिंह, धीरेंद्र सिंह, विजय खुराना, डॉक्टर सोमदत्त शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना, राजकुमार शर्मा, रामलाल चावला, प्रकाश चंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह एवं आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

छुट्टा पशुओं और जंगली जानवरों से बर्बाद हो रहीं फसलों को लेकर खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



पूरनपुर (पीलीभीत) भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने पूरनपुर विकास खंड क्षेत्र में आवारा गोवंश और जंगली जानवरों से हो रहे भारी नुकसान को लेकर खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के नेताओं ने कहा कि पूरनपुर से बांडा मार्ग और आस-पास के गांवों जैसे घाटमपुर, घुंघिचाई, लुब्तियाई, कंपारा, गुलड़िया भूपसिंह और पोखरापुर में खुले में घूम रहे निराश्रित गोवंश के कारण किसानों की फसलें तबाह हो रही हैं और सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। इसके अलावा, अभयपुर जंगल से सटे गांवों में जंगली सुअर और नीलगाय किसानों की दिन-रात की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने मांग की है कि इन सभी निराश्रित गोवंश को तुरंत पकड़कर नजदीकी गोशालाओं में संरक्षित किया जाए और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाये। इस मौके पर रेशम सिंह रंधावा, मंगता सिंह बाजला, रंजीत सिंह कहलों और नरवल सिंह सहित कई अन्य किसान मौजूद रहे।

भाजपा नेता लेखराज भारती ने तीन मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं संग बांटी त्यौहार की खुशियां



पूरनपुर (पीलीभीत)। दीपावली के त्यौहार पर कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे भाजपा नेता लेखराज भारती ने तीन मंडलों में पार्टी कार्यकर्ताओं संग दीपावली की खुशियां बांटी। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से लेकर मंडल तक को दिए उपहार और मिठाई भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं।

दीपावली के पर्व पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती ने 129, विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के तीन मंडलों में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर त्यौहार की खुशियां साझा कीं।उन्होंने पूरनपुर, कलीनगर और घुंघचिहाई मंडल में बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों, मंडल पदाधिकारियों और समर्पित कार्यकर्ताओं को दीपावली के उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान लेखराज भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय मुलाकात कर संगठन के प्रति उनके योगदान और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत और रीढ़ है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम और निष्ठा से ही संगठन मजबूत होता है। उनके सुख-दुख में साथ खड़ा रहना उनके लिए केवल संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आत्मीय संबंध और संकल्प है। उन्होंने कहा कि त्योहार केवल खुशियां मनाने का अवसर नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, विश्वास और सम्मान के साथ संगठनात्मक एकजुटता को मजबूत करने का भी माध्यम हैं। राजनीतिक हलकों में 129 विधानसभा क्षेत्र में लेखराज भारती की सक्रियता और कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क को लेकर भी चर्चा है। दीपावली के मौके पर तीन मंडलों के कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मौजूदगी को संगठन के साथ उनके जुड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर पूरनपुर मंडल अध्यक्ष हर्ष प्रधान, कलीनगर मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, घुंघचिहाई मंडल अध्यक्ष भगवती सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला मनचला गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी, डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0, एंटी रोमियो चेकिंग और महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) खीरी व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के नेतृत्व में आज दिनांक 04.11.2026 को सम्पूर्णानगर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के डाकखाने के मोड़, बहद कस्बा सम्पूर्णानगर के पास से आने-जाने वाली महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अभिषेक कुमार पुत्र जनक कुमार (निवासी= कृष्णानगर कॉलोनी, थाना सम्पूर्णानगर, जनपद खीरी) के रूप में हुई है। इस मामले में थाना सम्पूर्णानगर पर सुसंगत धाराओं (मु0अ0सं0 159/2026 धारा 296 बीएनएस) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जनपद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मनचलों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

लिटिल एंजेल्स स्कूल में वार्षिक समारोह उद्गम का शानदार आगाज, बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा



पीलीभीत। स्थानीय लिटिल एंजेल्स स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'उद्गम' का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन प्री-प्राइमरी सेक्शन (पीएनसी, एनसी और के जी) के नन्हे विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक जीवंत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस गरिमामयी समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि रोशनी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक डॉ संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक,उप-प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा और कार्डिनेटर पल्लवी गुप्ता व प्रिया जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, वेंगा बॉयज, ओशन डांस, मेरी दुनिया, चतुर खरगोश, कोली नृत्य, जंगल बंगल जादू, बम्बल बी, डिग्गी, एक अनेक और वेस्टर्न डांस जैसी संगीतमय व नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। स्कूल आर्किस्ट्रा द्वारा संगीत की प्रस्तुतियों पर दर्शक झूम उठे। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, इस वार्षिक समारोह श्उद्गमश् का मुख्य उद्देश्य नन्हे बच्चों को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने, आत्मविश्वास जगाने और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करना है। यह सफल आयोजन छात्रों के समग्र और चैमुखी विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उद्गम के पहले दिन की यह शाम नन्हे कलाकारों के अद्भुत उत्साह, मासूमियत और आनंदमयी प्रस्तुतियों के साथ बेहद यादगार और सफल रही।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई दीपावली, उपहार और मिठाई बांटकर दी शुभकामनाएं



पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती ने 129 विधानसभा पूरनपुर के कलीनगर मंडल, ऊंचाई मंडल एवं पूरनपुर नगर मंडल में पार्टी के बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों, मंडल पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया। इस अवसर पर लेखराज भारती ने सभी कार्यकर्ताओं को दीपावली के उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर पर्व की खुशियां साझा कीं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लेखराज भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत और रीढ़ की हड्डी है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम, समर्पण एवं निष्ठा से ही संगठन निरंतर मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना केवल उनका दायित्व नहीं, बल्कि आत्मीय संबंध और संकल्प है। उन्होंने कहा कि त्योहार केवल खुशियां मनाने का अवसर नहीं होते, बल्कि आपसी प्रेम, विश्वास, सम्मान एवं संगठनात्मक एकजुटता को और मजबूत करने का माध्यम भी हैं। ऐसे आयोजन कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता बढ़ाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर तीनों मंडलों के अध्यक्ष हर्ष प्रधान, संजीव त्रिवेदी, भगवती सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अकलीम अहमद मलिक का स्वागत

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बृज क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अकलीम अहमद मलिक का बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने अकलीम अहमद मलिक को क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके इस महत्वपूर्ण पद पर पहुंचने से पीलीभीत का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने विश्वास जताया कि अकलीम अहमद मलिक संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं, नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अकलीम अहमद मलिक ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की नीति के तहत अल्पसंख्यक समाज के लोगों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। इसी का परिणाम है कि समाज में भाजपा के प्रति उत्साह और विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, मान सिंह राठौर, अभिमन्यु गंगवार, दीपक सोनकर, हेमराज दिवाकर, शकुंतला राजपूत, निशान सिंह सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



उत्तर रेलवे ने दिल्ली के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये

उत्तर रेलवे ने व्यापक स्तर पर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफजवानों की तैनाती



(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। त्योहारी मौसम के दौरान यात्रियों की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे ने दिल्ली के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यात्रियों की सुरक्षा, सुगम आवागमन और किसी भी तरह की असुविधा से बचाने के लिए उत्तर रेलवे ने व्यापक स्तर पर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ जवानों की तैनाती की है।

प्रमुख बिंदु

व्यापक सुरक्षा बल की तैनाती, इस त्योहारी सीजन में उत्तर रेलवे ने कुल 2040 रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया है, जिसमें 1300 जवानों की अतिरिक्त तैनाती शामिल है। प्रमुख स्टेशनों पर विशेष निगरानी, यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए नई दिल्ली, आनंद विहार, हजरत निजामुद्दीन और पुरानी दिल्ली स्टेशनों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। 24 घंटे निरंतर सेवारू सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए आरपीएफ के ये जवान 24 घंटे ड्यूटी पर उपलब्ध रहेंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और यात्रियों को तत्काल सहायता प्रदान की जा सके। उत्तर रेलवे अपने सभी यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत ड्यूटी पर मौजूद रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को दें।

धान खरीद नीति में संशोधन, क्रॉप सर्वे अधूरा होने पर किसानों को मिलेगा फसल चयन का विकल्प

पीलीभीत। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत धान खरीद को लेकर शासन ने धान क्रय नीति में संशोधन किया है। शासन द्वारा जारी धान क्रय नीति संख्या 03,2026,644,29-4-2026,ई-163,2026, दिनांक 10 अक्टूबर 2026 के प्रस्तर 11 में संशोधन किए गए हैं। इसके तहत फार्मर आईडी में क्रॉप सर्वे का डेटा पूर्ण न होने की स्थिति में किसानों के पंजीकरण और फसल सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार, प्रस्तर 11.1, 11.2 एवं 11.3 पूर्ववत रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिन किसानों की फार्मर आईडी बनी हुई है, उनकी सभी प्राप्त भूमि के विवरण को पंजीकरण में शामिल किया जाएगा। यदि संबंधित भूमि पर क्रॉप सर्वे के माध्यम से फसल का विवरण उपलब्ध नहीं होता है या धान, मक्का, बाजरा अथवा अन्य फसल का विवरण प्राप्त नहीं होता है, तो किसान को स्वयं फसल चयन का विकल्प दिया जाएगा। यदि क्रॉप सर्वे में प्राप्त फसल और किसान द्वारा चुनी गई फसल एक समान होती है, तो उसे सत्यापित मान लिया जाएगा। किसान द्वारा अन्य फसल का विकल्प चुनने तथा स्वतः सत्यापन होने की स्थिति में भी इसका विवरण पंजीकरण प्रपत्र में दर्ज किया जाएगा। हालांकि, ऐसे रकबों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत खरीद नहीं होने के कारण वहां से उपज की खरीद नहीं की जाएगी। वहीं, यदि किसान क्रॉप सर्वे में दर्ज फसल से अलग फसल का चयन करता है, तो ऐसे मामलों को वर्तमान प्रचलित व्यवस्था के अनुसार संबंधित अधिकारियों के लॉगिन पर सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। संबंधित अधिकारी पूर्व वर्ष की भांति ऑनलाइन सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। शासन ने स्पष्ट किया है कि संशोधित व्यवस्था पूर्व में कराए जा चुके पंजीकरणों के साथ-साथ वर्तमान में किए जा रहे पंजीकरणों पर भी लागू होगी। किसानों को संशोधित प्रक्रिया की जानकारी और पंजीकरण संबंधी सहायता के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

पीलीभीत में 6 नवंबर को होगा जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता कृषक गोष्ठी का आयोजन

पीलीभीत। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी पीलीभीत की टीप दिनांक 2 नवंबर 2026 में दिए गए निर्देशों के क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गोष्ठी के साथ त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम तथा एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के अंतर्गत भी जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 6 नवंबर 2026 को प्रातः 11 बजे गांधी स्टेडियम स्थित प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित होना प्रस्तावित है। गोष्ठी में कृषकों को रबी फसलों की उन्नत तकनीकी जानकारी, पराली प्रबंधन के प्रभावी उपायों तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों से अवगत कराना तथा फसल उत्पादन और कृषि प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय, पीलीभीत से संपर्क कर सकते हैं।

राज्य कर विभाग की व्यापारियों के साथ बैठक सम्पन्न, समय से टैक्स जमा करने की दी गई जानकारी

पीलीभीत। व्यापारी संवाद के तहत राज्य कर विभाग द्वारा बुधवार, 4 नवंबर को राज्य कर कार्यालय पीलीभीत में किराना, मिठाई विक्रेताओं एवं रेस्टोरेंट व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक अपराह्न 12 बजे हुई, जिसमें व्यापारियों को कर संबंधी विभिन्न जानकारियां देकर जागरूक किया गया। बैठक में व्यापारियों को समय से रिटर्न दाखिल करने, टैक्स रेट, ब्याज माफी तथा त्योहारों के दौरान होने वाली बिक्री के सापेक्ष अधिक से अधिक कर जमा करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को कर नियमों का पालन करने और निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में राज्य कर विभाग की ओर से संजीव कुमार ओमर, रिकेंश सिंह उपायुक्त राज्य कर, पंकज कुमार पाण्डेय सहायक आयुक्त राज्य कर तथा विपिन मिश्रा और रूपकिशोर राज्य कर अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं व्यापारी वर्ग की ओर से संजीव शर्मा, पार्थ गुप्ता, उद्देश्य अग्रवाल, सरवन कुमार, अमन जैसवार, सचिन, पारस गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

औद्योगिक विकास और सामाजिक परिवर्तन में जमनालाल का रहा अतुलनीय योगदान

नई दिल्ली। बजाज समूह के संस्थापक एवं परिवार के आदर्श पुरुष श्री जमनालाल बजाज की 137वीं जयंती के अवसर पर बजाज परिवार ने एक विशेष श्रद्धांजलि फिल्म जारी की है। श्री शिशिर बजाज के नेतृत्व में परिवार की तीसरी चौथी और पांचवीं पीढ़ी द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म जमनालाल बजाज के असाधारण जीवन उनके आदर्शों तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम औद्योगिक विकास और सामाजिक परिवर्तन में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करती है। यह फिल्म बजाज समूह के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। फिल्म में परिवार की विभिन्न पीढ़ियों के प्रतिनिधि शिशिर बजाज कुशाग्र नयन बजाज अपूर्व बजाज और सुश्री आनंदमयी बजाज अपने पूर्वज के जीवन और विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। फिल्म में श्री जमनालाल बजाज की स्वतंत्रता सेनानी अग्रणी उद्योगपति समाज सुधारक और परोपकारी व्यक्तित्व के रूप में उनकी प्रेरणादायी यात्रा को दर्शाया गया है। महात्मा गांधी के अत्यंत करीबी सहयोगी रहे श्री जमनालाल बजाज को गांधीजी स्नेहपूर्वक अपना पांचवां पुत्र मानते थे। स्वदेशी खादी सामाजिक समानता और आर्थिक आत्मनिर्भरता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उनके जीवन का आधार रही। फिल्म में गांधीजी और अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं के साथ उनके संबंधों तथा वर्धा स्थित ऐतिहासिक बजाजवाड़ी की भूमिका को भी दर्शाया गया है जो स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय नेतृत्व के विचार.विमर्श और मुलाकातों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनी।

बीएलएस ई-सर्विसेज ने Q2 और H1 FY27 में मजबूत ग्रोथ जारी रखी

नई दिल्ली। बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड (BLSe), जो टेक्नोलॉजी की मदद से डिजिटल सेवाएं प्रदान करती है, ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त हुई तिमाही के अपने कंसोलिडेटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा की।कंपनी के प्रदर्शन और हाल के अपडेट्स पर बात करते हुएए बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन श्री शिखर अग्रवाल ने कहा बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह हमारे प्रमुख कारोबार में लगातार हो रही ग्रोथ और डिजिटल सेवाओं और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में बढ़ते काम को दर्शाता है। कंपनी की कुल आय पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 55.1% बढ़कर 428 करोड़ हो गई। वहींए म्टप्ज्क। में 23ध्4: की बढ़ोतरी हुई और यह 32 करोड़ रहा। ऑपरेशनल भी 43.8% बढ़कर ?29 करोड़ पहुंच गया। में कंपनी की कुल आय 40: बढ़कर 738 करोड़ रही। इस दौरान 15.9% बढ़कर 59 करोड़ और ऑपरेशनल म्टप्ज्क। 32.5% बढ़कर ?50 करोड़ हो गया।इस तिमाही में बैंकिंग और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भी कंपनी ने अच्छी प्रगति की। कंपनी को पंजाब एंड सिंध बैंक और छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक से मउचंदमसउमदज मिला है। इससे बैंकों के साथ हमारे संबंध और मजबूत हुए हैं और बिजनेस कॉरस्पोंडेंट नेटवर्क के विस्तार के नए अवसर मिले हैं।जलंजप के एकीकरण के बादए 30 सितंबरए 2026 तक कंपनी के कुल टचपॉइंट्स बढ़कर 1ए88ए200 से अधिक हो गएए जबकि 30 सितंबरए 2025 को इनकी संख्या 1,47,000 से अधिक थी। इसी तरह की संख्या भी बढ़कर 74,400 से अधिक हो गई, जो पिछले साल इसी समय 45,400 से अधिक थी। हम अपने नेटवर्क का विस्तार करने, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ संबंध मजबूत करने, सेवाओं की संख्या बढ़ाने और अपने बढ़ते नेटवर्क के जरिए अधिक सेवा, उपलब्ध कराने पर ध्यान दे रहे हैं।

नगर मजिस्ट्रेट मौर्य की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबन्धन योजना की बैठक हुई सम्पन्न



पीलीभीत। नगर मजिस्ट्रेट पी0एल0 मौर्य की अध्यक्षता में गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट, पीलीभीत में जिला आपदा प्रबन्धन योजना तैयार किये जाने के संबंध में जनपद के समस्त सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गयी। आपदाओं से होने वाली जन-धन की हानि को न्यूनतम करने के लिए एक व्यावहारिक, सुव्यवस्थित एवं अद्यतन जिला आपदा प्रबन्धन योजना तैयार किया जाना आवश्यक है। जनपद पीलीभीत बाढ़, आग, तूफान, वज्रपात, सड़क दुर्घटना, मानव वन्य जीव द्वन्द, सर्पदंश, डूबने जैसी आपदाओं के प्रति संवेदनशील है, इसलिए योजना में स्थानीय परिस्थितियों, संभावित जोखिमों एवं उपलब्ध संसाधनों को समुचित रूप से सम्मिलित करते हुये आपदा प्रबन्धन योजना तैयार किया जाना है। इस पहल का उद्देश्य जनपद स्तर पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण, संस्थागत क्षमता संवर्धन तथा समन्वित प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करना है, जिससे आपदा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक सक्षम एवं प्रभावी बनाया जा सकें। अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड पूरनपुर द्वारा जनपद पीलीभीत में बाढ़ की जोखिम संवेदनशीलता के परिदृश्य के बारे मे जानकारी प्रदान की गयी। राज्य स्तर से ज्तेनजपनउ ग्लोबल कंसल्टिंग एजेंसी को प्राधिकृत ग्लोबल कंसल्टिंग एजेंसी के टीम लीडर डीआरआर मिस्टर- शैलेश कुमार ने बताया कि जनपद के आपदा जोखिम, उपलब्ध मानव संसाधन, उपकरण, राहत सामग्री, आपातकालीन संपर्क एवं कार्ययोजना से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध कराये जाने के अपेक्षा की गयी है। आपदा की स्थिति में विभागों के मध्य आपसी समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव कार्य तथा पुनर्वास की स्पष्ट जिम्मेदारियां तय की जायेगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। बैठक में आपदा पूर्व तैयारी, आपदा के दौरान एवं आपदा के बाद जन-जागरूकता, मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण, संवेदनशील स्थलों के चिन्हांकन तथा आपदा के समय सूचना के त्वरित आदान-प्रदान की व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। स्टेकहोल्डर्स द्वारा योजना को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। उक्त समन्वय बैठक में उपजिलाधिकारी अनुराग पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 भुवनचन्द्र पंत, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी अधिशासी अभियन्ता आशुतोष कुमार, मुख्य राजस्व लेखाकार, छेदा लाल, आपदा विशेषज्ञ भगवती प्रसाद एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिशु विहार इंटर कॉलेज में धूमधाम से मना 50वाँ स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव

बीसलपुर। शिशु विहार इंटर कॉलेज, बीसलपुर में रविवार, 1 नवंबर 2026 को विद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और विद्यार्थियों की प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में एडवोकेट विनोद राय, भद्रपाल गंगवार (आरएसएस) एवं नरेश कीर्तिव शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में संस्था की 50 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1976 में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्यालय की स्थापना हुई थी। इसके बाद वर्ष 1986 में भूमि क्रय, 1994 में अंग्रेजी माध्यम की शाखा का शुभारंभ तथा 2004 में हाईस्कूल, 2010 में इंटरमीडिएट और 2012 में अंग्रेजी माध्यम की मान्यता प्राप्त हुई। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन को सफल बनाने में प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोहिया, उपाध्यक्ष श्रीओम गुप्ता, प्रबंधक संजीव लोचन गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य कैलाश चंद्र अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या दीपशिखा मिश्रा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय की स्वर्ण जयंती समारोह ने उसकी गौरवशाली शैक्षिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को यादगार बनाया। यह आयोजन शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का प्रतीक बना।

परिजनों ने सड़क पर महिला का शव रखकर चक्का किया जाम यातायात प्रभावित

निगोही/शाहजहांपुर। गोली हत्या काण्ड मामले में मृतक महिला के परिजनों ने निगोही तिलहर मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची क ई थानो की पुलिस ने कमान संभाली। गौरतलब है कि बुधवार को पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज् होकर मृतक रेशमा का शव सड़क पर रखकर मायके बालों ने नामजद शेष आरोपीयों की गिरफ्तार करने की मांग एवं आरोपी के आवास पर बुलडोजर चलवाकर कार्यवाही की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। तथा चक्का जाम होने की वजह से यातायात काफी प्रभावित रहा। और अफरा तफरी का माहौल बना रहा। काफी समय बाद पुलिस के समझाने के बाद महिला के परिजन माने लेकिन उन्होंने ने अंतिम संस्कार करने से किया इंकार।

पुवायां में चेयरमैन संजय गुप्ता ने किया स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन



पुवाया/शाहजहांपुर- नगर पालिका परिषद पुवायां की ओर से नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चेयरमैन संजय गुप्ता ने नगर के जेवा रोड विवेकानंद इंटर कालेज से गोशाला तक नवनिर्मित स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन किया द्य स्ट्रीट लाइटों के स्थापित होने से जेवा रोड पर रात्रि के समय आवागमन करने वाले राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को विशेष सुविधा प्राप्त होगी। इससे मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ यातायात एवं नागरिकों की सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर सभासदगण, पालिका कर्मचारीगण सहित कई लोग मौजूद रहे।

बजाज चीनी मिल मकसूदापुर बंडा में किसानों का करोड़ों रुपए बकाया

पुवाया/शाहजहांपुर। आज भारतीय किसान सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप ने बताया कि बजाज चीनी मिल मकसूदापुर बंडा में किसानों का करोड़ों रुपए बकाया है जो कि पिछले सत्र का अभी तक किसानों को नहीं मिल पाया दिवाली का त्यौहार है किसानों को पिछला भुगतान न मिल पाने के कारण किसान बहुत ज्यादा परेशान है इस गंभीर समस्या को लेकर तहसील पुवाया में उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज को ज्ञापन देकर तहसील प्रशासन को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि आगामी 6 नवंबर दिन शुक्रवार से विशाल धरना प्रदर्शन मकसूदापुर चीनी मिल गेट पर किया जाएगा जिसमें हजारों किसान मौजूद रहेंगे और जब तक पुराना बकाया करने का भुगतान नहीं होगा तब तक किसान अपनी गन्ने की फसल चीनी मिल को नहीं देंगे गन्ना किसान अपनी दिवाली इस बार मकसूदापुर चीनी मिल गेट पर मनायेगा।

पर्यावरणीय चुनौती है प्रदूषण

दिल्लीमें दिवालीकी आहटके साथ ही एक बार फिर प्रदूषणका संकट गहराने लगा है। त्योहारकी तैयारियोंके बीच राजधानीकी हवा इतनी जहरीली होती जा रही है कि लोगोंके लिए खुलेमें सांस लेना भी कठिन हो गया है। सुबहकी सैर करने वाले लोग घरोंमें रहनेको मजबूर हैं। यह स्वास्थ्य और जीवनकी सुरक्षासे जुड़ा गम्भीर प्रश्न है।

❒ महेन्द्र तिवारी

भारतीय मौसम विज्ञान संस्थानकी वायु गुणवत्ता संबंधी निगरानीके अनुसार दिल्लीके कई इलाकोंमें वायु गुणवत्ता सूचकांक ४०० के पार पहुंच गया। जहांगीरपुरीमें यह ४४०, पंजाबी बागमें ४३६ और रोहिणीमें ४२५ दर्ज किया गया। कुछ अन्य क्षेत्रोंमें भी स्थिति बेहद चिन्ताजनक रही। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डके अनुसार ३ नवम्बरको दिल्लीका औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक ३५० तक पहुंच गया था। यह इस वर्ष फरवरीके बाद सबसे खराब स्थिति बतायी गयी। इन आंकड़ोंसे स्पष्ट है कि राजधानीकी हवा अब सामान्य जन-जीवनके लिए गम्भीर चुनौती बन चुकी है। प्रदूषणकी गम्भीरताको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोगने २ नवम्बरको दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रमें क्रमिक प्रतिक्रिया कार्ययोजनाके दूसरे चरणको लागू कर दिया। इसके अंतर्गत सड़कोंकी नियमित यांत्रिक सफाई, धूल दबानेके लिए पानीका छिड़काव, निर्माण स्थलोंपर कड़ी निगरानी और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनोंपर नियंत्रण जैसे उपाय किये जा रहे हैं। सार्वजनिक परिवहनको बढ़ावा देनेके लिए अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाने और यातायातके दबाव वाले स्थानोंपर निगरानी बढ़ाने जैसे कदम भी उठाये गये हैं। हालांकि सवाल यह है कि क्या ये उपाय राजधानीको प्रदूषणसे वास्तविक राहत दिला पायंगे या फिर हर वर्षकी तरह कुछ दिनोंकी सख्तीके बाद स्थिति पहले जैसी हो जायगी। दिल्लीके प्रदूषणका सबसे बड़ा कारण किसी एक गतिविधिको नहीं माना जा सकता। इसके पीछे कई कारक एक साथ काम करते हैं। वाहनोंसे निकलने वाला धुआं, औद्योगिक इकाइयोंका उत्सर्जन, निर्माण कार्योंसे उड़ने वाली धूल, सड़कोंपर जमा मिट्टी, कूड़ा जलाना और आसपासके राज्योंमें पराली जलानेकी घटनाएं वायुको प्रदूषित करती हैं। इसके अतिरिक्त मौसममें बदलाव भी इस समस्याको गम्भीर बना देता है। तापमानमें गिरावट, हवाकी कम गति और वातावरणमें नमीके कारण प्रदूषक कण ऊपर नहीं उठ पाते। वे धरतीके निकट ही जमा होते रहते हैं। परिणामस्वरूप धुंधकी मोटी परत बन जाती है और सांसके साथ सूक्ष्म प्रदूषक कण शरीरके भीतर पहुंचने लगते हैं। हर वर्ष धानकी कटाईके बाद पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेशके कुछ क्षेत्रोंमें फसल अवशेष जलानेकी घटनाएं सामने आती हैं। इस वर्ष भी इन घटनाओंमें वृद्धिकी खबरें हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदके उपग्रह आंकड़ोंके अनुसार, ३ नवंबरको छह राज्योंमें फसल अवशेष जलानेकी ७९८ घटनाएं दर्ज की गयीं। हालांकि दिल्लीके प्रदूषणके लिए केवल परालीको जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। राजधानीके भीतर मौजूद प्रदूषणके स्रोत भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जब स्थानीय प्रदूषण और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियां एक साथ मिलती हैं, तब समस्या और विकराल हो जाती है। इसलिए राज्योंके बीच आरोप-प्रत्यारोपके बजाय साझा समाधानकी आवश्यकता है। दिवालीके अवसरपर पटाखोंका उपयोग इस समस्याको और बढ़ा सकता है। आतिशबाजीसे निकलने वाला धुआं और सूक्ष्म कण पहलेसे प्रदूषित वातावरणमें अतिरिक्त विषाक्तता पैदा करते हैं। इसीको ध्यानमें रखते हुए सर्वोच्च न्यायालयने इस वर्ष दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रमें प्रमाणित हरित पटाखोंके सीमित उपयोगकी अनुमति दी है। न्यायालयके निर्देशके अनुसार ७ और ८ नवंबरको सुबह छहसे सात बजे तथा रात आठसे दस बजेतक ही इन्हें जलाया जा सकेगा। इनकी बिक्री ४ से ६ नवम्बरतक निर्धारित अधिकृत स्थानोंपर होगी। अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों, वृद्धाश्रमों, शिक्षण संस्थानों और घोषित शांत क्षेत्रोंके ३०० मीटरके दायरेमें पटाखे जलानेपर रोक रहेगी। ९ नवम्बरसे पटाखोंपर पूर्ण प्रतिबंध फिर लागू हो जायगा। हरित पटाखोंको पारम्परिक पटाखोंकी तुलनामें कम प्रदूषण फैलाने वाला विकल्प माना जाता है। इनका निर्माण वैज्ञानिक मानकों और निर्धारित प्रमाणनके अनुसार किया जाता है। इनके पैकेटपर पहचानके लिए विशेष संकेत और क्यूआर कोड होना आवश्यक है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि हरित पटाखे प्रदूषण रहित नहीं होते। उनसे भी धुआं, ध्वनि और हानिकारक कण निकलते हैं। इसलिए न्यायालयके निर्देशोंका पालन केवल प्रशासनकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका कर्तव्य भी है। प्रदूषणका सबसे अधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों गर्भवती महिलाओं और पहलेसे सांस तथा हृदय संबंधी समस्याओंसे जूझ रहे लोगोंपर पड़ता है। छोटे बच्चोंके फेफड़े विकासकी अवस्थामें होते हैं। ऐसेमें जहरीली हवा उनके स्वास्थ्यपर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकती है। बुजुर्गोंके लिए भी प्रदूषित वातावरण गम्भीर खतरा पैदा करता है। स्वस्थ व्यक्ति भी लम्बे समयतक प्रदूषित हवामें रहनेसे सांस संबंधी परेशानियोंका शिकार हो सकता है। इस स्थितिमें विद्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानोंको विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। प्रदूषणसे निबटनेके लिए सरकारको तात्कालिक कदमोंके साथ दीर्घकालिक योजना भी बनानी होगी। सार्वजनिक परिवहनको अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाना इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि बसों और रेलगाड़ियोंकी संख्या बढ़ेगी तथा उनकी सेवाएं नियमित होंगी तो निजी वाहनोंपर निर्भरता कम हो सकती है। निर्माण स्थलोंपर धूल रोकनेके नियमोंका उल्लंघन करने वालोंके विरुद्ध कठोर कारवाई होनी चाहिए। किसानोंके सामने फसल अवशेषोंके निबटारेकी समस्याको समझे बिना पराली जलानेपर रोक लगाना पर्याप्त नहीं होगा। उन्हें ऐसी मशीनों, तकनीकों और आर्थिक सहायताकी जरूरत है, जिनसे खेतोंमें बचे अवशेषोंका उपयोग किया जा सके। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारोंको मिलकर काम करना चाहिए। किसानोंको दोषी ठहरानेके बजाय उन्हें व्यवहारिक विकल्प उपलब्ध कराने होंगे। फसल अवशेषोंसे जैविक खाद, ऊर्जा और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार करनेकी व्यवस्था विकसित की जा सकती है। इससे पर्यावरणकी रक्षाके साथ किसानोंकी आय बढ़ानेके अवसर भी पैदा होंगे। नागरिकोंकी भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। छोटी-छोटी सावधानियां सामूहिक रूपसे बड़ा बदलाव ला सकती हैं। त्योहार मनानेके लिए पटाखोंको अनिवार्य माननेकी सोच भी बदलनी होगी। दीपक, रंगोली, सामूहिक सांस्कृतिक आयोजन और परिवारके साथ उत्सव मनानेके अनेक विकल्प मौजूद हैं। त्योहारकावास्तविक आनन्द तभी है, जब उसकी खुशियां किसी दूसरेके लिए बीमारी और परेशानीका कारण न बनें। दिल्लीकी प्रदूषित हवा हमें विकासकी दिशा और जीवनकी गुणवत्तापरपुनर्विचार करनेके लिए मजबूर करती है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और चमकते बाजार किसी शहरकी सफलताके पर्याप्त प्रमाण नहीं हो सकते। किसी राजधानीकी वास्तविक समृद्धि इस बातसे भी तय होती है कि वहां रहने वाले नागरिक कितनी स्वच्छ हवामें सांस लेते हैं। हर वर्ष सर्दियोंके आरम्भमें प्रदूषणका बढ़ना और फिर अस्थायी उपायोंसे उसे नियंत्रित करनेका प्रयास हमारी नीतियोंकी कमजोरियोंको उजागर करता है। अब समय आ गया है कि प्रदूषणको मौसमी संकट माननेके बजाय स्थायी सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतीके रूपमें देखा जाय। दिवाली प्रकाश, उल्लास और नयी आशाओंका त्योहार है। इसकी चमक धुएं और धुंधमें खोनी नहीं चाहिए। सरकार, प्रशासन, उद्योग, किसान और आम नागरिक, सभीको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अदालतके आदेशोंका पालन और प्रदूषण नियंत्रणके उपाय तभी सफल होंगे, जब उनके साथ जन-भागीदारी भी जुड़ी होगी। हमें ऐसी दिवाली मनानेका संकल्प लेना चाहिए, जिसमें घरों और गलियोंमें दीप जलें, चेहरोंपर मुस्कान हो और हवामें सांस लेनेका भरोसा बना रहे। आखिर स्वच्छ हवा किसी एक मौसम या त्योहारकी जरूरत नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका बुनियादी अधिकार है।



दिवाली प्रकाश, उल्लास और नयी आशाओंका त्योहार है। इसकी चमक धुएं और धुंधमें खोनी नहीं चाहिए। सरकार, उद्योग, किसान और आम नागरिक, सभीको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अदालतके आदेशोंका पालन और प्रदूषण नियंत्रणके उपाय तभी सफल होंगे, जब उनके साथ जन-भागीदारी भी जुड़ी होगी। हमें ऐसी दिवाली मनानेका संकल्प लेना चाहिए, जिसमें घरोंमें दीप जलें, चेहरोंपर मुस्कान हो और हवामें सांस लेनेका भरोसा बना रहे। आखिर स्वच्छ हवा किसी एक मौसम या त्योहारकी जरूरत नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका बुनियादी अधिकार है।

ट्रम्पकी बड़ी हार

अमेरिकाके मध्यावधि चुनावमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी रिपब्लिकन पार्टीको हार मिली है। विपक्षी दल डेमोक्रेट पार्टीने सीनेटमें ५१ सीटें और हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्समें २१८ सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। पिछले २१ मध्यावधि चुनावोंमें १९ बार राष्ट्रपतिकी पार्टीको पराजयका सामना करना पड़ा है। इसलिए इस बारकी हार ट्रम्पके लिए कोई नयी बात नहीं है लेकिन इससे ट्रम्पकी लोकप्रियतामें अवश्य बड़ी गिरावट आयी है। अपवादके तौरपर १९९८ में बिल क्लिण्टन और २००२ में जार्ज बुशकी पार्टियोंने जीत दर्ज की थी। मध्यावधि चुनावमें इस बार भारतीय मूलके प्रत्याशियोंका जलवा विशेष रूपसे उल्लेखनीय रहा। सीनेटमें बहुमत खोनेके बाद ट्रम्पकी मुश्किलें अवश्य बढ़ेगी। विशेष बात यह भी है कि डेमोक्रेट पार्टीको युवाओंने ज्यादा मतदान किया है। साथ ही महिला मतदाताओंकी पसन्द भी डेमोक्रेट रहे। ट्रम्पने सार्वजनिक रूपसे अपनी हार स्वीकार कर ली है और यह भी कहा है कि हम डेमोक्रेट्सिके साथ मिलकर काम करेंगे। उनके साथ काम करनेके लिए हम उत्साहित हैं। हम कोई रास्ता निकाल लेंगे। तीन नवम्बरको हुए मध्यावधि चुनावोंका विशेष महत्व इसलिए है कि इनके परिणाम राष्ट्रपति ट्रम्पके शेष कार्यकाल, उनकी नीतियों और रिपब्लिकन पार्टीकी विधायी क्षमताको प्रभावित करेंगे। चुनाव परिणामोंसे ट्रम्प प्रशासनके प्रति जनताकी नाराजगी स्पष्ट रूपसे दिखती है। अमेरिकी मतदाताओंके एक बड़े वर्गने सरकारकी आर्थिक और विदेश नीतिसे जुड़े मुद्दोंपर गहरा असन्तोष व्यक्त किया है। इसके कई बड़े कारण हैं। इनमें महंगी और जीवनयापनकी बढ़ती लागत, ईरान युद्धका दुष्प्रभाव, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक पारदर्शिता प्रमुख है। चुनाव परिणामोंका सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक पक्ष है। डेमोक्रेट पार्टीके सीनेटपर नियंत्रणसे ट्रम्पके लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हालांकि ट्रम्पके पास वीटोकी शक्ति बनी रहेगी। ऐसी भी आशंका है कि ट्रम्पके खिलाफ महाभियोग आ सकता है। अमेरिकाकी विदेश नीतिमें भी बदलाव किये जा सकते हैं। साथ ही भारत और अमेरिकाके सम्बन्धोंपर भी प्रभाव सम्भावित है। भारतके लिए इन चुनावोंका विशेष महत्व है। दोनों देशोंके सम्बन्ध व्यापार, रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, अन्तरिक्ष और हिन्द-प्रशान्त क्षेत्रकी सुरक्षा जैसे अनेक क्षेत्रोंसे जुड़े हैं। इसलिए भारतको अब बदली हुई स्थितियोंको ध्यानमें रखते हुए अपनी रणनीति बनानी होगी। इसके लिए भारतको सोच-समझकर कदम बढ़ाना होगा।

धरनेपर सुप्रीम सुझाव

दिल्लीमें प्रदर्शनके दौरान अराजकतापर नाराजगी व्यक्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालयने मंगलवारको जो सख्त टिप्पणी की है वह न केवल महत्वपूर्ण और न्यायसंगत है, बल्कि प्रदर्शनकारियोंको भी इसके निहितार्थको समझनेकी जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकान्त, न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहनाकी पीठने कहा कि विरोध प्रदर्शन करनेका संवैधानिक अधिकार सभीको है, लेकिन अनिश्चित कालतक किसी स्थानपर लम्बे समयतक कब्जा बनाये रखनेकी अनुमति नहीं, क्योंकि इससे दूसरे समूहके लोगोंको विरोध करनेके इसी अधिकारसे वंचित होना पड़ेगा। यदि एक ही समूह लम्बे समयतक कब्जा बनाये रखेगा तो और लोग कहां जायंगे। विरोध प्रदर्शनके लिए निश्चित समय और निर्धारित अवधि होनी चाहिए। अनुमति आदेशमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि अनुमति क्यों दी जा रही है, कितने अवधिके लिए दी जा रही है या नहीं दी जा रही है। पीठने यह टिप्पणी निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके खिलाफ हालमें ही हुए प्रदर्शनसे जुड़ी याचिकाओंपर सुनवाईके दौरान की। कारोबारियोंने त्योहारी सीजनमें दो माहके लिए प्रदर्शनोंपर रोक लगानेकी मांग की थी। इस सम्बन्धमें पीठका यह कहना महत्वपूर्ण है कि विरोध करनेका अधिकार और व्यापार करने एवं आजीविका कमानेके अधिकारके बीच सन्तुलन होना चाहिए। इस तरहके लम्बी अवधितक चलने वाले प्रदर्शनोंसे सर्वाधिक प्रभावित दिहाड़ी मजदूर होते हैं। प्रदर्शनकारियोंको प्रदर्शन स्थगित कर देना चाहिए, क्योंकि यह मामला शीर्ष न्यायालयके विचाराधीन है, इसलिए आन्दोलनकारियोंको कोर्टका निर्णय आनेतक शान्ति और सौहार्द बनाये रखनेकी जरूरत है। त्योहारी सीजनमें हजारों करोड़ प्रतिदिन नुकसान गम्भीर चिन्ताकी बात है। राजनीति दलोंको सिर्फ अपनी पड़ी है, उन्हें कारोबारियों और इससे जुड़े श्रमिकोंके हितोंसे कुछ मतलब नहीं है जिनका काम पूरी तरह चौपट हो गया है। शीर्ष न्यायालयको कोई खास समाधान निकालनेकी जरूरत है। अभी त्योहारी सीजन चल रहा है, इसलिए किसी भी तरहके विरोध प्रदर्शन या धरनेकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

लोक संवाद

मासूमोंमें बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति

महोदय,-बचपनका नाम आते ही मनमें मासूमियत, निश्छल मुस्कान और बेफिक्र शरारतोंकी तस्वीरें उभरती हैं। लेकिन हालके दिनोंमें बच्चोंके व्यवहारसे आ रही खबरें दिल दहला देने वाली हैं। हरियाणाके पंचकूलाके एक स्कूलमें तीसरी कक्षाके महज आठ सालके छात्र द्वारा केजी क्लासकी छह सालकी मासूम बच्चीपर जिस तरह ईंटों और गमलेसे जानलेवा हमला किया गया, उसने पूरे देशको झकझोर कर रख दिया है। क्लासरूमके भीतर हुई यह खौफनाक वारदात सिर्फ एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं है, बल्कि यह हमारे समाजके सामने एक बेहद डरावना सवाल खड़ा करती है कि आखिर हमारे मासूम बच्चे इतने हिंसक क्यों हो रहे हैं। बाल मनोवैज्ञानिकोंका मानना है कि इतनी छोटी उम्रमें बच्चोंके भीतर इस कदर क्रूरता और संवेदनशीलताकी कमी अचानक पैदा नहीं होती। यह एक गहरी मानसिक और सामाजिक विकृतिका संकेत है, जिसकी जड़ें हमारे बदलते परिवेशमें छिपी हैं। आजकलके बच्चोंका एक बड़ा हिस्सा स्मार्टफोन, इंटरनेट और गेमिंगकी आभासी दुनियामें कैद हो चुका है। वे घंटों ऐसे वीडियो गेम्स खेलते हैं या वेब सीरीज देखते हैं जहां मार-काट, खून-खराबा और हिंसाको सामान्य बात बनाकर परोसा जाता है। जब एक कच्चा और कोमल दिमाग लगातार स्क्रीनपर इस तरहकी हिंसा देखता है तो उसकी वास्तविक संवेदनाएं कुण्ठित होने लगती हैं। उनके लिए किसीको शारीरिक नुकसान पहुंचाना महज एक खेलका हिस्सा लगने लगता है। वे वास्तविक जीवनके दर्द और डिजिटल स्क्रीनके रोमांचमें फर्क नहीं कर पाते। इसके साथ ही बदलते आधुनिक दौरमें एकल परिवारोंका चलन बढ़ा है, जहां माता-पिता दोनों काममें व्यस्त हैं। बच्चोंको बड़ोंका वह नैतिक मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है जो कभी संयुक्त परिवारोंमें दादा-दादी या नाना-नानीसे मिलता था। घरका अशांत वातावरण, माता-पिताके आपसी झगड़े उनके भीतर एक अनजाना अकेलापन और चिड़चिड़ापन भर देता है। यही दबा हुआ गुस्सा धीरे-धीरे हिंसक आक्रामकताका रूप ले लेता है। पंचकूलाकी इस घटनाने स्कूलोंके भीतर बच्चोंकी सुरक्षा और निगरानी व्यवस्थापर भी बड़े सवाल उठाये हैं। कक्षामें शिक्षकोंकी अनुपस्थिति और सीसीटीवी मॉनिटरिंगकी कमी इस तरहके हादसोंको बढ़ावा देती है। हालांकि घटनाके बाद शिक्षकोंको निलंबित करना या कमेटियां गठित करना एक तात्कालिक प्रशासनिक प्रक्रिया है, लेकिन यह इस मानसिक बीमारीका स्थायी इलाज नहीं है। अब समय आ गया है कि इस खतरेकी घंटीको गम्भीरतासे सुना जाय। केवल बच्चोंको कोसने या स्कूलोंपर ठीकरा फोड़नेसे बात नहीं बनेगी। माता-पिताको अपने बच्चोंके स्क्रीन टाइमको नियंत्रित करना होगा और वे इंटरनेटपर क्या देख रहे हैं, इसपर पैनी नजर रखनी होगी। उनके व्यवहारमें आने वाले चिड़चिड़ेपन या आक्रामकताको बचपनकी जिद समझकर नजरअंदाज करनेके बजाय उनसे प्यारसे संवाद करना होगा। साथ ही स्कूलोंमें केवल किताबी ज्ञान और ग्रेड्सकी होड़के बजाय नैतिक शिक्षा और व्यावहारिक मूल्योंपर जोर दिया जाना चाहिए। बच्चोंको यह सिखाना बेहद जरूरी है कि गुस्सा आनेपर खुदको कैसे संभालें और दूसरोंके प्रति दया भाव कैसे रखें। बचपनको संस्कार, सुरक्षा और स्नेहकी जरूरत होती है, नफरत या हिंसाकी नहीं। यदि आज हमने मिलकर अपने मासूमोंके मनमें पनप रहे इस गुस्सेको शांत नहीं किया तो हम एक ऐसे भविष्यका निर्माण कर रहे होंगे जो बेहद असुरक्षित, असंवेदनशील और हिंसक होगा। बच्चोंकी मासूमियत बचाना पूरे समाजका सामूहिक दायित्व है। **-सूर्यदीप कुशवाहा, वाराणसी।**

क्रिप्टोकी चोरीसे उपजे सुरक्षाके सवाल

दुनियाके सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंससे लगभग ६.३ अरब डालरकी डिजिटल संपत्ति कुछ ही मिनटोंमें उड़ा ली गयी। यह क्रिप्टो इतिहासकी सबसे बड़ी चोरी है। यह घटना भारतके लिए कई सवाल छोड़ जाती है।

❒ डा. संजय वर्मा

डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसे अभियानोंकी बदौलत भारत डिजिटल लेन-देनमें दुनियाके अग्रणी देशोंमें है। यहां लाखों लोग क्रिप्टोमें पैसा लगाते हैं। इसलिए क्रिप्टो एक्सचेंजमें हुई सेंधमारी एक अनिश्चित भविष्यके मद्देनजर हमारे लिए भी कई सवाल पैदा कर रही है। अबतक जो जांच-पड़ताल हुई है, उसमें सेंधमारोंके बारेमें कुछ अंदाजे लगाये गये हैं। जैसे कि ब्लॉकचेन विश्लेषक कम्पनियों- टीआरएम लैब्स और चेनालिसिसके मुताबिक इस सेंधमारीके पीछे उत्तर कोरियाकी हैकर इकाई 'ट्रेडरट्रेटर' का हाथ है। हैकरोंका यह समूह हैकिंगके मामलेमें पहलेसे कुख्यात लाजरस समूहसे जुड़ा बताया गया है। शुरुआती जानकारीके अनुसार सेंध बाइनेंसके ही एक इंजीनियरके हैक हुए लैपटॉपसे लगी और फिर महज २० मिनटमें अरबों डालरकी क्रिप्टो सफाईसे निकाल ली गयी। यह साबित करता है कि लेन-देन और निवेश जितना डिजिटल होगा, कमजोर कड़ियां उतनी ही महंगी पड़ेंगी। दिलचस्प यह है कि चुराई गयी क्रिप्टोको बाजारमें खपाना नकदी लूटको खपाने जितना आसान नहीं। ब्लॉकचेन (क्रिप्टो निर्माण और संचालनमें काम आने वाली तकनीक) में हर लेन-देन सार्वजनिक बहीखातेमें दर्ज होता है। इसलिए चोरको माल तुरन्त छोटे टुकड़ोंमें बांटना, दूसरी क्रिप्टो करेंसीमें बदलना और वैध धनमें मिलाना पड़ता है। इसके लिए फर्जी पहचानसे कई एक्सचेंजोंपर खाते, छोटी-छोटी जमाएं और एक ब्लॉकचेनसे दूसरीपर छलांगका सहारा लिया जाता है। यह हथेलीपर दहकता अंगारा लेकर, खुद जले बिना, उसे ठिकानेतक पहुंचाने जैसा है। बाइनेंस मामलेमें भी चुराये गये बिटकॉइन हजार-हजार और सौ-सौके टुकड़ोंमें बांटे गये और डालर-आधारित स्टेबलकॉइन विकेन्द्रीकृत एक्सचेंजोंपर बाजार भावसे दस फीसदी सस्ते बेचे गये। लेकिन इस बीच कई लेन-देन नियंत्रण करने वाली उन कम्पनियोंके जरिये गुजरे, जो ऐसी हरकतोंपर कड़ी नजर रखती हैं। जैसे कि स्टेबलकॉइन जारी करने वाली टेथर, सर्कल और रिपल जैसी कम्पनियां। इन कम्पनियोंने हैकिंग होनेके घंटेभरके भीतर करीब २.७ अरब डालर फ्रीज कर दिये। यानी जहां लेन-देनके बीच कोई जवाबदेह संस्था थी, वहां चोरी रोकी जा सकी। इसके बावजूद हमलावरके पास करीब २.४ अरब डालरके ईथर और बिटकॉइन बचे हैं, जिन्हें कोई वैध या सरकारी एजेंसी नहीं रोक पायी। इसलिए सवाल है कि आखिर क्रिप्टो करेंसीके सारे लेन-देन जवाबदेह संस्थाओं और कम्पनियोंके जरिये संपन्न क्यों नहीं कराये जा रहे हैं। हालांकि चिन्ता इससे भी बड़ी है। संयुक्त राष्ट्रके विशेषज्ञ वर्षोंसे कहते रहे हैं कि क्रिप्टो चोरी उत्तर कोरियाके प्रतिबंधित हथियार कार्यक्रमोंकी कमाईका बड़ा जरिया है। यानी किसी एक्सचेंजकी सुरक्षामें चूक अंततः किसी मिसाइल कार्यक्रमका ईंधन बन सकती है। पाकिस्तान जैसे अस्थिर पड़ोसीके रहते भारतके लिए यह सुरक्षाका सवाल भी है। यूं हमारे लिए यह संकट एकदम अनजाना भी नहीं। जुलाई २०२४ में घरेलू एक्सचेंज वजीरएक्ससे करीब २३ करोड़ डालर चुराये गये और उसके तार भी लाजरस समूहसे जोड़े गये। लाखों उपयोगकर्ताओंके खाते महीनों फ्रीज रहे। साथ ही नुकसान सभी ग्राहकोंमें बांटनेका प्रस्ताव आया और पुनर्गठनकी प्रक्रिया भारतके बजाय सिंगापुरकी अदालतमें चली। भारतीय एक्सचेंज, भारतीय ग्राहक, भारतीय पैसा, परन्तु इंसाफके लिए विदेशी कानूनका सहारा! जुलाई २०२५ में देशके सबसे बड़े एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्ससे करीब ४.४ करोड़ डालर उड़ाये गये कम्पनीने नुकसान अपने खजानेसे उठाया और सरकारी एजेंसी सर्ट-इनके साथ जांच की। परन्तु यह कम्पनीकी सदिच्छा थी, कोई कानूनी बाध्यता नहीं। सबक यह कि भारतमें हैकिंगके बाद निवेशकका पैसा लौटना इसपर निर्भर है कि उसका एक्सचेंज कितना अमीर और नेक है। बाइनेंस छह अरब डालरका घाव सह सकता है, कोई छोटा भारतीय स्टार्टअप नहीं।बाइनेंस जैसे विदेशी मंचोंपर सक्रिय भारतीय निवेशकोंका पैसा भी इस हादसेमें अटका और बिटकॉइन छह हफ्तेके निचले स्तरपर आ गया। वैश्विक झटकेकी कीमत दलाल स्ट्रीटसे लेकर छोटे शहरोंके जेन-जी निवेशकोंको चुकानी पड़ सकती है। यही वह जगह है जहां भारतकी क्रिप्टो नीतिके आकलनकी जरूरत पड़ती है। मौजूदा स्थितियोंमें क्रिप्टो करेंसीके निवेशकोंको प्रत्येक निवेशपर ३० प्रतिशतकी दरसे कर चुकाना पड़ता है। इसके अलावा हरेक लेन-देनपर एक प्रतिशतके टीडीएस यानी स्रोतपर ही टैक्स लगानेका प्रावधान है। एक अन्य कानूनी प्रावधान यह है कि क्रिप्टो एक्सचेंजको अपना पंजीकरण सरकारकी वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) में कराना होता है। इसका उद्देश्य हवाला कारोबार रोकना है। किन्तु यहां सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान निवेशकोंके पैसेकी सुरक्षामें मददगार होते हैं। सचाई यह है कि इन तीनों उपायोंके बावजूद क्रिप्टोमें पैसा लगाने वाले भारतीय निवेशकोंको कोई सुरक्षा हासिल नहीं होती है। इसका कारण यह है कि देशमें ऐसी नियामक संस्थाका अभाव है, जो क्रिप्टो एक्सचेंजसे ग्राहकोंको किसी आर्थिक नुकसानसे बचानेके लिए आपात भंडारमें पर्याप्त पूंजी रखनेको बाध्य करे। साथ ही एक्सचेंजको भी नुकसानकी पहली जिम्मेदारी लेनेकी व्यवस्था बनवाये। शेयर बाजारकी नियामक संस्था-सेबी ऐसा करती है। वह शेयर ब्रोकरोंसे ग्राहकोंको होने वाले संभावित नुकसानसे बचानेके लिए प्रतिभूतियां अलग रखवाती है और रिजर्व बैंकसे संबंधित बैंकोंका सुरक्षा ऑडिट करवाती है। जबकि क्रिप्टो एक्सचेंजोंके लिए ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। इसपर क्रिप्टोमें निवेशपर अत्यधिक कराधानकी वजहसे भारतीय निवेशक विदेशी अथवा कम प्रचलित, लेकिन असुरक्षित क्रिप्टो एक्सचेंजोंकी शरणमें चले जाते हैं, जिससे उनका जोखिम और बढ़ जाता है।

आत्मबोध

प्रदक्षिणाका अर्थ

❒ श्रीश्री रविशंकर

प्रदक्षिणाका अर्थ है इर्द-गिर्द जाना। दक्षिणाका अर्थ है कुशलतासे कुछ पूरा करना। अंग्रेजीका शब्द डेक्सटरोस संस्कृतके दक्षिणा शब्दसे आया है, जिसका मतलब है निपुणता। प्रदक्षिणाका अर्थ है एक बहुत ही विशेष रूपसे निपुण होना, एक बहुत ही निपुण तरीका जो कि कौशल और योग्यतासे बहुत निपुणतासे प्राप्त किया जाता है। प्रदक्षिणाका अर्थ है इर्द-गिर्द जाना। प्रदक्षिणाका अर्थ है निपुणतासे इर्द-गिर्द जानेकी योग्यता प्राप्त करना। जब आप किसी मंदिरके अंदर जाते हो तो मंदिरके निर्माणकी व्यवस्थाके अनुसार इसके तीन घेरे होते हैं। पहला घेरा हर्बल बागीचा होता है, जिसमें खूब सारे पेड़-पौधे होते हैं। यह पेड़ किस दिशामें लगाये जायं, यह मंदिरके निर्माणकी व्यवस्थाके अधीन आता है। सभी पेड़-पौधे दिशाओं और हवाके बहावके अनुसार लगाये जाते हैं। कुछ औषधिवाले पौधे, फूल और पेड़ बाहरी घेरेमें लगाये जाते हैं और जब आप इस हर्बल खुशबूसे निकलते हो तो इससे भावनात्मक और शारीरिक समस्यायोंका इलाज होता है और शरीरके असंतुलन ठीक हो जाते हैं। यह प्रायः एक किलोमीटर लंबा रहता है और इसमेंसे गुजरते समय सारे शरीरमें संचार बेहतर हो जाता है। शरीरके लिए जरूरी तेल और सुगंध खास कर पीपलके पेड़की, शरीरके द्वारा सोख ली जाती है। यही अकेला पेड़ है जो चौबीसों घंटे आक्सीजन छोड़ता है। बाकीके पेड़ आधा समय आक्सीजन छोड़ते हैं। पेड़ एक व्यक्तिकी बहुत सारी समस्याएं दूर करते हैं। सामाजिक रूपसे बहुत ज्यादा परिचर्चामें नहीं होनेकी वजहसे एक बड़ा तबका इससे अनभिज्ञ रह जाता है, खासकार पेड़-पौधोंके वैज्ञानिक पक्षको लेकर। खास कर इंफर्ट्रिलिटी की। प्रदक्षिणा ईश्वरके लिए या अन्य किसी और कारणसे नहीं, बल्कि स्वास्थ्यके लाभके लिए की जाती है। तब दूसरा घेरा आता है जिसमें बहुतसे स्त्री-पुरुषोंकी मूर्तियां रखी रहती हैं। पुराने समयमें वहांपर बैठ कर कुछ देरके लिए ध्यान करनेको कहा जाता था। इस तरहसे पहला घेरा आपको शारीरिक रूपसे बेहतर बनाता है। वहांकी हवामें सांस लेनेसे वात, पित्त और कफका संतुलन ठीक होता है। दूसरे घेरेमें मनकी सारी कल्पनाएं खत्म होती हैं। तब अंतमें आप मुख्य भागमें आते पवित्र मुख्य स्थान, जहां आप आंखें बंद करके बैठते हो और शून्यताका अनुभव करते हो। हिंदू धर्ममें प्रदक्षिणाका बहुत बड़ा महत्व है।

प्रकृति संरक्षण संचार में सहायक पर्व

❒ आनन्द उपाध्याय

भारतवर्ष पर्वोंका देश है। सनातन संस्कृतिके गौरवपूर्ण त्योहारोंमें दीपावली पर्वकी विशिष्ट महत्ता है। भारतीय सनातन संस्कृतिमें त्योहार सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानभर न होकर प्रत्यक्ष तौरपर प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलनसे सम्बद्ध परिलक्षित होते हैं। दीपावली पर्वका शुभारम्भ धनतेरसके शुभ पर्वसे होता है। पांच दिवसीय इस पर्वमें कार्तिक माहकी त्रयोदशी तिथिको धनतेरस मनाया जाता है। विभिन्न धातुओंके बर्तन एवं आभूषण विशेष रूपसे क्रय किये जाते हैं अगले दिवसको नरक चर्तुदशी या छोटी दीपावली मनायी जाती है। तीसरे दिन दीपावलीका मुख्य पर्व एवं लक्ष्मी गणेशके पूजनका आयोजन होता है। यह दिन कार्तिक माहकी अमावस्या तिथिको होता है। अगले दिन गोवर्धन पूजनका होता है जिसे अन्नकूटके नामसे भी संबोधित किया जाता है। इस पूज्य तिथिको गोवर्धन पर्वतकी पूजाका विधान है जबकि पांचवे दिन भईयादूजका आयोजन होता है। गोवर्धन पूजन कार्तिक माहकी शुक्ल पक्षकी प्रतिपदा तिथिको आयोजित होता है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ताके साथ गोवर्धन पूजाकी अनेक पर्यावरणीय विशेषताएं हैं, जिनमें प्रकृति एवं मनुष्यका प्रत्यक्ष जुड़ाव या पर्यावरण संरक्षणके प्रति रूझानका भाव उत्पन्न करना मूल उद्देश्य है। धार्मिक रूपसे गोवर्धन पूजनके दिन अन्नकूटका जो आयोजन होता है इसमें अनेक प्रकारकी मौसमी तरकारी, विविध अनाजों और मिष्ठानोंको मिश्रित कर विशिष्ट भोग तैयार होता है। श्रीकृष्णका पूजन एवं उनको भोग लगानेके बाद समाजमें वितरित किया जाता है। इस वितरणकी पृष्ठभूमिमें समाजमें सामूहिकताकी उदात्त भावनाका संचरण करनेके साथ ही आपसी समन्वय, सौहार्द, समता एवं प्रेमकी भावनाको बलवती किया जाता है। गोवर्धन पूजनमें गोवंशके संवर्धनका भी मूल मंत्र समाहित है। ज्ञातव्य है कि भारतवर्ष प्रमुख रूपसे कृषिप्रधान राष्ट्र है स्वाभाविक तौरपर कृषि कार्यमें सहयोग हेतु गोवंशकी आधारिता अपरिहार्य रही है। गो एवं गोवंशके गोबरमें प्राकृतिक खादका निर्माण कर उसका आर्गेनिक खेतीमें आजकल बहुतायतसे प्रयोग होना दृष्टिगत है। निश्चित तौरपर मानवके लिए अति उपयोगी गोवंशके प्रति उनकी महत्ता और उपादेयता स्वीकार कर सामाजिक कृतज्ञता व्यक्त करना ही गोवर्धन पूजनका विशिष्ट महत्व है। इसी पर्वपर लोककला और भवनके घर आंगनकी विशिष्ट सजावट की जाती है। मानवोचित अवगुण एवं अहंकारकी हार और आस्थाकी जीतका पर्व गोवर्धन पूजन इस बातका भी प्रतीक है कि कदाचित जब इन्द्रदेवका अहंकार आमजनको प्रताड़ित करते परिलक्षित होता है तब योगेश्वर श्रीकृष्णका गोवर्धन पर्वतकी रक्षा कर पर्यावरणके संरक्षणका संदेश देते हैं। वेद व्यास रचित महाभारतमें श्लोक वर्णित है- गोभिस्तुल्यं न पश्यामि धनं किंचिदिहाच्युत, कीर्तनं श्रवणं दानं दर्शनं चापि पार्थिव। गवां प्रशस्यते वीर सर्व-पाप-हरं शिवम्॥ अर्थात् मैं इस संसारमें गौवोंके समान दूसरा कोई धन नहीं समझता। गौवोंके नाम और गुणोंका कीर्तन-श्रवण, उनका दर्शन, इनकी बड़ी प्रशंसा की गयी है। यह समस्त कार्य सम्पूर्ण पापोंको दूर करके परम कल्याणको प्रदान करने वाले हैं। जैविक खेतीके प्रयोगमें आ रहीं विविध विधाओंमें गायका योगदान प्रमुख है। खासकर भारतीय नस्लकी गायोंके पीठपर मौजूद कूबड़ यानी पीठपर स्थित रीढ़ अस्थिमें 'सूयकेतु' नाड़ी होनेके दृष्टिगत सौर ऊर्जा दोहनमें इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। अनेक अनुसंधानोंका यह निष्कर्ष रहा है कि गाय ही इस प्रकारका प्राणी है जो मानव सेवनसे अवशेष उत्पाद तथा भूसा, पुवाल, हरी घास, चोकर, खली इत्यादिका सेवन कर खेती तथा मानवके लिए अद्भुत उत्पाद उपलब्ध कराती रही है। इनमें प्रमुख भूमिका गो-गोबर एवं गो-मूत्रकी होती है। उल्लेखनीय है कि दूध देना बन्द करनेके बावजूद कृषकों एवं गो पालकोंको इन्हें छुट्टा सड़कपर घूमने छोड़नेके बजाय इनका पालन जारी रखना चाहिए, ताकि उनसे गोबर-गोमूत्र उत्पाद प्राप्त किया जा सके। गोमूत्रमें उपलब्ध एण्टी-बैक्टीरियल/एण्टी-फंगल/एण्टी-वाइरल क्षमताको पहचाना होगा। देशी गायोंके गोबर एवं गोमूत्रसे बने उर्वरक और कीटरिपेलेंट अधिक टिकाऊ होते हैं। शोधके अनुसार गोबरकी खाद वास्तवमें भूमिकी उर्वरकता बढ़ानेमें रामबाण सिद्ध हुई है। गोबरमें २५ फीसदी सूक्ष्म जीवोंकी उपलब्धता पायी गयी है। आज किसानोंको सरकारी योजनाओंका फायदा उठाकर भारतीय प्रजातिकी गायोंके प्रजनन फार्मकी सहायता लेनी चाहिए। देश-प्रदेशके विभिन्न केन्द्रीय संस्थानों और कृषि विश्वविद्यालयोंकी सहायतासे पशु प्रजननपर विशेषज्ञता एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है। निश्चित तौरपर गोवर्धन पूजन पर्व जैसे पवित्र आयोजनकी प्रासंगिकता मौजूदा भारतीय सामाजिक परिदृश्यमें और भी समसामयिक और महत्वपूर्ण उपादेयतायुक्त परिलक्षित है। ग्लोबल वार्मिंग और तेजीसे बदलते पारिस्थितिकीय तंत्र (इको सिस्टम) के दौरमें वनोंकी सघन स्थापना विशेष रूपसे मियावाकी वनकी स्थापना समयकी मांग है। वास्तवमें गोवर्धन पूजन पर्व समाजको प्रकृतिके संरक्षण और सामाजिक चेतनाके संचारका माध्यम बननेमें सहायक सिद्ध हुआ है। इस पर्वपर हम संकल्पित होकर गोवंश संवर्धन, जैविक खेतीको प्रोत्साहन देनेमें जैविक खादका प्रयोग करें। गोवंश पूजन ही नहीं अपितु भारतीय सनातन संस्कृतिमें पर्यावरण एवं प्रकृतिके संरक्षण हेतु अनेक धार्मिक पर्वोंका आयोजन किया जाना प्रकाशमें है। दीपावलीके इस पंचदिवसीय महात्म्य और विशेषकर गोवर्धन पूजाके पर्वसे सीख लेकर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षणके संदेशको चरित्रार्थ करें। सनातन दर्शन एवं पर्यावरणके मूल आधार यानी पंचभूत सिद्धान्त अर्थात् सृष्टि निर्माणके पांचों कारकों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाशके संतुलनके लिए संकल्पित होकर रचनात्मक अभियान चलायें।

16 नवंबर से घर बैठे भर सकेंगे जनगणना का विवरण, दिसंबर से शुरू होगा सर्वे

सहारनपुर जिले में तैनात होंगे 6,889 कर्मी, पहली बार डिजिटल माध्यम से दर्ज होगी आबादी की जानकारी

मनोज मिड्ढा



सहारनपुर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इसके तहत 16 से 30 नवंबर 2026 तक आमजन को ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा मिलेगी। परिवार के सदस्य घर बैठे ही आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी और परिवार के अन्य सदस्यों की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर पहुंचकर जनसंख्या गणना करेंगे। पांच से नौ जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा।

बुधवार को मंडलायुक्त एवं मंडल जनगणना अधिकारी डॉ. रूपेश कुमार ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता कर जनगणना के द्वितीय चरण के कार्यक्रम और तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आठवीं जनगणना होगी। पहली बार इसकी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए सहारनपुर मंडल में कुल 15,152 तथा जनपद सहारनपुर में 6,889 प्रगणक एवं सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति की गणना सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूरा किया जा चुका है। अब दूसरे चरण में प्रत्येक परिवार और उसके सदस्यों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। स्वगणना के लिए आमजन 16 से 30 नवंबर तक https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मिलने वाली एसई आईडी सुरक्षित रखनी होगी और प्रगणक के घर पहुंचने पर उसे उपलब्ध कराना होगा। स्वगणना पूरी तरह वैकल्पिक है। जो परिवार ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनकी गणना प्रगणकों द्वारा घर पहुंचकर की जाएगी।

डॉ. रूपेश कुमार ने बताया कि जनसंख्या गणना के लिए निर्धारित प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न होंगे। इनमें परिवार के प्रत्येक सदस्य का नाम, आयु, लिंग, जन्मतिथि, जन्मस्थान, वैवाहिक स्थिति, परिवार के मुखिया से संबंध, धर्म, मातृभाषा, अन्य भाषाओं की जानकारी, शैक्षिक योग्यता, साक्षरता, रोजगार और आजीविका से जुड़े विवरण शामिल हैं। इसके अलावा वर्तमान एवं पूर्व निवास स्थान, प्रवासन के कारण, दिव्यांगता, महिलाओं से संबंधित निर्धारित जनसांख्यिकीय जानकारी तथा बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच से जुड़े सवाल भी पूछे जाएंगे। इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के आवंटन और जनकल्याणकारी नीतियों को तैयार करने में मदद मिलेगी।

जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि जनगणना के दौरान लोगों की ओर से दी गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत व्यक्तिगत अभिलेखों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आमजन से अपील की कि प्रगणकों को सही और पूरी जानकारी दें। साथ ही किसी भी व्यक्ति को बैंकिंग पासवर्ड, एटीएम पिन, यूपीआई पिन अथवा ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी न दें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश और समाज के भविष्य की विकास योजनाओं का आधार है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

2027 चुनाव को लेकर भाजपा ने तेज की संगठनात्मक गतिविधियां

आज समाचार सेवा

- नगर विधानसभा की बैठक में आगामी अभियानों की रणनीति तैयार, 5 नवंबर को गाजियाबाद की पदयात्रा में कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर जोर



सहारनपुर। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सर्किट हाउस सभागार में भाजपा महानगर की नगर विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन की मजबूती, जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में महानगर प्रभारी अजय शर्मा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई और नगर विधानसभा प्रभारी राजीव गर्ग ने कार्यकताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के प्रति सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस दौरान 5 नवंबर को गाजियाबाद में प्रस्तावित पदयात्रा में अधिक से अधिक कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के आगामी अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया। बैठक में पार्षदों के साथ भी संवाद किया गया। महानगर क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों, संगठनात्मक गतिविधियों और चुनावी तैयारियों पर चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने की बात कही गई। महानगर प्रभारी अजय शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभी से अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर होकर सक्रियता से जुटें। महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि संगठन की ताकत कार्यकताओं की एकजुटता, सक्रियता और समर्पण में निहित है। सभी को आपसी समन्वय के साथ पार्टी के कार्यक्रम सफल बनाने चाहिए। नगर विधानसभा प्रभारी राजीव गर्ग ने कहा कि चुनाव की तैयारियों में प्रत्येक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी।

बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, महानगर महामंत्री सरदार सुपनीत सिंह, किशोर शर्मा, ललित कटारिया, अनेश शर्मा, उपाध्यक्ष संदीप रावत, कंचन धवन, डॉ. नीलू राणा, मंत्री आरती शर्मा, बबीता सैनी, नीरज टकराल, कोषाध्यक्ष मानवेंद्र भारद्वाज, विशाल दुआ, मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप शर्मा, मुकेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा, विजय वर्मा, गोपाल मेंहदीरत्ता, मनुज तायल, संदीप धीमान, मोर्चा अध्यक्ष वरदान घावरी और अरुण प्रताप सिंह सहित आदित्य भारद्वाज, हिमांशु कपिल एवं पार्षदगण मौजूद रहे।

20 नवंबर से कंपनी बाग में सजेगा मंडलीय खादी ग्रामोद्योग मेला

सहारनपुर। शहरवासियों को खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों की खरीदारी का अवसर मिलने जा रहा है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर कंपनी बाग में 20 से 29 नवंबर तक मंडलीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। दस दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 85 ऑक्टोनार्म स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

प्रदर्शनी के माध्यम से खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही लोगों को विभिन्न उत्पादों की खरीदारी का अवसर मिलेगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। प्रदर्शनी में लगने वाले स्टॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

वाहनों की नंबर प्लेट भी कैमरों में होगी कैद, चार स्थानों पर एलईडी स्क्रीन से प्रसारित होंगी सार्वजनिक सूचनाएं

छुटमलपुर में लगेंगे 34 हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे



छुटमलपुर (सहारनपुर)। कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नगर पंचायत ने 34 हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना तैयार की है। इसके साथ ही कस्बे के चार प्रमुख स्थानों पर एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की जाएंगी, जिनके माध्यम से नगर पंचायत की आवश्यक सूचनाओं और जनहित से जुड़ी जानकारियों का प्रसारण किया जाएगा। कस्बे में चोरी, छीना-झपटी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं को देखते हुए लंबे समय से प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की जा रही थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि प्रमुख मार्गों पर कैमरे लगने से असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही किसी वारदात के बाद आरोपियों और उनके वाहनों की पहचान करने में पुलिस को मदद मिलेगी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी ने बताया कि कस्बे में 34 आधुनिक हाई रेजोल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे। इनकी क्षमता इस तरह निर्धारित की जा रही है कि कैमरों की जद से गुजरने वाले वाहनों की नंबर प्लेट भी स्पष्ट दिखाई दे सके। कैमरे लगाने के लिए सर्वे कराया जा रहा है, जिसके आधार पर संवेदनशील और अधिक आवागमन वाले स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना में सहारनपुर रोड, रुड़की रोड और देहरादून रोड सहित कस्बे के प्रमुख प्रवेश एवं निकास मार्गों को शामिल किया गया है। इसके अलावा सब्जी मंडी तिराहा, रुड़की रोड तिराहा और घास मंडी तिराहे सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। चार प्रमुख स्थानों पर स्थापित होने वाली एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सार्वजनिक सूचनाओं का प्रसारण किया जाएगा। इस पहल से कस्बे की निगरानी व्यवस्था के साथ-साथ नागरिकों तक जरूरी सूचनाएं पहुंचाने की व्यवस्था भी मजबूत होगी।

नकुड़ की सियासत में फिर सक्रिय हुए पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, भाजपा में बढ़ते कद की चर्चा



नकुड़ (सहारनपुर)। पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी का भारतीय जनता पार्टी में राजनीतिक कद लगातार बढ़ने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी मुलाकात के बाद नकुड़ विधानसभा क्षेत्र की सियासत में एक बार फिर हलचल मच गई है। समर्थक इस मुलाकात को डॉ. सैनी की भाजपा में बढ़ती सक्रियता और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देख रहे हैं। पिछले दिनों डॉ. धर्म सिंह सैनी ने तीन स्थानों पर सैनी समाज के बड़े सम्मेलन आयोजित कर अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराया था। इसके बाद से ही उनके समर्थकों और क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में उनके नकुड़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चाएं आम हो गई हैं। सोशल मीडिया पर भी समर्थक लगातार उनकी भाजपा में बढ़ती सक्रियता को प्रमुखता से साझा कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में उन पर दांव लगा सकती है। दरअसल, पिछले काफी समय से भाजपा में अपेक्षाकृत शांत नजर आ रहे डॉ. धर्म सिंह सैनी ने हाल के दिनों में राजनीतिक गतिविधियां तेज की हैं। वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में हैं और प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भी बने हैं। इसके अलावा उनके पुत्र डॉ. अमित सैनी को भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने को भी समर्थक परिवार की पार्टी में बढ़ती भूमिका के रूप में देख रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद समर्थकों में खासा उत्साह दिखाई दिया। समर्थकों का दावा है कि डॉ. सैनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में हैं और मिशन 2027 को लेकर अपनी रणनीति तैयार कर रहे हैं।

दीपावली नजदीक, फिर भी गंगोह के बाजारों से रौनक गायब



गंगोह। दीपावली का त्योहार नजदीक आने के बावजूद कस्बे के बाजारों में अभी अपेक्षित रौनक दिखाई नहीं दे रही है। दुकानदारों ने त्योहार को लेकर अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी हैं, लेकिन ग्राहकों की आवाजाही फिलहाल धीमी है। बाजारों में मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश, खेल-बताशे, मिठाइयों, सूखे मेवों और उपहारों की दुकानें सजने लगी हैं। इसके बावजूद दुकानदार ग्राहकों के बाजार पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। आमतौर पर दीपावली से एक सप्ताह पहले ही बाजार त्योहार के रंग में रंगने लगते हैं, लेकिन इस बार बाजारों में अभी वैसी हलचल नजर नहीं आ रही है। मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश बेचने वाले दुकानदारों ने अपने ठिए सजा लिए हैं, वहीं खेल-बताशे तैयार करने वाले हलवाई दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। सूखे मेवे और उपहार विक्रेता भी ग्राहकों की खरीदारी शुरू होने की बाट जोह रहे हैं।

गंगोह का बाजार मुख्य रूप से किसानों की खरीदारी पर निर्भर है। इन दिनों किसान खेतों में व्यस्त हैं और कई किसान अपनी फसलों के बकाया भुगतान का भी इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा महंगाई के चलते इस बार हर वस्तु के दामों में बढ़ोतरी का असर भी बाजार पर दिखाई दे रहा है।

पुरानी पेंशन समेत 31 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का तीन दिवसीय आंदोलन संपन्न

5 नवंबर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित 31 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ (ऋखदवउळअ) एवं एमएसयूटीए के आह्वान पर जेवी जैन कॉलेज में चल रहा शिक्षकों का तीन दिवसीय सांकेतिक आंदोलन बुधवार को संपन्न हो गया। 2 से 4 नवंबर तक चले विरोध प्रदर्शन में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता दिखाई।

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों की मांगें केवल वेतन और पेंशन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका सीधा संबंध उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य से है। शिक्षकों को सम्मानजनक सेवा शर्तें, सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा और शैक्षणिक कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है।

आंदोलन के अगले चरण में 5 नवंबर को जेवी जैन कॉलेज, महाराज सिंह कॉलेज, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान तथा मुन्नालाल एवं जय नारायण खेमका महिला महाविद्यालय के शिक्षक एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसके माध्यम से शासन का ध्यान शिक्षकों की लंबित समस्याओं और उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों की ओर आकर्षित कराया जाएगा।

शिक्षकों की 31 सूत्रीय मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, चिकित्सा अवकाश, ग्रेच्युटी एवं पेंशन संबंधी देयकों का समयबद्ध भुगतान, पदोन्नति और वेतन विसंगतियों का समाधान प्रमुख हैं। इसके अलावा एनपीएस का लंबित अंशदान जमा कराने, स्थानांतरण प्रक्रिया सरल करने, वेतन संरक्षण, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित व्यवस्था समाप्त करने तथा परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग भी शामिल है। शिक्षक संघ ने शोध अनुदान, शिक्षकों के अवकाश, छात्राओं को स्कूटी योजना का लाभ, दिव्यांग शिक्षकों को वाहन भत्ता और कैशलेस चिकित्सा सुविधा का दायरा बढ़ाने की मांग भी उठाई है।

शिक्षक संघ ने कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। संगठन टकराव के बजाय संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान चाहता है। सरकार से मांगों पर सकारात्मक पहल की अपेक्षा है, अन्यथा आगामी चरणों में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

तीन दिवसीय आंदोलन में प्रोफेसर परविंद कुमार, प्रोफेसर पूनम शर्मा, प्रोफेसर सुब्रत चतुर्वेदी, प्रोफेसर नीता कौशिक, प्रोफेसर मनीषा सैनी, प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार, प्रोफेसर हरिओम गुप्ता, प्रोफेसर पंकज गुप्ता, प्रोफेसर मुकेश कुमार, प्रोफेसर ब्रह्मपाल सिंह, प्रोफेसर महेश कुमार, प्रोफेसर राकेश चंद्रा, प्रोफेसर टोपाल, प्रोफेसर परवीन कुमार, प्रोफेसर मनु गुप्ता और प्रोफेसर लोकेश कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षक संघ के सचिव प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार और अध्यक्ष प्रोफेसर मनीषा सैनी ने शिक्षकों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की।

जोन-3 के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। जनगणना-2027 की तैयारियों के क्रम में नगर निगम सहारनपुर के जोन-3 के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज नगर निगम के शाकुम्भरी कक्ष में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण आगामी 06 नवम्बर तक दिया जाएगा। जनगणना प्रशिक्षण और प्रतिभाग करने के सम्बंध में सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को शपथ भी दिलायी गयी। प्रशिक्षण का कार्य प्रशिक्षक/निगम के वरिष्ठ लेखा परीक्षक अजमैन व अध्यापिका साक्षी सेठ ने दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बैच संख्या 8933 में कुल 49 कार्मिकों को नामित किया गया है, जिनमें विभिन्न विभागों के शिक्षक, शिक्षामित्र, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां एवं अन्य कर्मचारी सम्मिलित हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना-2027 के कार्यों को शुद्धता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा में संपन्न कराने हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आवश्यक सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, परिवारों से आवश्यक सूचनाओं का संकलन, डिजिटल माध्यम से आंकड़ों की प्रविष्टि, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षक अजमैन ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों एवं संसाधनों के समुचित नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक प्रगणक व सुपरवाइजर को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए।

अजमैन ने बताया कि जोन-3 के अंतर्गत द्वितीय बैच का प्रशिक्षण आज से शुरू होकर 06 नवम्बर तक तथा तृतीय बैच का प्रशिक्षण आगामी 12, 13 एवं 14 नवम्बर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर ओवरस्पीडिंग करने वाले 78 वाहन चालकों के चालान

आज समाचार सेवा

- ऑपरेशन सेफ स्पीड के तहत इंटरसेप्टर से हुई चेकिंग, 1.52 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया



सहारनपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए यातायात पुलिस ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर ऑपरेशन सेफ स्पीड अभियान चलाया। इस दौरान निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वाले 78 चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल एक लाख 52 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

यातायात निदेशालय के आदेशों के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात अमित तोमर के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने बुधवार को अभियान चलाया। दोपहर 12 बजे से शाम 3:30 बजे तक एक्सप्रेस-वे पर इंटरसेप्टर के माध्यम से वाहनों की गति की जांच की गई। इस दौरान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों को तेज रफ्तार से होने वाले हादसों के प्रति जागरूक भी किया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन करने और सड़क पर स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की। पुलिस ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और जिम्मेदारी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

घर में बाउंड्री करने को लेकर मां-बेटे पर हमला, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गागलहेड़ी। थाना क्षेत्र के गांव भाभरी में घेर की बाउंड्री करने को लेकर हुए विवाद में मां-बेटे के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्रों समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भाभरी निवासी सरिता पत्नी संजीव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक नवंबर की सुबह वह अपने घेर में बाउंड्री करा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले मोहित, अयान और उनके पिता वीर सिंह ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला किया। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे अभिषेक के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। मारपीट में सरिता के हाथ और कमर में भी चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। उसने बताया कि आरोपियों के साथ पहले भी कई बार विवाद हो चुका है और उसे अपने परिवार की जान-माल का खतरा बना हुआ है।

पुलिस ने सरिता की तहरीर के आधार पर मोहित, अयान और वीर सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352 और 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

धनतेरस पर पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा भगवान धन्वंतरि देवालय

मोक्षायतन योगाश्रम में 6 नवंबर को सुबह सात बजे आरती-पूजन के साथ होंगे प्रथम दर्शन, आरोग्य की कामना लेकर पहुंचेंगे श्रद्धालु

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। धनतेरस को अब तक सोना-चांदी और नए बर्तन खरीदने के पर्व के रूप में मनाने की परंपरा रही है, लेकिन बदलते दौर में लोग स्वास्थ्य के महत्व को भी समझने लगे हैं। इसी भाव के साथ बेरीबाग स्थित मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योगाश्रम में धनतेरस के अवसर पर भगवान धन्वंतरि देवालय के द्वार पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे। इस वर्ष 6 नवंबर को सुबह सात बजे आरती और पूजन के साथ भगवान धन्वंतरि के प्रथम दर्शन होंगे।

मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योगाश्रम के प्रवक्ता नंद किशोर शर्मा ने बताया कि भारतीय परंपरा में धनतेरस का संबंध भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य से भी है। मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान चौदह रत्नों में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उन्हें आयुर्वेद का जनक और आरोग्य का देवता माना जाता है। इसी कारण धनतेरस पर उनके पूजन और दर्शन का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और इसी भावना को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए देवालय खोला जाता है।

उन्होंने बताया कि भारत के प्रथम आयुष मंत्री श्रीपद नाईक के आग्रह पर पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने मोक्षायतन योगाश्रम परिसर में जनपद का पहला भगवान धन्वंतरि देवालय स्थापित कराया था। इसका लोकार्पण उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने महापौर डॉ. अजय सिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति में विशेष यज्ञ के साथ किया था। नंद किशोर शर्मा के अनुसार बेरीबाग स्थित योगाश्रम मुख्यालय में शारीरिक स्वास्थ्य, आरोग्य, बुद्धिबल और आध्यात्मिक शक्ति से जुड़े विभिन्न देवालय स्थापित हैं। यहां मां सरस्वती और बजरंगबली के मंदिर के साथ भगवान धन्वंतरि का देवालय भी है। धनतेरस पर अनेक लोग आरोग्य की कामना लेकर यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सक और सर्जन भी भगवान धन्वंतरि का पूजन करेंगे।

गोविंद नगर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 78 मरीजों को मिला चिकित्सकीय परामर्श

आज समाचार सेवा

- प्रभारी मंत्री अजय शर्मा, महापौर डॉ. अजय कुमार और नगर विधायक राजीव गुंबर ने किया शुभारंभ, मरीजों को दी गई दवाइयां और जांच की सुविधा



सहारनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेर सिंह कक्कड़ के निर्देश पर बुधवार को गोविंद नगर स्थित पार्क में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री अजय शर्मा, महापौर डॉ. अजय कुमार और नगर विधायक राजीव गुंबर ने फीता काटकर किया। शिविर में कुल 78 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अजय शर्मा ने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, विशेष टीकाकरण अभियान, कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, गैर संचारी रोग (एनसीडी) और टीबी कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित व्यायाम करने और व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ आसपास का वातावरण साफ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मौसमी बीमारियों से बचाव, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और टीकाकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। नगर विधायक राजीव गुंबर ने लोगों से किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उपचार कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विभागीय टीम का आभार जताया।

शिविर में स्त्री रोग संबंधी जांच, एक्स-रे, ब्लड प्रेशर, शुगर, हेपेटाइटिस, टाइफाइड और आंखों की जांच सहित विभिन्न चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजेन्द्र मलिक, जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड़, डॉ. अनिल वोहरा, डॉ. सागर, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुशील, निशांत शर्मा, गौरव वर्मा, लोहित भारती, अक्षय सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्राम उंसड में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन

कथाव्यास ने कहा भागवत है भक्ति ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी



आज समाचार सेवा

बेहट,तहसील बेहट क्षेत्र ग्राम उंसड़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथाव्यास पंडित संजय प्रपन्नाचार्य ने सृष्टि उत्पत्ति व ईश्वर प्राप्ति के सरल साधनों का वर्णन किया। उन्होंने कहा, कि श्रीमद्भागवत कथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी है। यह शास्त्र मनुष्य को कृतज्ञतापूर्ण जीवन जीने की कला सिखाता है।

सृष्टि विस्तार का प्रसंग सुनाते हुए प्रपन्नाचार्य ने बताया, कि महाप्रलय के बाद परमात्मा ने अपने आनंद के लिए सृष्टि विस्तार का संकल्प किया। इसके साथ ही सृष्टि में विभिन्न प्रकार की क्रियाएं प्रारंभ हुईं और चार प्रकार की सृष्टि का विस्तार हुआ। इनमें उद्भिज यानी बीजों से उत्पन्न होने वाले पेड़-पौधे, स्वेदज यानि पसीने से उत्पन्न होने वाले कीट-पतंगे, अंडज यानी अंडे से उत्पन्न होने वाले पक्षी व सरीसृप तथा जरायुज यानि गर्भ से उत्पन्न होने वाले पशु व मनुष्य शामिल है। उन्होंने कहा कि इन सभी में मनुष्य सर्वश्रेष्ठ है। परमात्मा ने मानव जन्म से पहले ही सुख व आनंद प्रदान करने वाली वस्तुओं की रचना कर दी। इसलिए मनुष्य को ईश्वर की कृपा के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए और अपनी शक्तियों का उपयोग स्वयं तथा संसार के कल्याण में करना चाहिए। ईश्वरीय विधान के अनुरूप जीवन जीना ही परमात्मा की वास्तविक आराधना है।

इससे पहले एडवोकेट प्रदीप कांबोज, अनिल कांबोज प्रधान, अमन कांबोज, शाश्वत शर्मा, प्रवीण सैनी और त्रिवेश कांबोज आदि ने विधिवत पूजन संपन्न कराया

एडीएम ने बिलासपुर मंडी के 20 क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, धान खरीद में तेजी लाने के निर्देश



रामपुर। धान खरीद में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी उपज की समय से तौल सुनिश्चित की जा सके, इसके लिए प्रशासन ने क्रय केंद्रों पर निगरानी तेज कर दी है।

इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आनंद कुमार सिंह ने बुधवार को बिलासपुर मंडी में संचालित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के साथ किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली तथा केंद्र प्रभारियों को खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बिलासपुर मंडी में खाद्य विभाग के 04, नैफेड के 02, पीसीयू के 06, यूपीएसएस के 05, एफसीआई का 01 और मंडी समिति के 02 सहित कुल 20 धान क्रय केंद्र संचालित हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने क्रय केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, कृषक शिकायत एवं सुझाव पंजिका तथा किसानों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

क्रय केंद्र पर मौजूद किसान प्यारेलाल पुत्र वेदराम निवासी ग्राम चौकोनी और श्रीमती लीलावती से उनकी धान बिक्री एवं पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गई। दोनों किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाए गए करीब 180 कुंतल धान के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। किसानों ने बताया कि पहले पंजीकरण में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान हो गया है और अब पंजीकरण आसानी से हो रहा है।

डिजिटल क्रॉप सर्वे की बाधा से भी नहीं रुकेगी धान खरीद- एडीएम ने केंद्र प्रभारियों को बताया कि शासन स्तर से किसानों की सुविधा के लिए पंजीकरण संबंधी तकनीकी समस्याओं का समाधान किया गया है। अब डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) नहीं होने की स्थिति में भी किसानों को फसल का चयन करने तथा सर्वे के गलत आंकड़ों में संशोधन का विकल्प दिया गया है। नियमानुसार सत्यापन के बाद ऐसे किसानों से भी धान की खरीद की जा सकती है।

अब तक 370 किसानों से 30 हजार कुंतल धान की खरीद- जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि जनपद में 03 नवम्बर 2026 तक 370 किसानों से करीब 30 हजार कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है। पंजीकरण संबंधी तकनीकी बाधाएं दूर होने के बाद खरीद में और तेजी आने की उम्मीद है।

अपर जिलाधिकारी ने सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों के धान की तौल सुगमता और पारदर्शिता के साथ कराई जाए। किसानों की शिकायतों एवं समस्याओं का नियमानुसार तत्काल निस्तारण किया जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने में अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय विपणन अधिकारी दीपक श्रीवास्तव एवं विपणन निरीक्षक इंद्रपाल सिंह उपस्थित रहे।

छात्रावासों में प्रवेश के लिये 30 नवंबर तक करें आवेदन

रामपुर। जनपद में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे गरीब और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समाज कल्याण विभाग ने राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र विद्यार्थी 04 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्रावास में रहने के लिए मात्र 25 रुपये प्रतिमाह शुल्क निर्धारित किया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि जनपद में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती एटीएस) परिसर, रामपुर में 48-48 शैय्या क्षमता के दो बालक छात्रावास तथा 100 शैय्या क्षमता का एक अन्य बालक छात्रावास संचालित है। इसके अलावा रोशनबाग, रामपुर में 48 शैय्या क्षमता का एक बालिका छात्रावास संचालित है। उन्होंने बताया कि छात्रावासों की कुल उपलब्ध क्षमता में 70 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं तथा 30 प्रतिशत सीटें पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राएं भी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। प्रवेश में पहले से छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों तथा दिव्यांग छात्र-छात्राओं को वरीयता दी जाएगी।

इन संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन- जनपद के डिग्री कॉलेजों, राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय आईटीआई और इंटर कॉलेजों में नियमित रूप से संस्थागत अध्ययन कर रहे पात्र छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं।

यहां और ऐसे करें आवेदन- इच्छुक विद्यार्थी छात्रावास अधीक्षक कार्यालय अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन संबंधी जानकारी एवं प्रक्रिया प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल ह्वश्रह्य2स्रद्धद्वह्य.ह्वश्रह्यस्रष्ठ.द्दश1.द्वठ्ठ के माध्यम से किया जाएगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ संबंधित छात्रावास में जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2026 निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पात्र छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन कर इस आवासीय सुविधा का लाभ उठाएं, ताकि आर्थिक परेशानी के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

एसडीएम आदेश कुमार की सक्रियता से शाहबाद में नकली दूध के कारोबार का भंडाफोड़, 350 लीटर मिलावटी दूध बरामद



शाहबाद (रामपुर)। दीपावली के त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में बुधवार को एसडीएम शाहबाद आदेश कुमार की सक्रियता और तत्परता से क्षेत्र में नकली दूध तैयार करने के कारोबार का खुलासा हुआ। एसडीएम ने क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन के साथ कार्रवाई करते हुए कस्बे के कंस मेला स्थित जयतौली मार्ग पर आम के एक बाग में छापा मारकर करीब 350 लीटर मिलावटी दूध बरामद किया। मौके से तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया।

जानकारी के अनुसार एसडीएम आदेश कुमार क्षेत्राधिकारी के साथ दीपावली के मद्देनजर पटाखों की दुकानों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने निकले थे। इसी दौरान जयतौली मार्ग स्थित आम के बाग में संदिग्ध अवस्था में दूध से भरे केन और एक वाहन दिखाई दिए। अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की तो वहां बड़े पैमाने पर मिलावटी दूध तैयार किए जाने का मामला सामने आया।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि पानी और मिल्क पाउडर सहित अन्य सामग्री मिलाकर नकली दूध तैयार किया जा रहा था। इसी दूध से नकली खोया बनाने का काम भी किया जा रहा था। मौके से करीब 350 लीटर मिलावटी दूध, एक पिकअप वाहन, बर्फ, दूध तैयार करने के उपकरण और अन्य सामग्री बरामद की गई।

एसडीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को तत्काल मौके पर बुलाया गया। खाद्य अधिकारियों ने बरामद दूध के नमूने लेकर जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी की।

गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया मिलावटी दूध- मिलावटी दूध आम जनता तक न पहुंच सके, इसके लिए नायब तहसीलदार ने मौके पर ही गड्ढा खुदवाकर बरामद दूध को नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम की सतर्कता से टला बड़ा खतरा- दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर दूध, खोया और मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में मिलावटखोरों पर प्रशासन की नजर रखना बेहद जरूरी है। एसडीएम आदेश कुमार द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल संज्ञान लेकर की गई कार्रवाई की क्षेत्र में चर्चा हो रही है। उनकी सतर्कता से मिलावटी दूध की बड़ी खेप बाजार में पहुंचने से पहले ही पकड़ ली गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से मिलावटखोरों में भी खलबली मची हुई है।

सरकारी कामकाज को आसान और प्रभावी बनाएगी एआई तकनीक, अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

रामपुर। सरकारी कामकाज को अधिक सरल, तेज और प्रभावी बनाने के लिए अब अधिकारियों और कर्मचारियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बरेली रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (ऋ्रक्रू), लखनऊ के तत्वावधान में %आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन गवर्नेंस-सेंसिटाइजेशन% विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने संस्थान का भ्रमण कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रशासनिक कार्यों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता तेजी से बढ़ रही है। अधिकारी और कर्मचारी इस तकनीक को सीखकर अपने दैनिक शासकीय कार्यों को अधिक सरल, कम समय में और बेहतर तरीके से पूरा कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को एआई टूल्स के प्रभावी उपयोग में दक्षता हासिल करने तथा नई तकनीक को अपने कार्यों में अपनाने के निर्देश दिए।

पत्र तैयार करने से लेकर दस्तावेज बनाने तक का मिला प्रशिक्षण- प्रशिक्षण सत्रों का संचालन रूपम के प्रशिक्षक हमजा नईम खान और आनंद कुमार यादव ने किया। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में एआई के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि सही निर्देश (प्रॉम्प्ट) देकर आधिकारिक पत्रों का प्रारूप तैयार करने, विभिन्न दस्तावेज बनाने और कार्यालय से जुड़े अनेक कार्यों को कम समय में पूरा किया जा सकता है। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को स्वयं एआई टूल्स का इस्तेमाल कराते हुए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रॉम्प्ट तैयार करने, सरकारी पत्र लिखने और अन्य कार्यालयी दस्तावेज बनाने का अभ्यास किया। उन्हें बताया गया कि सही तरीके से एआई का उपयोग करने से कार्यों की सटीकता, गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

तकनीक आधारित सुशासन को बढ़ावा देने पर जोर- कार्यक्रम के समापन पर राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डीवी सिंह ने रूपम, प्रशिक्षकों, जिलाधिकारी और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समन्वय संस्थान के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी सिमरत सिंह गिल ने किया। प्रशिक्षण का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक कार्यालयी कार्यों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जिम्मेदारीपूर्वक और प्रभावी उपयोग करेंगे तथा तकनीक आधारित सुशासन को बढ़ावा देने में योगदान देंगे।

मिलक पति के भागने के बाद ससुराल पहुंची नवविवाहिता ने देवरों पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मिलक। कोतवाली क्षेत्र के खाता कलां निवासी एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है पीड़िता के अनुसार उसका निकाह 2 सितंबर 2026 को खाता नगरिया निवासी फैजान के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के 3 दिन बाद ही उसका पति एक अन्य युवती के साथ चला गया। काफी दिनों तक इंतजार के बाद भी पति वापस नहीं आया तो वह 3 नवंबर को अपनी ससुराल अपने पति के बारे में पूछने गई। आरोप है कि वहां उसके तीन देवरों - दानिश, मुमताज और फैयाज ने उसके साथ गाली-गलौज की और कहा कि फ्रहमारा भाई तो चला गया, अब तू हमारे साथ रह फ्र विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट और छेड़छाड़ का प्रयास किया। पीड़िता की मां नगीना के मौके पर पहुंचने पर आरोपियों ने उसके साथ भी अभद्रता की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए तो दोनों की जान बची। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

बीएसएनएल एक्सचेंज से केबल और उपकरण चोरी करने वाला एक चोर गिरफ्तार, दो फरार

मिलक। कोतवाली पुलिस ने बीएसएनएल एक्सचेंज से चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ है।पुलिस के अनुसार, 4 नवंबर को सीआरपीएफ हाउसिंग सोसाइटी कालोनी निवासी सत्यवीर सिंह ने तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि 3 नवंबर की रात करीब 11ः30 बजे एक्सचेंज से डीसी केबल, मदर बोर्ड फ्रेम और फिल्टर आदि सामान चोरी कर ले जाते समय एक चोर को पकड़ लिया गया, जबकि उसके दो साथी मौके से भाग गए।तहरीर के आधार पर थाना मिलक चोरी करनी सहित मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस ने हिरासत में लिए गए अभियुक्त राकेश उर्फ राजू उर्फ राजेश पुत्र विजयपाल निवासी ढकिया गुलाबो, थाना आईटीआई, जिला ऊधमसिंहनगर, उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक नीली डीसी केबल, एक मदर बोर्ड फ्रेम, 9 फिल्टर, एक बैटरा और एक इन्वर्टर बरामद हुआ है।पुलिस फरार दो साथियों की तलाश कर रही है और अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

डीएमए में बायोक्वेस्ट-2026 का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मिलक रामपुर। केयर शिक्षण एवं कल्याण समिति एवं दयावती मोदी अकादमी के जीव विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बायोक्वेस्ट-2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय पर्यावरण जागरूकता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. सुमन तोमर ने की। मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक प्रीति लता और विशिष्ट अतिथि शबाना अफसर रहीं। प्रधानाचार्या डॉ. सुमन तोमर ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व है। सभी को जल संरक्षण, वृक्षारोपण, ऊर्जा की बचत और प्लास्टिक के कम उपयोग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए।मुख्य अतिथि प्रीति लता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन और सामाजिक विकास का अभिन्न अंग है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि शबाना अफसर ने कहा कि जल संरक्षण और स्वच्छता जैसे छोटे-छोटे प्रयास पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता, वन्यजीव संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण विषय पर छाया चित्र प्रस्तुति के माध्यम से अपने विचार रखे और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रितुपर्णा गुप्ता ने किया। आयोजन में मार्गदर्शक पंकज सक्सेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आदित्य वर्मा, कार्यक्रम सलाहकार डॉ. मिली टंडन, संयोजक मधुकर शुक्ला और संयोजिका विनीता वर्मा सहित अदनान खान व अन्य शिक्षक मौजूद रहे। अंत में सचिव फैसल शाह खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ग्राम धनोरा में बाबा भूरी जी का सालाना दंगल शुरू, देशभर के 70 पहलवानों ने दिखाए दमखम और कुश्ती के दांव

मिलक। ग्राम धनोरा में बाबा भूरी जी के सालाना दंगल का भव्य आयोजन किया गया। दंगल का शुभारंभ कमेटी के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से भूमि पूजन कर किया गया। दंगल को लेकर ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 70 पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला और दमखम का प्रदर्शन किया। कमेटी सदस्य मनप्रीत ने बताया कि बाबा भूरी जी के सम्मान में प्रतिवर्ष सालाना दंगल का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष दंगल का आयोजन 4 और 5 अक्टूबर को किया जा रहा है। पहले दिन विभिन्न राज्यों से पहुंचे पहलवानों के बीच रोमांचक कुश्तियां हुईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक दंगल परिसर में पहुंचे। पहलवानों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए शानदार दांव-पेच दिखाए और दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। उन्होंने बताया कि दंगल के दूसरे दिन 5 अक्टूबर को भी कई रोमांचक मुकाबले कराए जाएंगे। इसके साथ ही विशेष आकर्षण के रूप में झंडीवाली कुश्ती का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों को कमेटी की ओर से सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, गन्ना समिति अध्यक्ष रजनीश पटेल, सुखविंदर सिंह, मनप्रीत, इंद्रजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह, महेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह और भूपेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा राज में गाँव, गरीब और किसान पूरी तरह उपेक्षित - सुरेंद्र सिंह सागर



शाहबाद (रामपुर)। आज 4 नवंबर 2026 को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव/पूर्व राज्यमंत्री श्री सुरेंद्र सिंह सागर ने बुधवार को अपने सघन ग्रामीण दौरे के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सादिक नगर, छितौनी, सराय महेश और लहटोरा में ग्रामीण चौपालों के माध्यम से आम जनता से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री सुरेंद्र सिंह सागर ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज डबल इंजन की सरकार में गाँव, गरीब, किसान और नौजवान सबसे ज्यादा उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। किसानों को न तो फसलों का सही दाम मिल रहा है और न ही समय पर खाद-बीज उपलब्ध हो पा रहा है। आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए किसान ठंड में भी रातों को खेतों में जागने को मजबूर हैं। श्री सागर ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार रोजगार देने के झूठे वादे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पढ़ा-लिखा नौजवान दर-दर की ठोकरें खा रहा है। घरेलू रसोई गैस से लेकर डीजल, पेट्रोल और बिजली के दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण अंचलों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है और थानों व तहसीलों में गरीबों की सुनवाई पूरी तरह बंद हो चुकी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के विचारों और समाजवादी पार्टी की लोक-कल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुँचाएं। श्री सागर ने दावा किया कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है और सपा सरकार बनने पर ही गाँवों का वास्तविक विकास होगा तथा योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा।

इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट जितेंद्र बाबू, युवजन सभा के प्रदेश सचिव जगदीश पाल, नदीम अंसारी, सलीम अंसारी, आजाद भाई, पूर्व मंडल प्रभारी (दिवाकर समाज) सतीश दिवाकर, विजेंद्र सागर, हरिद्वार लाल, रिंकू सागर, विशाल सागर, बलवीर सागर, हरिश्चंद्र सागर, प्रेम सागर और सूरज सागर सहित भारी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बंगाली समाज को मालिकाना हक दिलाने की दिशा में योगी सरकार का बड़ा कदम

बिलासपुर। बंगाली समाज के लोगों को दशकों पुरानी भूमि संबंधी समस्या से निजात दिलाकर मालिकाना हक दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने पहल तेज कर दी है।इसी क्रम में बुधवार को मानपुर ओझा स्थित मंदिर परिसर में विशेष चौपाल का आयोजन किया गया।इसमें राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।इस दौरान एडीएम आनंद सिंह,एसडीएम आनंद कुमार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग मौजूद रहे।मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि करीब 60 से 70 वर्ष पूर्व गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत बंगाली समाज के परिवारों को भूमि के पट्टे दिए गए थे, लेकिन उन्हें पूर्ण मालिकाना हक नहीं मिल पाया।इस कारण उन्हें जमीन के उपयोग और अन्य कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता था।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस समस्या के समाधान के लिए कमेटी गठित की है, जिसका उन्हें अध्यक्ष बनाया गया है।उन्होंने बताया कि शुरुआती स्तर पर ऐसे 163 पट्टे चिह्नित किए गए हैं।पात्र परिवारों को नियमानुसार संक्रमणीय भूमिधरी अधिकार दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने लोगों से भूमि संबंधी दस्तावेज जल्द उपलब्ध कराने और अधिकारियों को अगले 7 से 10 दिनों में प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए।एडीएम आनंद सिंह ने आश्वस्त किया कि राजस्व अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई होगी। एसडीएम आनंद कुमार ने भी प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 447 परिवारों को आवास मिल चुके हैं, जबकि 200 अन्य आवास स्वीकृत हुए हैं। चौपाल में ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख सहित जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर युवाओं ने रखे अपने विचार

रामपुर। एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मुद्दे पर युवाओं ने अपने तर्क और सुझाव रखे। मेरा युवा भारत की ओर से इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2027 का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुंजन सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

गुंजन सक्सेना ने कहा कि युवा देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया तथा लोकतंत्र की रक्षा की शपथ दिलाई।

जिला युवा अधिकारी मीनू बोहरा ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं।



प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लाभ, चुनौतियों और संवैधानिक पहलुओं पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल के मूल्यांकन में राखशी मिर्जा प्रथम, मेघा ठाकुर द्वितीय और बेबी उरोज तृतीय रहीं। तीनों विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रामपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी।

विजेताओं और प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. सुल्तान अहमद, सरताज अहमद, प्रो. असीम अहमद, रचना चतुर्वेदी, रवि शंकर शर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संबन्ध विच्छेद

मैंने अपने भाई नितेश कुमार सिंह व उनकी पत्नी कल्पना सिंह निवासी आदर्श नगर कुंदनपुर निकट जी एस एम स्कूल थाना मझोला जनपद मुरादाबाद से अपने समस्त व्यक्तिगत, सामाजिक एवं पारिवारिक संबंध उनके आचरण से उत्पन्न पारिवारिक परिस्थियों के कारण समाप्त कर दिए हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार के कार्य लेन देन आदि सम्बन्धित के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

राजेश कुमार सिंह पुत्र श्री शत्रुधन प्रसाद सिंह निवासी एस एस आर बी एम मॉडल स्कूल आदर्श नगर कुंदनपुर मुरादाबाद
मो०नं० 941167880

मनकरा मोड़ पर कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, युवक गंभीर

बिलासपुर। हाईवे पर मनकरा मोड़ के पास बुधवार सुबह कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार थाना शहजादनगर क्षेत्र के गांव बकनेरी निवासी विकेश पुत्र जगदीश बुधवार सुबह अपने दोस्त नवाब के साथ बाइक से बड़ा मिलक से काशीपुर (उत्तराखंड) जा रहा था।जैसे ही उनकी बाइक हाईवे पर मनकरा मोड़ के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना में विकेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथी के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी।घायल विकेश को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।चिकित्साधीक्षक डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि युवक के सिर और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं।प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।वहीं प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा सरकार की नीतियों से किसान, नौजवान और व्यापारी परेशान- अमरीश पटेल

बिलासपुर। समाजवादी पार्टी के नेता एवं विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अमरीश कुमार पटेल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उसकी नीतियों की आलोचना की है। बुधवार को वह निपनिया गांव में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक विरोधियों के साथ बदले की भावना से काम कर रही है और उनके साथ अन्याय एवं अत्याचार किया जा रहा है।पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों से किसान, नौजवान,व्यापारी और महिलाएं परेशान हैं।प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने में नाकाम साबित हो रही है। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यहां किसानों के हित में कोई ठोस कार्य नहीं किया गया है।बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापारियों को भी अपनी सुरक्षा और कारोबार से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समानता की पक्षधर है तथा जनता की समस्याओं को लेकर आवाज उठाती रहेगी।इस मौकें पर महीपाल यादव,राजू गुप्ता,के.पी गंगवार,इब्ने हसन,प्रदीप गंगवार, श्यामलाल मौर्य,रामऔतार, राजपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

बरेली से लौट रहे कॉलेज शिक्षक की दिल का दौरा पड़ने से मौत, परिजनों में कोहराम

शाहबाद। जाहीदपुर गांव में स्थित राम रतन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज के एक शिक्षक की दिल का दौरा पड़ने से असामयिक मौत हो गई। मृतक की पहचान वीरेश पाठक के रूप में हुई है, जो कॉलेज के एमएसडब्ल्यू विभाग में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार, वीरेश पाठक मूल रूप से बरेली जिले के सिरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महोवा गांव के रहने वाले थे। वह किसी निजी काम के सिलसिले में बरेली गए हुए थे। जब वह बरेली से अपना काम पूरा करके वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बेहद खराब हो गयी। तबीयत बिगड़ने पर वीरेश पाठक ने तुरंत फोन के माध्यम से अपने परिजनों को इस बात की जानकारी दी कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। सूचना मिलते ही परिजन बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीकी डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने स्वास्थ्य जांच करने के बाद वीरेश पाठक को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी मौत का कारण गंभीर दिल का दौरा पड़ना था। इस अचानक हुई दुखद घटना से शिक्षक के परिवार में कोहराम मच गया है और कॉलेज प्रशासन व सहकर्मियों में भी शोक की लहर है।

उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और बाजार में हो रही धांधली को रोकने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया



बदायूं। विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा निरीक्षक ओमप्रकाश के नेतृत्व में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और बाजार में हो रही धांधली को रोकने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभाग ने घटतौली और नियमों के उल्लंघन के मामलों में कड़ा रुख अपनाते हुए जनपद की कई मिठाई की दुकानों, सर्राफा और अन्य प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी कर कार्रवाई की।

बुधवार को ?अभियान के दौरान खाद्य एवं मिष्ठान विक्रेताओं को विशेष रूप से चेतावनी दी गई कि वे मिठाई के वजन के साथ डिब्बे (पैकेजिंग) का वजन शामिल न करें। विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ दुकानदार मिठाई के साथ गत्ते या डिब्बे का वजन भी तौल में जोड़कर ग्राहकों से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। निरीक्षक ओमप्रकाश ने स्पष्ट किया कि ऐसा करना विधिक माप विज्ञान अधिनियम का सीधा उल्लंघन है और भविष्य में इस तरह की शिकायत मिलने पर और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ?दातागंज की राम श्री देवी इण्डेन गैस, वजीरगंज के राहुल सर्राफ, प्रेमपाल सर्राफ एवं आभाष ज्वेलर्स बिसौली से मुकेश पाल मिठाई विक्रेता इसी के साथ बाला जी स्वीट्स बजीरगंज, निहार स्वीट्स सैदपुर की दुकानों पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 की सुसंगत धाराओं के तहत की गई इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। विभाग की इस औचक कार्रवाई से सर्राफा बाजारों और मिष्ठान विक्रेताओं में सतर्कता देखने को मिल रही है। निरीक्षक ओमप्रकाश का कहना है कि आम जनता को सही माप और वजन में वस्तुएं मिलें, इसके लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि यदि कोई दुकानदार घटतौली करता है या डिब्बे का वजन मिठाई में जोड़ता है, तो इसकी शिकायत तुरंत विभाग से करें।

डॉ. शैलेश पाठक के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब, 1000 गाड़ियों के काफिले के साथ निकला ऐतिहासिक रोड शो

बदायूं। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य बनाए जाने के बाद डॉ. शैलेश पाठक के प्रथम जनपद आगमन पर बुधवार को बदायूं में भव्य स्वागत जुलूस निकाला गया। कछला से दातागंज तक निकले स्वागत जुलूस और रोड शो में समर्थकों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ निकले रोड शो ने जिले में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी। जगह-जगह फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नारों के साथ डॉ. पाठक का जोरदार स्वागत किया गया। समर्थकों की भारी भीड़ और गाड़ियों के लंबे काफिले के चलते कई स्थानों पर उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। आयोजकों के अनुसार काफिले में 500 से लेकर करीब 1000 तक गाड़ियां शामिल होने का अनुमान लगाया गया।



स्वागत जुलूस की शुरुआत कछला से हुई, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश लोनिया, ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल शाक्य और गंगा आरती संयोजक नीरज मिश्रा के नेतृत्व में समर्थकों ने डॉ. शैलेश पाठक का भव्य स्वागत किया। इसके बाद काफिला उझानी पहुंचा, जहां मोहित राज शर्मा, कृपा राम शर्मा और शंकर गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों गाड़ियों के साथ उनका अभिनंदन किया गया। उझानी में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह और महाराणा प्रताप की प्रतिमाओं सहित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई से जुड़े स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। किशन शर्मा सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी स्वागत कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। उझानी से बदायूं की ओर बढ़े काफिले का पुलिस लाइन, इंद्रा चौक सहित प्रमुख स्थानों पर स्वागत किया गया। इसके बाद डॉ. पाठक भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, महेश गुप्ता विधायक बदायूं,अमित कुमार सिंह,शैलेंद्र शर्मा,मुनीश पंडित,आशीष शाक्य, उमेश राठौर,जुगेंद्र राठौर,केशव सिंह,सुनील राठौर सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। पूरे रास्ते समर्थकों की भीड़, गाड़ियों का लंबा काफिला और स्वागत के लिए उमड़े लोगों की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। रोड शो को लेकर शहर में दिनभर राजनीतिक सरगर्मियां तेज रहीं। इसके बाद डॉ. शैलेश पाठक का काफिला दातागंज पहुंचा तो वहां का नजारा और भी भव्य हो गया। भारी संख्या में मौजूद लोगों ने उन्हें गाड़ियों से उतरकर पैदल चलने के लिए विवश कर दिया। नगर के प्रमुख मार्गों पर उमड़े जनसैलाब ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ें, भांगड़ा और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पहले से मुस्तैद रहा। दातागंज विधायक महेश गुप्ता सहित स्थानीय नेताओं और समर्थकों ने स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया। नगर भ्रमण के दौरान डॉ. पाठक ने मंदिरीया देवी और अस्तल मंदिर पहुंचकर माथा टेका तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिलने के बाद उनके प्रथम जनपद आगमन पर हुए इस भव्य रोड शो ने जिले की सियासत में नई चर्चा छेड़ दी है। समर्थकों ने इसे बदायूं में अब तक के सबसे बड़े स्वागत आयोजनों में से एक बताया। पशुगम चौक,भामाशाह चौक,महाराणा प्रताप चौक, कल्याण चौक,वीरांगना चौक आदि पर महापुरुषों को माल्यार्पण किया, भव्य स्वागत हुआ

गोदाम का ताला खोलते ही सामने आया चोरी का मामला, ट्रैक्टर की बैटरी और जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी

चन्दौसी। देहात पुलिस चैकी के सामने चोरों ने एक गोदाम को निशाना बनाते हुए ट्रैक्टर की बैटरी और जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर लिया। चोरी की जानकारी सुबह गोदाम पहुंचने पर हुई। पीड़ित ने पुलिस चैकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत नरौली के मोहल्ला काजी टोला निवासी अजहर उलहक ने देहात पुलिस चैकी में दी तहरीर में बताया कि चंदौसी-संभल रोड पर देहात पुलिस चैकी के सामने पुष्पा पेट्रोल पंप के पास उनका गोदाम है। रोजाना की तरह बुधवार सुबह जब वह गोदाम का ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो वहां खड़े महिंद्रा ट्रैक्टर का बैटरी बॉक्स और जनरेटर का अल्टीनेटर टूटा हुआ मिला। जांच करने पर ट्रैक्टर की बैटरी और अल्टीनेटर में लगा तांबा गायब मिला। पीड़ित के अनुसार चोर दोनों सामान चोरी कर ले गए हैं। इससे करीब 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शासन-प्रशासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को लेकर 70 अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

चन्दौसी। शासन-प्रशासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग को बढ़ावा देने और सरकारी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज चन्दौसी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से प्रायोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, लखनऊ के तत्वावधान में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकारी कामकाज, जनसेवाओं में सुधार, पारदर्शिता और डिजिटल प्रशासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता से परिचित कराना था। इसमें विभिन्न विभागों के करीब 70 अधिकारी-कर्मचारियों और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। लखनऊ से आए विशेषज्ञ परिश्रुत और एल्विन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक प्रयोग, ई-शासन, आंकड़ों की सुरक्षा और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। पहले सत्र में सैद्धांतिक जानकारी दी गई, जबकि दूसरे सत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान ई-डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक विपिन कुमार, प्रधानाचार्य शंकर सिंह, विभागाध्यक्ष वरश्री गंगवार, मेघा शर्मा, दिनेश मोहन आर्य, सुनील कुमार, क्षितिज कुमार गुप्ता सहित संस्थान का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

विधानसभा चुनाव की तैयारी में जिला पंचायत सदस्य गीता दिवाकर

चन्दौसी। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों से चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुट गए हैं। खासकर भाजपा में चन्दौसी विधानसभा सीट से टिकट के कई दावेदार सामने आ रहे हैं। हालांकि पार्टी की ओर से अभी प्रत्याशी के नाम पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इस बीच जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 27 से निर्वाचित गीता दिवाकर ने भी 31-चन्दौसी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए भाजपा से टिकट की दावेदारी पेश की है।

गीता दिवाकर का कहना है कि यदि पार्टी उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर देती है तो वह क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती हैं, ताकि उन्हें खेलकूद के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा सड़कों की स्थिति सुधारने, आवागमन की व्यवस्था बेहतर बनाने और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रयास करेंगी। उनका कहना है कि शिक्षा, युवा और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देकर क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है।

कृषक आधुनिक तकनीकी से करें खेती

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशों के क्रम में जनपद में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत 30 नवम्बर 2026 तक जनपद में कुल 105 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों का निर्धारित रोस्टर जारी किया गया है। अभियान के अंतर्गत 04 नवम्बर 2026 तक जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 21 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। बुधवार को विकास खण्ड आसफपुर के ग्राम गुलड़िया में द्वितीय पाली में खेत बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक, बरेली मण्डल बरेली दुर्विजय सिंह ने प्रतिभाग कर कृषकों को मिनीकिट वितरण, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी बिसौली नेत्र पाल एवं सहायक विकास अधिकारी (कृषि) आसफपुर सोनू कुमार उपस्थित रहे। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) द्वारा कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व एवं उसकी प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया गया।

बिखरते परिवारों को एक डोर से बांधने का सहारा बनी बदायूं पुलिस

बदायूं- आज दिनांक 04-11-2026 को रिजर्व पुलिस लाईन बदायूं में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से तथा मौजूद काउंसलर 1.श्री एस डी शर्मा 2.श्री अशोक खुराना 3.श्री गिरधारी सिंह राठौर 4. श्री शिव स्वरूप गुप्ता 5.श्री ज्वाला प्रसाद गुप्ता एवं पुलिस स्टाफ महिला उप निरीक्षक माया(प्रभारी)महिला हेड कांस्टेबल कुमुद ,कांस्टेबल राखी, कांस्टेबल डौली द्वारा पारिवारिक समस्याओं की कुल 82 फाइलें लगाई गई। जिनमें से 54 फाइलों की काउंसलिंग ,10 फाईल में समझौता ,10 फाईल निरस्त शेष फाइलो में अग्रिम तिथि दी गई एवं उपस्थित पक्षों को सुना गया और उनकी समस्याओं के निवारण का विचार किया गया। समझौता किए गए परिवार को उज्जवल भविष्य की शभकामनाऐं दी गईं।

कोई भी टीबी ग्रसित बच्चा उपचार से वंचित न रहे

बदायूं- पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे टीबी के लक्षण होने पर स्वयं बलगम नहीं निकाल पाते हैं। ऐसे बच्चों में टीबी की पुष्टि के लिए जांच के नमूने लेने की प्रक्रिया के बारे में वीडियो के माध्यम से जानकारी देने के साथ ही सीएचसी एवं पीएचसी से आए चिकित्सा अधिकारियों को टीबी के लक्षण वाले बच्चों को अधिक से अधिक रेफर करने तथा आवश्यक नमूने लेकर जांच कराने के लिए प्रशिक्षित किया गया, ताकि कोई भी टीबी ग्रसित बच्चा उपचार से वंचित न रहे।

जनपद में बच्चों में क्षय रोग (टीबी) की शीघ्र पहचान, समयबद्ध जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स द्वारा स्टेट टीबी सेल के समन्वय से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के एनएचएम सभागार में बुधवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक मेहनत एवं समन्वय के साथ कार्य का आह्वान किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी चर्चा की गई। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के माध्यम से सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों को चिह्नित कर उनमें टीबी के लक्षणों की पहचान करने की प्रक्रिया बताई गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में कार्यरत लगभग 120 चिकित्सकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण देकर विद्यालयों में छोटे बच्चों में टीबी के लक्षणों की पहचान एवं उन्हें सीएचसी/पीएचसी पर रेफर करने के संबंध में जानकारी दी गई। जनपद के दो बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत एवं डॉ. अमित रस्तोगी को डिस्ट्रिक्ट ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जिनके द्वारा भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने जनपद में क्षय रोगियों की स्थिति, टीबी के लक्षण, जांच, उपचार एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

परामर्श केंद्र में दो परिवारों के बीच कराया समझौता

चन्दौसी। पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह समझौता केंद्र की बैठक रविवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चैकी में केंद्र प्रभारी एवं महिला थानाध्यक्ष डॉ. रुकमपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी विवादों को काउंसलरों के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 16 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। इनमें तीन पत्रावलियों का निस्तारण किया गया, जबकि दो परिवारों को आपसी सहमति से पुनः मिलाया गया। वहीं एक पत्रावली में आवेदक की ओर से पैरवी नहीं किए जाने के कारण अन्य कारणों से बंद कर दिया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोड़ा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, रेनू राठी और महिला हेड कांस्टेबल रुचि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले छात्र फार्म-6 भरकर बनवाएं वोट

चन्दौसी। तहसील प्रशासन की ओर से बुधवार को कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के बिचैटा काजी स्थित माया देवी सीताराम डिग्री कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व समझाते हुए नए मतदाता बनाने के लिए प्रेरित किया गया। नायब तहसीलदार बहजोई रजत कुमार और नायब तहसीलदार चन्दौसी उदयवीर सिंह ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, वे फार्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा करें और मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। साथ ही परिवार में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके भाई-बहनों के भी वोट बनवाने में सहयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। एक-एक वोट से मजबूत सरकार और बेहतर व्यवस्था का निर्माण होता है। उन्होंने फार्म-6 भरने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी। इस दौरान राजस्व निरीक्षक रजनीश कुमार, लेखपाल सुनील बाबू, प्राचार्य शिव भोलेनाथ श्रीवास्तव और कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन समारोह में मेधावी विद्यार्थी और शिक्षक सम्मानित

चन्दौसी। भारत विकास परिषद की शाश्वत शाखा चन्दौसी के तत्वावधान में लक्ष्मी देवी हर प्रसाद सरस्वती स्कूल में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने किया। उन्होंने परिषद के उद्देश्यों और कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के पांच सूत्रों के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना बढ़ाने का कार्य कर रही है। शाखा सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि संस्कारवान विद्यार्थी ही सशक्त राष्ट्र के निर्माता होते हैं। शिक्षा के साथ संस्कारों का होना भी जरूरी है। समारोह में प्रत्येक कक्षा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एक विद्यार्थी को मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट किए गए। सम्मान पाकर विद्यार्थियों और शिक्षकों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर सीए सचिन गुप्ता, डॉ. दुर्गा टंडन, दृगपाल सिंह, मुकेश गुप्ता, अजय कुमार, लक्ष्मी पाठक, अर्चना, लक्ष्मी, अंजलि सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रोजगार मेले में 205 युवाओं का चयन एवं शॉर्टलिस्ट



बदायूँ। रोजगार मेले में कुल 22 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 669 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराकर साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त कुल 205 युवाओं का विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन एवं शॉर्टलिस्ट किया गया

बुधवार को जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल विकास मिशन बदायूं के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विधानसभा स्तरीय (शेखूपुर विधानसभा) रोजगार मेले का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (वी0आई0एम0टी0) परिसर में किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला कोषाध्यक्ष एवं माननीय विधान परिषद सदस्य की प्रतिनिधि सलोनी पाठक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि ने रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों में रोजगार की उपलब्ध सम्भावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को इस प्रकार के रोजगार मेलों को रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वीआईएमटी के डायरेक्टर आशीष सिंघल, विकास आहूजा एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षय रस्तोगी, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ओमकार नाथ पाण्डेय, अजय प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश आर्य, जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकान्त यादव एवं कौशल विकास मिशन के विकासखण्ड परियोजना प्रबन्धक अंकित यादव सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गुड्डू भैया के स्वागत में गूंजा कछला पुल - भारत माता की जय के नारों से कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

बदायूँ। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ शैलेश पाठक गुड्डू भैया को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाए जाने के उपरांत प्रथम बार बदायूं आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक और विशाल स्वागत किया। कछला स्थित मां गंगा घाट पुल पर जैसे ही गुड्डू भैया का काफिला पहुंचा, पूरा पुल भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। पहले से इंतजार कर रहे देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लाद दिया। गाड़ी से उतरते ही कार्यकर्ताओं ने गेंदे की विशाल मालाएं पहनाकर और फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया।



इस भव्य स्वागत समारोह में उझानी ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, कछला नगर पंचायत चेयरमैन जगदीश लोनिया, गंगा आरती संयोजक नीरज शर्मा समेत सैकड़ों देवतुल्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया कि जमीनी और कर्मठ नेता को प्रदेश कार्यसमिति में स्थान दिया गया है।

कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं का कहना है कि डॉ शैलेश पाठक गुड्डू भैया लंबे समय से संगठन को मजबूत करने में लगे हैं और उनकी यह नियुक्ति कार्यकर्ताओं के सम्मान की नियुक्ति है। निश्चित रूप से उनके अनुभव से संगठन को और मजबूती मिलेगी।

दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग किया

बिसौली। एस.डी.बी. पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए आकर्षक गतिविधि कैंडल, दीया, डेकोरेशन (मोमबत्ती, दीया सजावट) का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग किया। बुधवार को बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल का परिचय देते हुए मोमबत्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया। रंग-बिरंगी सजावट और सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने दीपावली के उत्सव को और भी खास बना दिया। इस दौरान प्रतिभागी कक्षा दो के विद्यार्थी आयुष भदौरिया, अक्षय, आरुषि पाठक, रमन, प्रतीक यादव, सृष्टि सिंह, नित्या चौहान, तान्या, संस्कृति, अन्नव पाराशरी, शौर्य, श्रद्धा, गौरी, ज्योतिका, वरुण, चिराग, हर्ष यादव, तनु, भक्ति यादव, वैभव, पार्थ, आसिका, गौरव, जयंत, राधिका एवं देवांश। कक्षा तीन के प्रतिभागी आराध्या सिंह, अन्या, अंशुमान शंखधार, अंश सरीन, आरोही शर्मा, आर्यन यादव, अर्वतिका यादव, अर्वतिका, अक्षत शर्मा, अक्षत चौहान, आरुष चौहान, दिव्यांशु अग्रवाल, देवांश सक्सेना, काव्या यादव, नैतिक, निशा, प्राची, राधिका, राघव एवं वान्या चौहान इस गतिविधि को सफल बनाने में शिक्षिकाओं श्वेता शर्मा, मेघा सक्सेना, सिम्मी, स्वाति सक्सेना, विनिता, सुंदरी रस्तोगी, दिव्या चौहान, नीलोफर, अर्चना रस्तोगी, रीता वार्ष्णेय, नीलम मिश्रा एवं गौरी सिंह का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू बत्रा एवं निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं को सफल आयोजन के लिए शुभकामनायें दी।

बार एसोसिएशन चुनाव में अधिवक्ताओं ने दिखाया उत्साह, शाम पांच बजे तक 91.23 प्रतिशत मतदान

चन्दौसी। चन्दौसी बार एसोसिएशन के चुनाव में बुधवार को अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्र पर अधिवक्ताओं की आवाजाही बनी रही। शाम चार बजे तक कुल 1198 मतों में से 1093 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह निर्धारित समय तक करीब 85.39 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी पसंद के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। अधिक मतदान होने से प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में भी खासा उत्साह नजर आया। चुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। खीरी से आए पर्यवेक्षक अफसर अली एड0 के अनुसार बार चुनाव को पूरी तरह से पारदर्शी बनाया गया है। अधिवक्ताओं द्वारा बारी-बारी से अपनी मत का प्रयोग किया गया है। चुनाव में कोषाध्यक्ष पद पूनम दुबे 152 वोटों से विजयी हुईं।

04 किलोमीटर की दौड़ में अर्जुन ने मारी बाजी

चन्दौसी। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव खनुपुरा में बुधवार दोपहर युवाओं की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बिलारी विधानसभा से सपा विधायक मोहम्मद फहीम के प्रतिनिधि मौहम्मद फैज, ग्राम प्रधान सुमन यादव व पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र सिंह यादव ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों के साथ-साथ निकटवर्ती जिलों के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में दो दौड़ प्रतियोगिताएं कराई गईं - 4 किलोमीटर और 1600 मीटर। 04 किलोमीटर की दौड़ में कुल 12 युवकों ने भाग लिया। इसमें आसफपुर निवासी अर्जुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं फतेहपुर निवासी रजत दूसरे स्थान पर रहे और समीर ने तीसरा स्थान हासिल किया।1600 मीटर की दौड़ में 13 युवक शामिल हुए। इसमें शाहबाद निवासी विवेक ने प्रथम, लच्छमपुर निवासी रितिक ने द्वितीय और समसपुर निवासी मुकेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेताओं को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान के विजेता को ग्राम प्रधान सुमन यादव द्वारा साइकिल, द्वितीय स्थान के विजेता को बिजली का पंखा, वहीं अन्य विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान पति रामप्रकाश यादव, अजय पाल सिंह यादव, भूरे सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विजेता युवाओं का उत्साहवर्धन किया और आयोजन समिति की सराहना की।

दीपावली की रंगत से गुलजार हुआ बाजार, रंग-बिरंगी झालरों से सजी दुकानें

चन्दौसी। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही नगर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को रंग-बिरंगी बिजली की झालरों और फूलों की लड़ियों से सजाना शुरू कर दिया है। बाजार में दीपावली की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। दुकानों पर सजावट के सामान, रोशनी की झालरों और त्योहार से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी हो रही है। बाजार में बढ़ती चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। शाम होते ही रंग-बिरंगी रोशनी से सजे बाजार का नजारा आकर्षक दिखाई देने लगा है।

मंडलीय सरस मेला-2026 में मंडलायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों का किया अवलोकन



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पंचायत भवन परिसर, मुरादाबाद में 02 से 06 नवंबर 2026 तक आयोजित मंडलीय सरस मेला-2026 में मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने यहां लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुनय झा एवं मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने भी मेले का भ्रमण कर विभिन्न जनपदों से आई समूह की महिलाओं द्वारा प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया।

मंडलायुक्त ने ग्रामीण महिलाओं द्वारा उद्यम एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मंडलीय सरस मेले जैसे आयोजन महिलाओं के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने, उनके उत्पादों की पहचान स्थापित करने तथा बिक्री के नए अवसर सृजित करने का प्रभावी माध्यम हैं। इससे महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा ने भी मेले के सभी स्टॉलों का भ्रमण किया तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने महिलाओं के परिश्रम, कौशल एवं उद्यमशीलता की सराहना करते हुए जनपदवासियों से अपील की कि वे मेले में पहुंचकर समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की अधिक से अधिक खरीदारी करें तथा अपने परिचितों एवं अन्य लोगों को भी स्थानीय उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करें।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा अधिकाधिक लोगों को मेले तक लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग, ब्रांडिंग एवं बिक्री के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि महिलाओं के उत्पादों को अधिक से अधिक ग्राहक मिल सकें और उनकी आजीविका को स्थायी रूप से मजबूती मिले। जिलाधिकारी की इस पहल से मेले में प्रतिभाग कर रही स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उत्साहित नजर आईं।

मंडलीय सरस मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा कुल 45 स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर सरसों का तेल, विभिन्न प्रकार के मसाले, हैंडलूम उत्पाद, जूट से निर्मित सामग्री, सैनिटरी उत्पाद, मिलेट्स (श्री अन्न) से तैयार खाद्य सामग्री, दीपावली के दीप एवं सजावटी वस्तुओं सहित विभिन्न स्थानीय एवं हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। मेले में मुरादाबाद मंडल के विभिन्न जनपदों से आई स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों के माध्यम से स्थानीय कला, कौशल एवं उद्यमिता का प्रदर्शन कर रही हैं।

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती मृणाली अविनाश जोशी ने भी समूह की महिलाओं से संवाद किया तथा उनके उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं विपणन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिलाओं को उत्पादों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करने, आकर्षक पैकेजिंग अपनाने तथा अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों ने बताया कि मेले में प्रतिभाग करने वाले स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं अन्य प्रतिभागियों के लिए अच्छे होटलों में ठहरने, खान-पान तथा होटल से मेला स्थल तक आवागमन की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे प्रतिभागियों को बेहतर वातावरण एवं मंच उपलब्ध हो सके।

मंडलीय सरस मेला-2026 ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, स्वरोजगार को प्रोत्साहन, स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने तथा उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह मेला स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को भी साकार कर रहा है।

जनगणना-2027 एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों में स्काउट एवं गाइड का लिया जाएगा सहयोग: जिलाधिकारी

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जनपद में जनगणना-2027, निर्वाचन सहित विभिन्न जनजागरूकता अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए स्काउट एवं गाइड का सक्रिय सहयोग लिया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में व्यापक विचार-विमर्श किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्काउट एवं गाइड सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यातायात नियमों के अनुपालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में स्काउट एवं गाइड का योगदान सराहनीय रहा है। इसी प्रकार जनगणना-2027 एवं निर्वाचन से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों में भी उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक महत्वपूर्ण जानकारियां पहुंचाई जा सकें।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में जनगणना-2027 के अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान स्काउट एवं गाइड के सदस्य आमजन को स्वगणना की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक परिवारों को स्वयं ऑनलाइन गणना में अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्काउट द्वारा कम से कम 10 परिवारों की स्वगणना कराने में सहयोग किया जाए। इस कार्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को सम्मानित भी किया जाएगा, जिससे सदस्यों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो सके।

बैठक में स्काउट एवं गाइड की आगामी जिला रैली 26, 27 एवं 28 नवंबर 2026 को आयोजित किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रैली के आयोजन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा मुख्य विकास अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर सभी निर्धारित कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाए।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) TATA MOTORS LTD. - CB_TATA_MOTORS_LPT_3718_TANKER_FBV REG NO.UP38AT9691 -YOM-2017
2) MAHINDRA_AND_MAHINDRA - CB_SUPRO_MINI_TRUCK REG NO.UP24AT5856 -YOM-2023
3) TATA MOTORS LTD. - CB_TATA LPT 2518 CAB CHASSIS CONTAINER REG NO. HR55AE7800 -YOM-2016
4) TATA MOTORS LTD. - CB_TATA_MOTORS_LPT_4825_GOODS_FBV REG NO.UP25ET2152 -YOM-2021
5) TATA MOTORS LTD. - CB_TATA_ACE_GOLD REG NO.UP27CT7747-YOM-2025
6) TATA MOTORS LTD. - CB_TATA_INTRA_TATA MOTORS REG NO.UP21ET2316 -YOM-2024
7) TATA MOTORS LTD. - CB_TATA LPS 4923 TC FULLY BUILT TRAILER REG NO.UK18CA2525 - YOM-2018
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITH IN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 11.11.2026
BRANCH ADDRESS:
SHRI GANPATI COMPLEX, FIRST FLOOR NEAR EKTA DWAR, CIVIL LINE MORADABAD -244001 OR
CONTACT : SANJAY.SRIVASTAVA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT / 8791105183
EMAIL:-sanjay.srivastava1@kotak.com

जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की गईं 50 साइकिलें

मेरठ। मदन मोहन विद्या मंदिर में मंगलवार, 3 नवंबर 2026 को केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी की ओर से साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या शर्मिष्ठा भाटी ने अतिथियों का परिचय कराते हुए माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रबंधक पुनीत रस्तोगी तथा केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी की ओर से अंकित अग्रवाल, हेमंत गोयल एवं जे.पी. गर्ग सहित पूर्व प्रधानाचार्य राकेश कुमार गुप्ता और कृष्ण कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने विद्यालय के लगभग 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कीं। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। यह पहल विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने की दिशा में सराहनीय प्रयास रही। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

गगोल में जागरूकता शिविर आयोजित

मेरठ। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, मेरठ की ओर से ग्राम गगोल, परतापुर में पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों एवं वीर नारियों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन स्वतंत्र प्रभार मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर की पहल पर जिला

योगी सरकार ने जारी की ?643.10 की मुफ्त सिलेंडर सब्सिडी, 22 महिलाओं को मंच से मिले चेक

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। दीपावली महापर्व के पावन अवसर पर योगी सरकार ने गरीब व जरूरतमंद परिवारों की रसोई को खुशियों से रोशन करते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण का बड़ा उपहार दिया है। मंगलवार को अपराह्न चार बजे राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महत्वाकांक्षी योजना का सजीव शुभारंभ किया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसंबर तक संचालित इस अभियान के तहत जनपद मुरादाबाद के कुल 2,73,000 (दो लाख तिहत्तर हजार) उज्ज्वला लाभार्थियों को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी से सीधे लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी क्रम में मुरादाबाद के कंपनी बाग स्थित पंचायत भवन सभागार में लखनऊ के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाते हुए भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने 22 चयनित महिला लाभार्थियों को ?643.10 की राज्य सब्सिडी राशि के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए, जबकि सभागार में उपस्थित सभी 250 महिला लाभार्थियों को दीवाली के उपलक्ष्य में मिठाई और शुभ दीया देकर उनका सम्मान व उत्साहवर्धन किया गया।

22 महिलाओं को मंच से मिले प्रतीकात्मक चेक

कंपनी बाग स्थित पंचायत भवन सभागार में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान लोकभवन लखनऊ से मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर देखा गया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) गोपाल अंजान एवं जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. शैफाली सिंह मंचासीन रहीं। उनके साथ जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) दीपक कुमार वार्ष्णेय तथा ऑयल कंपनी के जिला समन्वयक प्रशांत शाक्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों ने मंच से 22 उज्ज्वला लाभार्थी

महिलाओं को प्रतीक स्वरूप ?643.10 की सब्सिडी के बड़े चेक सौंपे। प्रतीकात्मक चेक प्राप्त करने वाली प्रमुख महिलाओं में कमलेश (पत्नी बब्लू), पिंकी कुमारी (पत्नी दीपक), आशा (पत्नी मदन लाल), मिथिलेश (पत्नी राजकुमार), रूबी (पत्नी मौ. इरशाद), रिहाना (पत्नी अकील अहमद), कमलेश (पत्नी संजय), लक्ष्मी (पत्नी चरन सिंह), राखी पंकज तथा बिजनेश (पत्नी विकास) शामिल रहीं। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि योगी सरकार की नीतियां समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सुरक्षा को समर्पित हैं।

अक्टूबर से दिसंबर तक 2.73 लाख परिवारों को सीधी राहत- मिष्ठान और शुभ दीये से महकी दीवाली

कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनपद में पंजीकृत सभी 2,73,000 उज्ज्वला लाभार्थियों के बैंक खातों में योजना की निर्धारित धनराशि सीधे अंतरित (डीबीटी) की जा रही है। प्रति सिलेंडर ?643.10 की यह सब्सिडी मिलने से गरीब परिवारों पर त्योहार के समय अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। पंचायत भवन सभागार में पहुंचे 250 लाभार्थियों के लिए जिला प्रशासन का संवेदनशील मानवीय दृष्टिकोण भी देखने को



मिला, जहां औपचारिक सब्सिडी वितरण के साथ-साथ दीपोत्सव के स्वागत स्वरूप प्रत्येक महिला को मिष्ठान का डिब्बा और पूजन हेतु %शुभ दीया% सप्रेम भेंट किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण के तहत दिसंबर 2026 तक सभी पात्र परिवारों को गैस रिफिल पर पूरी सब्सिडी निर्बाध रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

लाभार्थी आशा की दास्तान— %चूल्हे के धुएं में बच्चे भूखे सो जाते थे, योगी-मोदी सरकार ने बदली जिंदगी%

समारोह में सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक और उपहार पाकर मुरादाबाद निवासी लाभार्थी आशा (पत्नी मदन लाल) की आंखें खुशी और पुरानी यादों के भावुक पलों से छलक उठीं। आशा ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि गैस सिलेंडर मिलने से पहले उनका जीवन मिट्टी के चूल्हे पर भोजन पकाने की घोर यातना में बीतता था। गीली लकड़ियों और उपलों के घने धुएं से आंखें जलती थीं, सांस लेना दूभर होता था और कई बार चूल्हा न जल पाने के कारण आधा खाना बनता था और आधा कच्चा रह जाता था। विवशता ऐसी होती थी कि रात में बच्चे भूख के मारे रोते-रोते सो जाया करते थे। आशा ने भाव-विभ्वल होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने उन्हें न केवल गैस कनेक्शन और नियमित राशन देकर भुखमरी से बचाया, बल्कि इस दीवाली पर ?643.10 की पूरी सब्सिडी देकर त्योहार की चिंता ही मिटा दी है।

लाभार्थी मिथिलेश देवी की खुशी— %मुफ्त सिलेंडर के साथ मिठाई और दीया पाकर धन्य हुआ गरीब परिवार%

कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी मिथिलेश देवी (पत्नी राजकुमार) ने अपने हाथ में ?643.10 का चेक, मिष्ठान का डिब्बा और शुभ दीया संभालते हुए शासन की इस पहल पर गहरा आभार व्यक्त किया। मिथिलेश ने बताया कि त्योहार के दिनों में जब घर का बजट बिगड़ जाता है, तब सरकार द्वारा मुफ्त सिलेंडर रिफिल का यह फैसला उनके जैसे कमजोर आय वर्ग के परिवारों के लिए सबसे बड़ा आर्थिक संबल बनकर आया है। उन्होंने कहा कि आज के आयोजन में न केवल सिलेंडर की राशि मिली, बल्कि प्रशासन ने दीवाली की मिठास और घर आंगन को जगमगाने के लिए दीया देकर उनका दिल जीत लिया है।

लाभार्थी शिवानी का उत्साह— %सीधे खाते में आई मदद, त्योहार पर योगी जी ने दिया सबसे अनमोल तोहफा%

मंच से सब्सिडी का चेक प्राप्त करने वाली मुरादाबाद की युवा गृहिणी शिवानी (पत्नी यशवन्त) के चेहरे पर मुख्यमंत्री के इस कदम को लेकर असीम उत्साह और संतोष साफ नजर आया। अपने हाथ में ?643.10 की सब्सिडी का चेक दिखाते हुए शिवानी ने कहा कि त्योहार के ठीक मौके पर यह आर्थिक राहत मिलना किसी बड़े वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि गैस रिफिल कराने के लिए पैसों का इंतजाम करना उनके परिवार के लिए हमेशा एक कठिन चुनौती रहता था, लेकिन मुख्यमंत्री जी ने ऐन दीवाली पर मुफ्त सिलेंडर की व्यवस्था करके उनकी जेब का खर्च बचा लिया है।

मुरादाबाद में त्योहारों पर 24 घंटे निर्बाध बिजली, हर सीएचसी में दो बेड का बर्न वार्ड

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। आगामी दीपावली और छठ महापर्व को सौहार्दपूर्ण, सुरक्षित और भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए मुरादाबाद का पूरा प्रशासनिक तंत्र मिशन मोड में है। बीते 3 तारीख को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुरूप जिले में व्यापक कार्ययोजना लागू कर दी गई है। जिलाधिकारी समेत जनपद के सभी विभागीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार धरातल पर मोर्चा संभाल लिया है। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। जनपदवासियों के त्योहारों के उल्लास को दोगुना करने के लिए जिले में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति और हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की पुख्ता व्यवस्था की गई है। वहीं आतिशबाजी के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड पर रखते हुए जिले की प्रत्येक सीएचसी में दो बेड का विशेष बर्न वार्ड स्थापित किया जा रहा है और अतिरिक्त बेड आरक्षित किए गए हैं।

अन्नदाताओं के हितों की रक्षा करते हुए प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि खरीद केंद्रों पर घटतौली करने वालों को जेल भेजा जाएगा और वसूली की पुष्टि होने पर संपत्ति जब्त होगी। जनसमस्याओं के समयबद्ध समाधान से आमजन का विश्वास सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ मुरादाबाद प्रशासन हर मोर्चे पर मुस्तैद दिखाई दे रहा है।

मुरादाबाद के अस्पतालों में आरक्षित हुए बेड, हर सीएचसी में तैयार हो रहा दो बेड का बर्न वार्ड

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिलाधिकारी ने जिले की चिकित्सा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा है। दीपावली पर पटाखों से झुलसने या घायल होने वाले लोगों के त्वरित और निश्शुल्क उपचार के लिए जिला अस्पताल के साथ-साथ प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला अस्पताल में विशेष बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा जनपद की प्रत्येक सीएचसी में 02 बेड का समर्पित बर्न वार्ड तैयार करने का काम तेजी से शुरू हो गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी अपने नजदीकी केंद्र पर ही तत्काल बेहतर इलाज मिल सके।

पर्वों पर 24 घंटे रोशन रहेगा मुरादाबाद, निर्बाध पेयजल आपूर्ति की ठोस व्यवस्था

विद्युत विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं कि दीपावली के दौरान जिले में किसी भी कीमत पर बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। पूरे जनपद में 24 घंटे रोस्टर-मुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष कंट्रोल रूम और फॉल्ट सुधार टीमों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही नगर निगम और जलकल विभाग को जिम्मेदारी दी गई है कि त्योहारों के दौरान किसी भी नागरिक को पेयजल की किल्लत न उठानी पड़े, जिसके लिए ओवरहेड टैंकों और जलापूर्ति लाइनों की गहन निगरानी की जा रही है।

मलिन बस्तियों से पॉश इलाकों तक स्वच्छता और सजावट की विशेष मुहिम

जिले के नगरीय और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शहर की बेहतर कॉलोनियों के साथ-साथ मलिन बस्तियों और ग्रामीण अंचलों में भी समान रूप से सघन सफाई, एंटी-लार्वा छिड़काव और भव्य प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। स्थानीय निकायों के अधिकारी खुद सड़कों पर उतरकर सफाई व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं।

सड़कों को जाम-मुक्त रखने के लिए परिवहन और यातायात पुलिस का संयुक्त प्लान

त्योहारों पर बाजारों में लगने वाले जाम से आमजन को निजात दिलाने के लिए परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने साझा रणनीति बनाई है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट संदेश कि %सड़कें केवल आवागमन के लिए हैं% को लागू करते हुए शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों और मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाने और रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई है। डग्गामार और अनियंत्रित वाहनों पर लगाम लगाने के साथ ही संवेदनशील पॉइंट्स पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि आवागमन सुगम बना रहे।

प्रमुख बाजारों से हाईवे तक पुलिस पेट्रोलिंग, इंटेलीजेंस की संदिग्धों पर 24 घंटे नजर

जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएसपी और पुलिस बल पूरी सतर्कता बरत रहा है। मुरादाबाद के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले चौराहों, संपर्क मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर पुलिस की मोबाइल पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। किसी भी स्तर पर विवाद पैदा करने की मंशा रखने वाले खुराफाती तत्वों पर प्रशासन का सख्त पहरा है। एलआईयू और इंटेलीजेंस की टीमें सक्रिय हैं, जो जिले के हर संवेदनशील इलाके और संदिग्ध गतिविधियों पर चौबीसों घंटे पैनी नजर बनाए हुए हैं।

सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

त्योहारों के माहौल में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या अफवाह फैलाने की किसी भी साजिश को रोकने के लिए जिले की साइबर सेल सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मों की सघन मॉनिटरिंग कर रही है। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भड़काऊ पोस्ट, फर्जी वीडियो या शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

त्योहार से पूर्व राशन वितरण पूरा करने का टास्क, छठ महापर्व की अग्रिम तैयारियां

खाद्य एवं रसद विभाग को सख्त आदेश दिए गए हैं कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के सभी राशन कार्डधारकों को त्योहार शुरू होने से पहले ही शत-प्रतिशत खाद्यान्न उपलब्ध करा दिया जाए। राशन वितरण केंद्रों पर नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं दीपावली के बाद आने वाले आस्था के महापर्व छठ को लेकर भी रामगंगा घाट समेत जनपद के सभी प्रमुख पूजा घाटों की सफाई, बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, सुरक्षा और रोशनी के पुख्ता इंतजाम समय रहते पूरे किए जा रहे हैं।

अन्नदाताओं के हक पर मुरादाबाद में सख्त पहरा- घटतौली पर जेल और यूरिया ओवररेटिंग पर कार्रवाई

किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए जिले में धान और गन्ना खरीद केंद्रों पर सघन निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी ने माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा को साकार करने हेतु सख्त निर्देश दिए हैं कि किसानों की उपज की तौल में घटतौली करने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा। खरीद प्रक्रिया अथवा सरकारी योजनाओं में किसी भी स्तर पर अवैध वसूली सिद्ध होने पर संबंधित व्यक्ति की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त रबी फसलों की बुवाई के समय जिले में यूरिया का कोई कृत्रिम संकट न बनने पाए, इसके लिए खाद की ओवररेटिंग और कालाबाजारी पर लगातार निगरानी की जा रही है।

क्यूएस एशिया रैंकिंग में सीसीएसयू की बड़ी छलांग, 694वें स्थान पर पहुंचा विश्वविद्यालय

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक जगत में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए क्यूएस विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग- एशिया 2027 में 694वां स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष विश्वविद्यालय 801-850 के रैंक बैंड में शामिल था। इस बार निश्चित रैंक हासिल कर विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। साथ ही उत्तर प्रदेश के राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों में सीसीएसयू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

एशिया की इस रैंकिंग में 26 देशों और क्षेत्रों के 1,722 उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है, जिनमें भारत के 325 विश्वविद्यालय हैं। रैंकिंग में अकादमिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, शोध प्रकाशन, शोध पत्रों के उद्धरण और अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग सहित 11 मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने इस उपलब्धि को शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य शिक्षा, शोध, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत करना है।

निदेशक शोध प्रो. बीरपाल सिंह ने बताया कि क्यूएस दक्षिण एशिया रैंकिंग 2027 में भी विश्वविद्यालय ने 201वां स्थान हासिल किया है, जबकि पिछले वर्ष यह 254वें स्थान पर था। इस प्रकार विश्वविद्यालय ने 53 स्थानों का सुधार किया है। उन्होंने इसे शोध की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग के निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया।

दीपावली पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल का उपहार

हापुड़। दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत जनपद हापुड़ के कुल 71,530 उज्ज्वला लाभार्थी परिवार लाभान्वित होंगे।

इस योजना का शुभारंभ आज माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोक भवन, लखनऊ से डिजिटल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के 1.89 करोड़ से अधिक पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी उपलब्ध कराने हेतु ?1,500 करोड़ की धनराशि का हस्तांतरण किया गया। यह धनराशि पात्र



लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी, जिससे उन्हें दीपावली के अवसर पर नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इसी क्रम में जनपद हापुड़ में आयोजित कार्यक्रम में माननीय विधायक हापुड़ श्री विजय पाल आढ़ती जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा नागर, सांसद प्रतिनिधि श्री अशोक बबली, एवं श्री विनोद गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने, स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने तथा उनके जीवन को अधिक सुविधाजनक एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। दीपावली के शुभ अवसर पर नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सुविधा से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को विशेष राहत मिलेगी। जनपद हापुड़ में इस योजना के अंतर्गत कुल 71,530 पात्र उज्ज्वला लाभार्थी परिवारों को लाभान्वित किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं जिला पूर्ति विभाग द्वारा योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

शराबी पति ने पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की, गंभीर घायल

पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी

आज समाचार सेवा

नहटौर। थाना क्षेत्र के ग्राम ढकौली में नशे की हालत में घर पहुँचे एक पति ने अपनी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोपी पति ने लोहे की नल की हत्थी से अपनी पत्नी के सिर पर गंभीर वार किया, जिससे महिला के सिर में गंभीर चोट आई और उसका दाहिना हाथ भी टूट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम ढकौली निवासी विजेंद्र का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व ग्राम भगवानपुर निवासी सोनम के साथ हुआ था। पीड़िता के पिता धर्मपाल सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही आरोपी विजेंद्र छोटी-छोटी बातों को लेकर सोनम के साथ विवाद करता था और आए दिन गाली-गलौज व मारपीट करता रहता था। दो नवंबर की शाम करीब सात बजे विजेंद्र शराब



के नशे में घर पहुँचा और सोनम के साथ विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान उसने लोहे की नल की हत्थी उठाकर सोनम के सिर पर प्रहार कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना की सूचना मिलने पर पीड़िता के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति विजेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। विवेचना अधिकारी अनिल राणा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जाँच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चोरों ने गांव बल्दिया मोजे के हाइवे से कुओं के स्टार्टर केबल चोरी किये

आज समाचार सेवा



हल्दौर। हल्दौर थाना क्षेत्र में बिजनौर हाइवे पर बल्दिया मोजे में चोरों ने तीन कुओं के ताले तोड़ कर स्टार्टर एवं केबल खोल कर चोर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मास्टर जितेंद्र शर्मा का खेत बालकिशनपुर चैराहे से लगभग पांच सौ मीटर दूर हाइवे से अंदर को आ रहा है जहां पर रात में किसी समय चोरों ने ताला तोड़कर स्टार्टर एवं केबल चोरी कर लिया सुबह जब आकाश शर्मा पुत्र जितेंद्र शर्मा खेत पर पहुंचे तब वहां पर ताले टूटे पाये गये और समान भी गायब था वहीं पास के दो कुओं में भी ताले टूटे पाए गए। बालकिशनपुर चैकी प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुए, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

आज होगी प्रेस वार्ता

आज समाचार सेवा

बिजनौर। जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 व जनगणना 2027 के द्वितीय व अंतिम चरण में की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जिलाधिकारी बिजनौर उमेश प्रताप सिंह दिनांक 5 नवंबर 2026 दिन गुरुवार को अपराह्न 12 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में प्रेस वार्ता करेंगे।

नगर पालिका ने चलाया अभियान, दुकानदारों में मचा रहा हड़कंप



आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। नगर पालिका की ओर से नगर में अतिक्रमण व प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी मुक्ता सिंह के निर्देशानुसार नगर में अतिक्रमण एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर अभियान चलाया गया।

अभियान नगर के मुख्य मार्ग चैक बाजार से बांसफोडान को होते हुए मोटे आम चैराहा तक चलाया गया। जिसमें अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया साथ ही लगभग 2किलो पॉलीथिन जब्त करते हुए 2600 रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा लोगों से पॉलीथिन का उपयोग न करने और किसी भी तरह का अतिक्रमण न किये जाने के सम्बन्ध में चेतावनी भी दी गई। अभियान में सफाई निरीक्षक आदेश सैनी, राजस्व निरीक्षक विपिन कुमार चैहान, विशेष कुमार, सुल्तान ताहिर, रुपेश कुमार टीसी, हेमंत कुमार टीसी, नौरतू, संदेश सफाई नायक सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

भाजपा नेता का स्वागत किया



आज समाचार सेवा

नगीना। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य मनोनीत होने के बाद बुधवार को लखनऊ से लौटने के बाद अरविन्द गहलौत का यहां क्षत्रिय नगर में ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रमोद गहलौत, चंद्रमणि गहलौत, अनमोल गहलौत, चन्द्राश गहलौत,गर्वित चैधरी, कश्मीरी लाल मल्होत्रा, रिंकी मल्होत्रा, मुकेश कर्णवाल ,दीपांशु कर्णवाल, उज्जवल कर्णवाल, वीणा गहलौत, सीमा गहलौत, संतोष कुमारी गहलौत, कशिश मल्होत्रा ने अरविंद गहलौत को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

ही महल चाय की दुकान का फीता काटकर किया उद्घाटन



आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। हरिद्वार रोड स्थित आजाद मार्केट के सामने ही महल चाय की दुकान का उद्घाटन साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद के नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने दुकान के स्वामी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और कारोबार में तरक्की की कामना की। इस अवसर पर कांग्रेस नगर महासचिव नदीम फारूकी, औवेस, अयान, समद, शमीम अहमद, मोलाना समीर, आदि मौजूद रहे।

मैढ़ क्षत्रिय सोनार सभा के तत्वावधान में महाराजा अजमीढ़ की जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

आज समाचार सेवा



नहटौर। मैढ़ क्षत्रिय सोनार सभा के तत्वावधान में मंगलवार को महाराजा अजमीढ़ की जयंती अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें उमड़े श्रद्धा के सैलाब ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा से पूर्व समाज के लोगों द्वारा मोहल्ला चैधरियन स्थित आर्य समाज मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विधि-विधान से आहुतियां दी गईं। इसके पश्चात सभा के अध्यक्ष विपिन वर्मा ने महाराजा अजमीढ़ की प्रतिमा के सम्मुख और विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

यात्रा में सबसे आगे भगवा ध्वज लिए घुड़सवार अगवानी कर रहे थे। शोभायात्रा के दौरान भगवान गणेश, शिव बारात, राम दरबार, माँ काली, राधा-कृष्ण, भगवान शिव और हनुमान जी की मनमोहक व आकर्षक झाँकियां तथा काली का अखाड़ा श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इन झाँकियों में धार्मिक प्रसंगों को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही, बैंड-बाजे और डीजे पर बज रही धार्मिक धुनों ने पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा मोहल्ला चैधरियन से प्रारंभ होकर सुनारों वाली गली, पंचायती मंदिर, होली चैक, सराय जोखा धर्मशाला और होलियन से होते हुए पुनः आर्य समाज मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। नगर में शोभायात्रा के पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर इसका भव्य स्वागत किया और श्रद्धालुओं ने झाँकियों के दर्शन कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इस पूरे आयोजन के दौरान सभा अध्यक्ष विपिन वर्मा, कोषाध्यक्ष विनिल वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, हरिओम वर्मा, कमल वर्मा, कमलकांत वर्मा, राजकुमार वर्मा, अतुल वर्मा, अंकुर वर्मा, विशाल वर्मा, दीपक वर्मा, रोहताश वर्मा, अशोक वर्मा, सतीश वर्मा, सुनील वर्मा, नरेंद्र वर्मा, अमन वर्मा, संजीव वर्मा, डॉ. बबलू वर्मा, काव्या वर्मा, मनोज वर्मा, गौरव वर्मा, यश वर्मा, आशु वर्मा, सत्यप्रकाश वर्मा, जयकिशन वर्मा व लच्छू वर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी पूरी तरह तैनात रहा।

समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराएं हर घर योजना के कार्य: जिलाधिकारी

बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जल निगम ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए हर घर योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर घर योजना तथा इससे संबंधित अन्य निर्माण कार्यों, विशेषकर पानी की टंकियों के निर्माण एवं जलापूर्ति व्यवस्था का अधिकारियों की टीम गठित कर भौतिक सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए जनसामान्य को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने योजना के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने के लिए संचालित कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराएं तथा पेयजल की गुणवत्ता एवं निर्माण कार्यों के मानकों का विशेष ध्यान रखे उपलब्ध कराया जा सके।

पीडीए जनसंपर्क अभियान के तहत किया जनसंपर्क

सपा की नीतियों से कराया अवगत



नजीबाबाद। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफीक अंसारी के पुत्र आतिफ अंसारी ने पीडीए जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क कर समाजवादी पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। इस दौरान ग्राम रामपुर चाठा में सैनी समाज के लोगों के बीच तथा ग्राम राजपुर में पाल समाज के लोगों के बीच पहुँचकर पार्टी की नीतियों से अवगत कराया और आगामी राजनीतिक दिशा को लेकर संवाद किया। आतिफ अंसारी ने लोगों से आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता एवं पीडीए की मजबूती के लिए एकजुट होकर समाजवादी पार्टी का साथ देने की अपील की। इस मौके पर रामपुर चाठा के ग्राम प्रधान सोमदत्त सिंह सैनी, राजेंद्र सिंह सैनी, सुभाष सैनी, देवेन्द्र सैनी, रोहित सैनी, राजपुर में खेम सिंह पाल, रंजीत पाल, ओमप्रकाश पाल, नरेश पाल, ओमपाल पाल आदि लोग मौजूद रहे।

ब्लॉक के सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

आज समाचार सेवा



मुख्य अतिथि एमएलसी सतपाल सैनी ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उनकी सफल उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान और विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम कर रही है।

उनका मुख्य उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के हर जरूरत मंद और आम नागरिक तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है।

एमएलसी सतपाल सैनी ने ग्राम प्रधानों के हित और सम्मान की बात करते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में प्रधान गांव के विकास की धुरी हैं। सरकार ग्राम प्रधानों के अधिकारों और उनके मान-सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, हाजी फारूक, प्रशांत कुमार, अशोक अहलावत, सत्यवीर सिंह, अमनपाल सैनी, सतेंद्र चैधरी, नरेश कुमार, यशपाल सिंह और योगेश सैनी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जनगणना के द्वितीय चरण का अन्तिम बैच का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ



हल्दौर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतिम बैच का प्रशिक्षण नगर पालिका परिषद हल्दौर में आज 4 नवंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ फील्ड ट्रेनर रोहिताश सिंह एवं धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस बार जनगणना के 40 बिंदुओं पर गहन जानकारी प्राप्त की जाएगी इसके साथ ही उनके द्वारा प्रगणकों को साथ ले जाकर फील्ड वर्क भी कराया गया। प्रगणक शैफाली चौहान,सुरभि चौधरी, दीपक कुमार व अनिल पांडे ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और कहा पालिका द्वारा द्वारा उपलब्ध सभी व्यवस्थाएं उत्तम रही बहुत अच्छे से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया गया है जो उनके लिए फील्ड में जाकर काफी महत्वपूर्ण साबित होगा चार्ज अधिकारी द्वारा एक बार फिर सभी को अपने क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए शुभकामनाएं एवं सफलता की कामना करते हुए धन्यवाद के साथ कार्यक्रम पूर्ण किया गया।

अधिवक्ताओं और डीएम के बीच मामूली विवाद को लेकर हुआ हंगामा

अधिवक्ताओं ने दिया धरना, हुआ पटाक्षेप



आज समाचार सेवा

बिजनौर। अधिवक्ताओं और डीएम के बीच मामूली विवाद को ले कर हंगामा हो गया। उत्तेजित वकील डीएम पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाकर लगाते हुए धरने पर बैठ गये। हुआ यूँ की जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के पूर्व सेक्रेटरी एडवोकेट रामेंद्र सिंह डीएम कार्यालय में किसी काम से गये थे। उनका आरोप है कि डीएम कार्यालय में उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए कहा कि उनके यहां वकीलों की एंट्री प्रतिबंधित है। घटना से नाराज जिला बार एसोसिएशन के सैकड़ों अधिवक्ता डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। रामेन्द्र सिंह के अनुसार डीएम कार्यालय में उनका वीडियो बनाया गया और उन्हें अपमानित किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी पर तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, महासचिव मनोज शेट्टी, विनय कंबोज, अंकित शादीपुर, मुलायम सिंह, अंकित, मोहित सहित सैकड़ों अधिवक्ता डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के रवैये पर नाराजगी जताते हुए उनके स्थानांतरण की मांग उठाई। एडवोकेट रामेंद्र सिंह ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक अधिवक्ताओं का धरना जारी रहेगा। वकीलों के प्रदर्शन के दौरान डी एम कार्यालय का एक शीशा भी टूट गया। बाद में डीएम उमेश प्रताप सिंह व एसपी केके बिश्नोई अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे। डीएम ने यह कहते हुए कि वे अधिवक्ताओं का सम्मान करते हैं। यदि किसी अधिवक्ता को ठेस पहुंची हो तो वे खेद व्यक्त करते हैं। इसके बाद अधिवक्ता शांत हो गये।

14-15 नवंबर को नजीबाबाद में होगी जिला स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप

बिजनौर। बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक मंगलवार सायं स्टब ग्राउंड नजीबाबाद में आयोजित की गई। बैठक में आगामी जिला एवं प्रदेश स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 14 एवं 15 नवंबर को नजीबाबाद में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद नजीबाबाद के चेयरमैन इंजीनियर मोअज्जम होंगे।

सेंट मैरीज स्कूल में 12वें इंटर स्कूल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह में प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन हुआ

आज समाचार सेवा२



बिजनौर। सेंट मैरीज स्कूल, बिजनौर में आयोजित 12वें इंटर स्कूल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह के अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय इस समारोह में बिजनौर डायसिस एवं उत्तराखंड के 31 विद्यालयों के 1083 प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। समारोह की ओवरऑल स्कोरबोर्ड मेंदूसरे दिन सेंट टेरेसा स्कूल, श्रीनगर ने 38 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ऑल सेंट्स स्कूल, न्यू टिहरी 31 अंकों के साथ द्वितीय तथा सेंट जोसेफ स्कूल, तिमारपुर 25 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिताओं के परिणामों में सामान्य वर्ग की वाद्य यंत्र संगीत प्रतियोगिता में ऑल सेंट्स स्कूल, न्यू टिहरी ने प्रथम, सेंट थॉमस स्कूल, पौड़ी ने द्वितीय तथा सेंट टेरेसा स्कूल, श्रीनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में सेंट टेरेसा स्कूल, श्रीनगर की निमिष्का कावरा ने प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर क्राइस्ट एकेडमी, गोपेश्वर की अर्पिता मंगोरी एवं होली फैमिली स्कूल, अमानुल्लापुर की इशा खान संयुक्त रूप से रहीं। तृतीय स्थान पर सेंट मैरीज स्कूल, बिजनौर की अजाल्फा नूर एवं सेंट मैरीज इंटर कॉलेज, मंडावली की इनाया बतूल पर्णिका एवं सेंट मैरीज स्कूल, बिजनौर की रिद्धिमा भारद्वाज संयुक्त रूप से रहीं। तृतीय स्थान मसीह

समारोह की ओवरऑल स्कोरबोर्ड में दूसरे दिन सेंट टेरेसा स्कूल श्रीनगर ने 38 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

रहीं। सीनियर वर्ग की हिंदी भाषण प्रतियोगिता में सेंट मैरीज स्कूल, बिजनौर की अजाल्फा नूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, कोटद्वार की कल्याणी जोशी तथा तृतीय स्थान ऑल सेंट्स स्कूल, न्यू टिहरी की वैष्णवी नौटियाल ने प्राप्त किया। सीनियर वर्ग की हिंदी एकल गायन प्रतियोगिता में सेंट टेरेसा स्कूल, श्रीनगर की धैर्या बौंठियाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर ऑल सेंट्स स्कूल, न्यू टिहरी की दिलासा स्कूल, उत्तरकाशी की अनुराधा ने प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की हिंदी एकल गायन प्रतियोगिता में सेंट मैरीज स्कूल, बिजनौर की पावी भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सेंट टेरेसा स्कूल, श्रीनगर की प्रिशा खंडूरी तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से सेंट जोसेफ स्कूल, पुरोला के अक्षांश असवाल एवं सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, कोटद्वार की रूथ प्रिंस ने प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की समूह नृत्य प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, कोटद्वार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऑल सेंट्स स्कूल, न्यू टिहरी ने द्वितीय तथा क्राइस्ट एकेडमी, गोपेश्वर, सेंट जोसेफ स्कूल, तिमारपुर एवं सेंट टेरेसा स्कूल, श्रीनगर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग की समूह नृत्य प्रतियोगिता में ऑल सेंट्स स्कूल, न्यू टिहरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, कोटद्वार एवं सेंट टेरेसा स्कूल, श्रीनगर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि सेंट जोसेफ स्कूल, तिमरपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, चित्रकला, भाषण एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय प्रबंधन एवं आयोजन समिति ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सारे जहां से अच्छा-हिन्दुस्तान हमारा
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
सारे जहां से अच्छा-हिन्दुस्तान हमारा
समाजवादी पार्टी
समाजवादी पार्टी

आप सभी क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली
गोवर्धन, भैयादूज
की तहेदिल से मुबारकबाद

श्रीमती खदीजा वारसी
उप विजेता
नगर पालिका परिषद्, चन्दौसी

मरहूम जनाब
जमील अहमद वारसी

शानू वारसी एडवोकेट
समाजसेवी
Mob. 9870662704

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मौलागढ़, ब्लॉक बनियाखेड़ा, चन्दौसी की ओर से
धनतेरस, दीपावली व भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
- ग्राम पंचायत कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालें।
- अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
- प्रदूषण वाले पटाखें न छोड़े।
- टंकी खुली न छोड़े। जल है तो कल है।
- मच्छरों की लारवा को न पनपने दें।

विजय सिंह उर्फ भूरे
ग्राम प्रधान मौलागढ़
Mob. 8218153886

आप सभी ३१ विधानसभा क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली,
गोवर्धन, भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
दृगपाल सिंह
पूर्व प्रधानाचार्य, नानक चन्द आदर्श कॉलेज, चन्दौसी
भाजपा कार्यकर्ता Mob. 9897221245

आप सभी नगरवासियों को
धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन व भैयादूज
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अखिलेश कुमार 'खिलाड़ी'
चेयरमैन प्रतिनिधि/समाजसेवी
लता वार्ष्णेय
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, चन्दौसी

आप सभी क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली,
गोवर्धन, भैयादूज
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आरिफ तुर्की
जिलाध्यक्ष, सम्भल
डी.के. सिंह
सेवानिवृत्त बैंक मुख्य प्रबन्धक
समाजसेवी, मो. 9756200041